इंटरनेट पर देखें
www.dainikdawa.com

संस्कारधानी से प्रकाशित मध्यभारत व छत्तीसगढ़ अंचल का सर्वप्रसारित लोकप्रिय हिंदी समाचार पत्र

भारत सरकार व छत्तीसगढ़ शासन से विज्ञापन के लिए अधिकृत

दैनिक प्रातः संस्करण

"यो आत्मानं वेति, सर्वं स वेति"।।

# दावा

आर.एन.आई.नं. 58841/93
डाक पंजीयन छ.ग./दुर्ग/14/2024-26

सम्पादक - दीपक कुमार बुद्धदेव

चतुर्थ नवरात्र देवी मां कूष्मांडा



वर्ष- 43 | अंक -146 | राजनांदगांव, शुक्रवार 12 अप्रैल 2024 | पृष्ठ - 8 | मूल्य - 4.00 रुपए

# मोदी और भाजपा ने इलेक्टोरल बॉन्ड के जरिए देश में सबसे बड़ा भ्रष्टाचार किया-राहुल गांधी

जोधपुर। कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) पर देश में इलेक्टोरल बॉन्ड के जरिए सबसे बड़ा भ्रष्टाचार करने का आरोप लगाते हुए कहा है कि इलेक्टोरल बॉन्ड योजना के नाम पर एक अंतरराष्ट्रीय वसूली रैकेट चलाया जा रहा था। राहुल गांधी लोकसभा चुनाव के प्रचार के दौरान गुरुवार को जोधपुर के फलौदी में पार्टी उम्मीदवार करण सिंह उचियारड़ा के समर्थन में आयोजित जनसभा को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि इस योजना के जरिए मोदी और भाजपा ने देश में सबसे बड़े भ्रष्टाचार को अंजाम दिया है।



उन्होंने कहा कि श्री मोदी ने यह योजना बनाई थी कि इसमें पैसा देने वाले का नाम नहीं बताया जाएगा। उच्चत्तम न्यायालय ने इस योजना को गैरकानूनी करार दिया है। न्यायालय के फैसले के बाद सामने आया कि योजना में दो तरीके से वसूली की जा रही थी। उद्योगपति को सरकारी कॉन्ट्रैक्ट मिलता है, फिर वो करोड़ों रुपये का चंदा कमीशन के तौर पर भाजपा को दे देता है। उद्योगपतियों पर ईडी-सीबीआई का केस लगाया जाता है। फिर इन उद्योगपतियों से जैसे ही भाजपा को चंदा मिलता है, वो केस गायब हो जाता है। उन्होंने आरोप लगाते हुए कहा कि श्री मोदी ने भ्रष्टाचार का एकाधिकार स्थापित कर दिया है।

उन्होंने कहा कि आज बेरोजगारी चरम पर है और देश में ऐसे हालात हैं कि आईआईटी ग्रेजुएट भी बेरोजगार हैं। ऐसा देश में पहली बार हुआ है। उन्होंने कहा कि अडानी के शेयर की कीमत साल 2014 के बाद से लगातार बढ़ती जा रही है। क्योंकि देश को मालूम है कि हमारे प्रधानमंत्री और अडानी का रिश्ता बहुत अच्छा है। श्री मोदी ने चुनिंदा लोगों को देश का सारा धन दे दिया है। हर जगह अडानी का नाम ही दिखाई देता है। इस दौरान उन्होंने लोकसभा चुनाव के लिए कांग्रेस के घोषणा पत्र में दी गई गारंटियों को भी गिनाया। इस दौरान पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत, राजस्थान कांग्रेस प्रभारी सुखजिंदर सिंह रंधावा, प्रदेश अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा, कांग्रेस नेता हरीश चौधरी एवं जोधपुर से पार्टी उम्मीदवार उचियारड़ा समेत अन्य वरिष्ठ नेता मौजूद थे।

### किसानों का नहीं, अरबपतियों का करोड़ों का कर्ज हुआ माफ

राहुल गांधी ने कहा कि मोदी सरकार रोजगार ठेकेदारी प्रथा से देती है। कांग्रेस पब्लिक सेक्टर और सरकारी नौकरियों में ठेका प्रथा खत्म करेगी। पब्लिक सेक्टर यूनिट और सरकार में लोगों को स्थाई नौकरियां दी जाएंगी। उन्होंने कहा कि पिछले दस साल में प्रधानमंत्री ने अलग-अलग वादे किए लेकिन 15 लाख रुपये बैंक खातों में डालने के बजाए निकाल लिए गए। नोटबंदी एवं गलत जीएसटी लागू की गई। श्री मोदी ने किसानों, मजदूरों, छात्रों का कर्ज माफ नहीं किया लेकिन अरबपतियों का लाखों-करोड़ों का कर्ज माफ कर दिया।

# भ्रष्टाचारियों को जेल जाना ही है मोदी की गारंटी, करौली में इंडी गठबंधन पर जमकर बरसे प्रधानमंत्री

करौली। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गुरुवार को राजस्थान के करौली में एक सार्वजनिक रैली को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने विपक्षी पार्टियों के इंडी गठबंधन पर जमकर हमला बोला। उन्होंने कहा कि पूरे देश में भ्रष्टाचार के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जा रही है। INDI गठबंधन के लोग मोदी के खिलाफ एकजुट हो रहे हैं।



उन्होंने विपक्ष पर हमला बोलते हुए कहा कि एक तरफ मोदी भ्रष्टाचार हटाओ का आह्वान करता है और दूसरी ओर ये ही लोग हैं जो भ्रष्टाचारियों को बचाना चाहते हैं। उन्होंने कहा कि मोदी को कितनी भी धमकियां दी जाएं, लेकिन भ्रष्टाचारियों को जेल जाना ही है ये मोदी की गारंटी है।

### भाजपा ने समस्याओं के निकाले समाधान: पीएम मोदी

पीएम मोदी ने कहा कि पिछले 10 सालों में भाजपा ने उन समस्याओं के समाधान निकाले, जिन समस्याओं के आगे कांग्रेस ने हाथ खड़े कर दिए थे। कांग्रेस दशकों तक गरीबी हटाओ का नारा देती रही, लेकिन मोदी ने 25 करोड़ गरीबों को गरीबी से बाहर निकालने का काम किया। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने किसानों को उनके हाल पर छोड़ दिया था, लेकिन भाजपा लगातार किसानों को समृद्ध बनाने के लिए काम कर रही। आज देश के 10 करोड़ किसानों को पीएम-किसान सम्मान निधि मिल रही है।

### पीएम मोदी ने दिखाया है सिर्फ ट्रेलर: नड्डा

वहीं, भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने भी पोर्ट ब्लेयर में एक सार्वजनिक रैली को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि पीएम मोदी ने 4 करोड़ पक्के घर बनाए हैं, जिसमें उन्होंने अंडमान में 4,000 घर भी बनाए हैं। नड्डा ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने अपने 10 साल के कार्यकाल में सिर्फ एक ट्रेलर दिखाया है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री ने महिलाओं के लिए सम्मान के साथ जीवन सुनिश्चित करने के लिए 12 करोड़ शौचालय बनाए हैं और आपके क्षेत्र में 22,000 शौचालय बनाए गए हैं। (शेष पृष्ठ 6 पर...)

# 'मोदी मर जाए' बयान पर कवासी लखमा के खिलाफ शिकायत



बीजापुर में दिए थे आपत्तिजनक भाषण

कोंडागांव। चुनावी सरगर्मी के बीच जहॉ राजनीतिक पार्टीयों में दल-बदलने की प्रक्रिया भी चल रही है। तो वही कौन चुनावी सभाओं के दौरान कौन अपनी ओर आकर्षित करने क्या बोल दे कुछ न हीं कहा जा सकता। ऐसा ही एक मामला कांग्रेस के लोकसभा प्रत्याशी कवासी लखमा का विडियो वायरल हो रहा है, जिसमें वे गोड़ी में पीएम मोदी के मरने की बात कहने को लेकर भाजपा की जिला ईकाई ने बुधवार को कोतवाली पहुंच आवेदन देकर एफआईआर दर्ज करने की मांग की है।

जिलाध्यक्ष दीपेश अरोरा ने कहा कि, कांग्रेस और कांग्रेसी भाजपा की लोकप्रियता को देखकर घबराए हुए है। जिसके चलते वे अपने जुबान पर काबू नहीं कर पा रहे, कोई अपने प्रधानमंत्री के सिर पर लाठी मारने की बात तो काई उनके मरने की बात भरी सभा के दौरान कह रहे है। इस मामले को लेकर हमने आवेदन देते हुए मामला दर्ज करने की मांग कोतवाली प्रभारी से की है।

# जेल का जवाब वोट से, केजरीवाल की गिरफ्तारी को मुद्दा बनाकर लोकसभा चुनाव लड़ेगी आप, लॉन्च किया कैंपेन

नई दिल्ली। आम आदमी पार्टी ने लोकसभा चुनाव 2024 के लिए अपना कैंपेन लॉन्च कर दिया. पार्टी ने इस कैंपेन में अरविंद केजरीवाल को ही मुद्दा बनाया है. केजरीवाल की गिरफ्तारी के विरोध में पहले ही सड़कों पर उतरी आम आदमी पार्टी ने लोकसभा चुनाव का अपना पूरा कैंपेन अरविंद केजरीवाल पर ही केंद्रित रखा है. इस कैंपेन का नारा है- जेल का जवाब वोट से. दिल्ली सरकार के मंत्री गोपाल राय, आम आदमी पार्टी राज्यसभा सांसद संजय सिंह और संदीप पाठक ने सोमवार को कैंपेन लॉन्च किया है, जिसमें नारे के साथ अरविंद केजरीवाल की तस्वीर भी लगाई गई है और उन्हें सलाखों के पीछे दिखाया गया है. मंगलवार से आम आदमी पार्टी के सभी नेता और कार्यकर्ता दिल्ली की चारों लोकसभा सीटों का दौरा करेंगे और इसी कैंपेन स्लोगन और तस्वीर के साथ वोट मांगेंगे.



### जेल का जवाब वोट से दिया जाएगा

केजरीवाल की गिरफ्तारी के बाद से ही आम आदमी पार्टी लगातार केंद्र सरकार के खिलाफ आक्रामक है और अब उनकी अनुपस्थिति में पार्टी ने लोकसभा चुनाव में केजरीवाल को ही अपना सबसे बड़ा मुद्दा बना दिया है. आम आदमी पार्टी सांसद संदीप पाठक ने कैंपेन लॉन्च करते हुए कहा, आज केजरीवाल जेल में हैं. उन्होंने अपनी जिम्मेदारी ईमानदारी से निभाई है. अब यह जिम्मेदारी हमारे ऊपर है और दिल्ली की 2 करोड़ जनता के ऊपर है, हर परिवार के ऊपर है. दुनिया देख रही है कि केजरीवाल ने दिल्ली के हर परिवार के लिए इतना कुछ किया और अपना सब कुछ दांव पर लगा दिया. अपने दुख और दर्द को अपनी छाती में रखें और जिस दिन चुनाव होगा उस दिन जेल का जवाब वोट से दिया जाएगा.

### इस बार का चुनाव आंदोलन बनेगा

पार्टी के दिल्ली संयोजक और कैबिनेट मंत्री गोपाल राय ने इस मौके पर कहा, दिल्ली का चुनावी अभियान केजरीवाल से मोहब्बत करने वालों पर जिम्मेदारी है. केजरीवाल ने दिल्ली के मान-सम्मान को झुकन नहीं दिया. आज तानाशाह सरकार ने केजरीवाल को उठाकर तिहाड़ जेल भेजा है. अब हम दिल्ली वालों की जिम्मेदारी है कि उनके मान-सम्मान और उनके काम को पीछे नहीं हटने देंगे. दिल्ली का चुनाव इस बार चुनाव नहीं बल्कि आंदोलन बनेगा.

### क्या आप के नारे के साथ आएगी कांग्रेस?

गोपाल राय ने कहा कि जिन लोगों ने अरविंद केजरीवाल को मुख्यमंत्री बनाया उनके साथ मिलकर 25 मई को इस आंदोलन की पूर्णाहुति होगी और 25 मई को (शेष पृष्ठ 6 पर...)

# पूर्व सीएम भूपेश के करीबियों के यहां एसीबी का छापा.. शराब कारोबारी पप्पू बंसल, विजय भाटिया के घर पहुंची टीम



छापे के पहले हुआ गायब, एसीबी ने किया घर को सील



रायपुर (दावा)। छत्तीसगढ़ में एसीबी की टीम एक्शन में है। शराब घोटाले में आज एसीबी-इओडब्ल्यू ने 21 जगहों पर छापेमारी की। रायपुर में 9, दुर्ग-भिलाई में 07, राजनांदगांव में 1, बिलासपुर में 4, इस प्रकार कुल 21 विभिन्न स्थानों पर छापे की कार्यवाही कर तलाशी ली गई। इस दौरान 19 लाख कैश के अलावे करोड़ों के जेवहरात, जमीन और लॉकरों का पता चला है।

हालांकि एसीबी की छापे की लीक होने की भी जानकारी आयी, क्योंकि छापे के पहले ही एक आरोपी फरार हो गया। जिसके बाद शराब घोटाले में आरोपी पप्पू बंसल का घर एसीबी/ईओडब्ल्यू ने सील कर दिया। छापेमारी के पहले ही पप्पू बंसल गायब हो गया था। सर्चिंग के लिए जब एसीबी की टीम पहुंची, तो पप्पू बंसल के घर पर ताला लटका मिला। गुरुवार को एसीबी की टीम ने एक साथ 21 जगहों पर छापेमारी की। दुर्ग जिले में एक बार फिर एसीबी की टीम ने दबिश दी। टीम ने गुरुवार अल सुबह प्रदेश के कई ठिकानों पर छापे मारे हैं। दुर्ग में शराब कारोबारी नेहरूनगर ईस्ट निवासी विजय भाटिया और पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के करीबी पप्पू बंसल के न्यू खुर्सीपार घर में पहुंची। पप्पू बंसल के घर के बाहर ईओडब्ल्यू को ताला लटका हुआ मिला।

आस पास में पूछताछ में पता चला कि बीते रात तक पप्पू बंसल घर में ही था गैर मौजूदगी में घर के बाहर नोटिस चस्पा किया गया।ईओडब्ल्यू ने नोटिस में कहा कि तलाशी वारंट 10 अप्रैल को जारी किया गया था, लेकिन आज 11 अप्रैल को सर्च टीम पहुंची तो मकान बंद मिला। बिना ईओडब्ल्यू को सूचना दिए सील न खोलें। इसके अलावा टीम नेहरू नगर पूर्व स्थित शराब कारोबारी विजय भाटिया से पूछताछ कर रही है।

# अरविंद केजरीवाल की याचिका पर सुप्रीम कोर्ट 15 अप्रैल को करेगा सुनवाई, हाई कोर्ट के फैसले को चुनौती

नई दिल्ली। दिल्ली शराब घोटाले से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग मामले में फंसे दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की याचिका पर सुनवाई के लिए सुप्रीम कोर्ट ने तारीख तय कर दी है। केजरीवाल की अर्जी पर सुप्रीम कोर्ट 15 अप्रैल को सुनवाई करेगा।



अरविंद केजरीवाल ने गिरफ्तारी के खिलाफ दिल्ली हाई कोर्ट के फैसले को सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी है। अरविंद केजरीवाल ने प्रवर्तन निदेशालय (श्वष्ठ) की गिरफ्तारी को गैर-कानूनी बताते हुए हाई कोर्ट में चुनौती दी थी। हाई कोर्ट की ओर से याचिका खारिज करने बाद केजरीवाल ने सुप्रीम कोर्ट में याचिका दाखिल की।

### तत्काल नहीं हुई सुनवाई

सुप्रीम कोर्ट ने बुधवार को केजरीवाल की याचिका पर तत्काल सुनवाई से इनकार करते हुए इंतजार करने को कहा था। उन्हें अगले हफ्ते तक इंतजार करने को कहा गया। बता दें कि मंगलवार को दिल्ली हाई कोर्ट ने केजरीवाल की गिरफ्तारी और कस्टडी को वैध ठहराया और उनकी दलीलों को ठुकराते हुए याचिका खारिज कर दी थी।

### हाई कोर्ट ने क्या कहा था?

दिल्ली हाई कोर्ट ने केजरीवाल की ना सिर्फ याचिका खारिज की, बल्कि यह भी स्पष्ट किया कि जांच एजेंसी प्रवर्तन निदेशालय ने जो सबूत दिए हैं, वो पुख्ता हैं। कोर्ट ने कहा (शेष पृष्ठ 6 पर...)

# देश में भीषण गर्मी और हीटवेव को लेकर केंद्र सरकार सतर्क, पीएम मोदी ने स्थिति से निपटने के लिए समीक्षा बैठक की

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने हीट वेव से को लेकर स्थिति से निपटने के लिए तैयारियों की समीक्षा बैठक की। गर्मी अब धीरे-धीरे अपने चरम पर पहुंच रही है। वहीं, बैठक के दौरान अधिकारियों द्वारा प्रधान मंत्री को आगामी गर्म मौसम के मौसम (अप्रैल से जून) के पूर्वानुमान सहित अप्रैल से जून 2024 की अवधि के लिए तापमान दृष्टिकोण के बारे में जानकारी दी गई।



### देश के अधिकांश हिस्सों में बढ़ेगी गर्मी

देश के अधिकांश हिस्सों में अधिकतम तापमान सामान्य से ऊपर रहने की संभावना है, विशेष रूप से मध्य भारत में इसकी उच्च संभावना है। पीएमओ ने कहा कि बैठक में आवश्यक दवाओं, तरल पदार्थ, आइस पैक, ओआरएस और पीने के पानी के संदर्भ में स्वास्थ्य क्षेत्र में तैयारियों की समीक्षा की गई।

### पीएम के अलावा ये लोग भी बैठक में रहे मौजूद

प्रधानमंत्री ने कहा कि केंद्र, राज्य और जिला स्तर पर सरकार के सभी अंगों और विभिन्न मंत्रालयों को इस पर तालमेल के साथ काम करने की जरूरत है। प्रधानमंत्री ने अस्पतालों में पर्याप्त तैयारी के साथ-साथ जागरूकता सृजन पर भी जोर दिया। उन्होंने जंगल की आग का त्वरित पता लगाने और उसे बुझाने की आवश्यकता पर भी प्रकाश डाला। बैठक में प्रधानमंत्री के प्रधान सचिव, गृह सचिव, भारतीय मौसम विज्ञान विभाग और राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के अधिकारियों ने भाग लिया।

# खैरागढ़ में बोले सीएम साय - डबल इंजन की सरकार होगी तो विकास होगा सांय सांय

खैरागढ़ (दावा)। लोकसभा चुनाव में प्रचार की कमान संभालने के बाद खैरागढ़ पहुंचे मुख्यमंत्री विष्णु देव साय भाजपा प्रत्याशी संतोष पांडे के पक्ष मे धूंआधार प्रचार करते हुए कहा कि डबल इंजन की सरकार होगी तो विकास भी सांय- सांय होगा। बता दें कि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय पार्टी के प्रचार के लिए सभी विधानसभा क्षेत्रों में पहुंच रहें हैं बुधवार को वे डोंगरगढ़ विधानसभा क्षेत्र के ग्राम मुढ़ीपार पहुंचे। जहां उन्होंने राजनांदगांव लोकसभा क्षेत्र के भाजपा प्रत्याशी संतोष पांडेय के पक्ष में प्रचार करते हुए लोगों से कमल छाप में मतदान करने की अपील की। मुख्यमंत्री के आगमन पर डोंगरगढ़ विधानसभा व पांडादाह मंडल के नेताओं व कार्यकर्ताओं ने मुख्यमंत्री साय का जोरदार स्वागत किया। जिसके पश्चात डोंगरगढ़ के पार्षद सहित विधानसभा क्षेत्र से सैकड़ों कार्यकर्ताओं ने मुख्यमंत्री के समक्ष भाजपा का दामन थामा। मुख्यमंत्री ने सभा को संबोधित करते हुए कहा कि हमने विधानसभा चुनाव के पहले जो वादे किये उन्हें पूरा किया। महिलाओं के खाते में 1 हजार रुपये डालने का काम किया, किसानों को अंतर की राशि दी। तेंदूपत्ता संग्राहकों से किया वादा भी पूरा करने के लिए हमने आदेश जारी कर दिया है। उन्होंने कहा कि देश में नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में फिर एक बार सरकार बनाने की जरुरत है केन्द्र व राज्य में भाजपा की सरकार होगी तो विकास तेज गति से होगा। इसलिए 26 अप्रैल को संतोष पांडेय को वोट दें।



भाजपा प्रत्याशी संतोष पांडे के पक्ष में किया धुंआधार प्रचार

मुढ़ीपार के कार्यक्रम में लोकसभा प्रत्याशी संतोष पांडेय ने सभा को संबोधित करते हुए अपने कार्यकाल की उपलब्धियों को गिनाते हुए कहा कि मैंने राजनांदगांव लोकसभा क्षेत्र के लिए डोंगरगढ़ से कटघोरा तक रेललाइन के लिए काम किया,बालाघाट से खैरागढ़ होकर रायपुर तक बनने वाले नेशनल हाइवे के लिए काम किया। उन्होंने कहा कि केन्द्र में फिर से एक बार नरेंद्र मोदी को प्रधानमंत्री बनाने के लिए राजनांदगांव लोकसभा से मुझे आशीर्वाद दें।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मंत्री टंकराम वर्मा ने कहा कि हमारी सरकार जो कहती है वो करती है

# कांग्रेस को लगने जा रहा एक और बड़ा झटका, भाजपा में शामिल होंगे मानवेंद्र सिंह!

बाड़मेर। राजस्थान की राजनीति से बड़ी खबर है। शुक्रवार को कांग्रेस नेता और पूर्व सांसद मानवेंद्र सिंह जसोल भाजपा में शामिल हो सकते हैं। बाड़मेर में होने वाली पीएम मोदी की जनसभा में मानवेंद्र सिंह की भाजपा में घर वापसी तय मानी जा रही है। हालांकि भाजपा में शामिल होने पर मानवेंद्र सिंह की ओर से अभी तक कोई प्रतिक्रिया सामने नहीं आई है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी बाड़मेर लोकसभा सीट के लिए विजय शंखनाद सभा को संबोधित करने के लिए शुक्रवार को बाड़मेर आएंगे। सभा 11 बजे से प्रारंभ होगी।



### 2018 में छोड़ दी थी भाजपा

पिछले महीने केन्द्रीय मंत्री गजेन्द्र सिंह शेखावत ने मानवेंद्र सिंह से मुलाकात की थी। जिसे उनके भाजपा में शामिल होने से जोड़ा जा रहा था। पूर्व केंद्रीय मंत्री जसवंत सिंह के पुत्र मानवेंद्र सिंह जसोल भाजपा के टिकट पर सांसद और विधायक बने, लेकिन उन्होंने विधायक रहते हुए वर्ष 2018 में भाजपा छोड़ दी थी। उसके बाद कांग्रेस के टिकट पर उन्होंने झालरापाटन से वसुंधरा राजे के खिलाफ चुनाव लड़ा था, लेकिन बड़े वोटों के अंतर से उनकी हार हुई। 2019 में बाडमेर-जैसलमेर लोकसभा सीट से कांग्रेस के टिकट पर चुनाव लड़े, लेकिन जीत नहीं पाए। 2023 के विधानसभा चुनाव में सिवाना विधानसभा क्षेत्र से कांग्रेस के टिकट पर चुनाव लड़े, लेकिन जीत नसीब नहीं हुई।

### इस बयान से मिल गया था संकेत

अब जीव सोरो हुयो...। मानवेन्द्र विधानसभा चुनाव हारे और कांग्रेस भी प्रदेश की सत्ता से बाहर हो गई। इसके बावजूद उनके इस बयान ने संकेत दे दिया था कि वे वसुंधरा राजे को मुख्यमंत्री नहीं बनाए जाने से खुश हैं। उन्होंने इसे स्वाभिमान की जीत भी बताया था। इसके बाद से ही मानवेन्द्र की भाजपा में वापसी की चर्चाएं तेज थी। मानवेन्द्र जब बाड़मेर में पिता जसवंत सिंह की जयंती पर आयोजित रक्तदान शिविर में पहुंचे थे तो उन्होंने कहा था कि पूरे प्रदेश में यह संदेश गया है कि इस बार स्वाभिमान की जीत हुई है। भाजपा में वापसी के सवाल पर मानवेन्द्र ने कहा था कि जैसा समर्थक कहेंगे वैसा होगा।

# बारिश का नहीं कटा कल्ला, आंधी तूफान की चेतावनी

## बारिश-पानी के माहौल बनने से वातावरण में आई ठंडकता

राजनांदगांव (दावा)। जिले में पिछले दो दिनों से हल्की-फुल्की बारिश के साथ प्रदेश के कई स्थानों में तेज बारिश होने से वातावरण में ठंडकता आ गई है। मंगलवार की सुबह तेज बारिश के साथ कई जगह ओले भी गिरे है। वही बुधवार रात को गरज-चमक के साथ हल्की बूंदाबांदी भी हुई है।



गुरूवार की सुबह से दोपहर 12-1 बजे तक हल्की बूंदाबांदी के आसार बने रहे। बता दे कि मौसम विभाग ने आंरेज अलर्ट जारी किया था। मौसम विभाग द्वारा कहा जा रहा है कि अगले एक-दो दिन भी बारिश की स्थित बनी रहेगी। इसकी वजह गर्मी के सीजन यानि मार्च अप्रैल में पश्चिम से पूर्व की ओर एक पश्चिमी विक्षोभ का बनना है जो कि उत्तर भारत से होकर गुजरता है। उक्त हिसाब से देखा जाए तो अभी बारिश का कल्ला नहीं कटा है मौसम विभाग बारिश व अभी तूफान की चेतावनी दे रहा है।

### वातावरण में आई ठंडकता

बता दे कि मौसम में आए अचानक परिवर्तन से तापमान में भारी गिरावट दर्ज हुई है। हालांकि आसमान में बादलों की उपस्थित और हवाओं के चलाने से लोगों को तेज धूप व गर्मी से राहत मिली है। इससे राजनांदगांव की तापमान में 7 डिग्री की गिरावट दर्ज की गई है। अधिकतम तापमान 35 डिग्री सेल्सियस आसपास दर्ज किया गया है। हालांकि बारिश पानी के मौसम बनने से गर्मी से जूझ रहे लोगों को थोड़ी राहत तो मिली है लेकिन इस बदलाव का लोगों के शरीर पर विपरित प्रभाव भी पड़ने लगा है और लोग हाथ-पैर दर्द, जकड़न, पतली दस्त सहित वायरल फीवर के शिकार हो रहे है। इससे उन्हें डाक्टरों के पास जाना पड़ रहा है।

इधर बेमोसम बरसात से गर्मी से जूझ रहे लोगों को थोड़ी राहत तो मिली है लेकिन इस बदलाव का लोगों के शरीर पर विपरित प्रभाव भी पड़ने लगा है और लोग हाथ-पैर दर्द जकड़न, पतली दस्त सहित वायरल फीवर के शिकार हो रहे है। इससे उन्हें डाक्टरों के पास जाना पड़ रहा है। इधर बेमौसम बरसात से गर्मी फसल सहित साग-सब्जी की फसले भी प्रभावित हो रही है। जिसके आने वाले दिनों में इसके दाम बढ़ने की संभावना बढ़ गई है।

# महात्मा ज्योतिबा फुले की जयंती मनाई गई



राजनांदगांव (दावा)। आज भाजपा कार्यालय में भाजपा पिछड़ा वर्ग प्रकोष्ठ के द्वारा महात्मा ज्योतिबा फुले की जन्म जन्म जयंती संगोष्ठी सभा के रूप में मनाई गई सभा को संबोधित करते हुए भाजपा मंडल प्रभारी रवि सिन्हा ने कहा की महात्मा ज्योतिराव गोविंदराव फुले एक भारतीय समाज सुधारक, समाज प्रबोधक, विचारक, समाजसेवी, लेखक, दार्शनिक तथा क्रान्तिकारी कार्यकर्ता थे। इन्हें महात्मा फुले एवं 'ज्योतिबा फुले के नाम से भी जाना जाता है।

सितम्बर 1873 में इन्होने महाराष्ट्र में सत्य शोधक समाज नामक संस्था का गठन किया। महिलाओं व पिछड़े और अछूतों के उत्थान के लिये इन्होंने अनेक कार्य किए। समाज के सभी वर्गो को शिक्षा प्रदान करने के ये प्रबल समर्थक थे। वे भारतीय समाज में प्रचलित जाति पर आधारित विभाजन और भेदभाव के विरुद्ध थे। इनका मूल उद्देश्य स्त्रियों को शिक्षा का अधिकार प्रदान करना, बाल विवाह का विरोध, विधवा विवाह का समर्थन करना रहा है। फुले समाज की कुप्रथा, अंधश्रद्धा की जाल से समाज को मुक्त करना चाहते थे। अपना सम्पूर्ण जीवन उन्होंने स्त्रियों को शिक्षा प्रदान कराने में, स्त्रियों को उनके अधिकारों के प्रति जागरूक करने में व्यतीत किया, 19वी सदी में स्त्रियों को शिक्षा नहीं दी जाती थी। फुले महिलाओं को स्त्री-पुरुष भेदभाव से बचाना चाहते थे। उन्होंने कन्याओं के लिए भारत देश की पहली पाठशाला पुणे में बनाई थीं। स्त्रियों की तत्कालीन दयनीय स्थिति से फुले बहुत व्याकुल और दुखी होते थे इसीलिए उन्होंने दृढ़ निश्चय किया कि वे समाज में क्रांतिकारी बदलाव लाकर ही रहेंगे। उन्होंने अपनी धर्मपत्नी सावित्रीबाई फुले को स्वयं शिक्षा प्रदान की। सावित्रीबाई फुले भारत की प्रथम महिला अध्यापिका थीं। उक्त गरिमामय कार्यक्रम में विशेष रूप से भाजपा के जिला अध्यक्ष रमेश पटेल भारतीय जनता किसान मोर्चा के प्रदेश उपाध्यक्ष कोमल सिंह राजपूत पिछड़ा वर्ग मोर्चा के जिला अध्यक्ष शिव वर्मा भाजपा के उपाध्यक्ष सावन वर्मा महिला मोर्चा की पारुल जैन श्रीमती मधु बैद मंडल अध्यक्ष भाजपा तरुण लहरवानी श्याम सुखदेवे रघुवीर वाधवा सतीश धिवर भीष्म देवांगन नादान सेन सहित सभी भाजपा के कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# पंडित सुनील बाजपेयी जिला अल्पबचत अभिकर्ता संगठन के अध्यक्ष मनोनित



राजनांदगांव (दावा)। अल्पबचत अभिकर्ता साथियों की बैठक में जिला पदाधिकारियों का मनोनयन किया गया जिला मुख्यालय राजनांदगांव के अल्प बचत अभिकर्ता साथियों की बैठक रॉयल किड्स कान्वेंट स्कूल राजनांदगांव में संपन्न हुई।

इस बैठक में छत्तीसगढ राज्य के संयोजक सर्वश्री सरोज मेश्राम, अभिकर्ता कल्याण संगठन दुर्ग के अध्यक्ष विजय शंकर गुप्ता, सचिव सुनील अग्रवाल तथा जिला मुख्यालय राजनांदगांव के महिला प्रधान अभिकर्ता व एस.ए.एस. अभिकर्ता साथीगण उपस्थित हुये। राजनांदगॉव जिला के अल्पबचत अभिकर्ता साथियों में मुख्य रूप से सुयश बाजपेयी, किरण पवार, मालती चौहान, नरेश यादव, आशा सोनी, इन्द्रा बाफना, नंदा उमाकांत शर्मा, धनीराम मटाले, आशीष सूरे, चंद्रकांत रायचा, रामकुमार देवांगन, आशीष बजाज, सत्यभामा सोनी, कृष्णा देवांगन, अंजना देवांगन, मंजू महेश देवांगन, सीमा हरिहारनो, सुरेन्द्र शुक्ला, वरूण शुक्ला, अशोक गुप्ता, जमुनादेवी साहू, प्रतिमा राजपूत, विजय लांजेवार, रत्ना हुंका, अम्बिका भार्गव, सुनील अग्रवाल, विजय शंकर गुप्ता, सरोज मेश्राम, मनोहर भार्गव उपस्थित रहे।

बैठक को संबोधित करते हुए राज्य संयोजक मेश्राम जी ने अभिकर्ताओं के राष्ट्रीय संगठन (एन.एस.एस.ए.ए.-।) के द्वारा अब तक अभिकर्ताओ के हितार्थ किए गए कार्यो से अवगत कराते हुए संगठन से जुड़ने की आवश्यकता क्यों है, पर सारगर्भित एवं तथ्यात्मक प्रस्तुतीकरण दिया। बैठक को दुर्ग से पधारे वरिष्ठ पदाधिकारी द्वय ने संबोधित करते हुये दिनांक 16 व 17 जून को दुर्ग में आयोजित राष्ट्रीय संगठन के वार्षिक सम्मेलन की विस्तृत जानकारी दी।

उन्होंने राजनांदगांव जिले के साथियों से सहयोग की अपील भी की, जिसपर राजनांदगांव के साथियों ने राष्ट्रीय सम्मेलन हेतु बढ़ चढ़कर सहयोग प्रदान करने का आश्वासन दिया।

इसी तारतम्य में राजनांदगांव के साथी विजय लांजेवार जी ने राष्ट्रीय सम्मेलन हेतु रू.5100 का सहयोग राशि प्रदान करने की घोषणा की। बैठक में उपस्थित जिले के सभी अभिकर्ता साथियों ने राष्ट्रीय संगठन (एन.एस.एस.ए.ए.-।) का सदस्य बनने का संकल्प लिया। इस बैठक में छत्तीसगढ राज्य संयोजक सरोज मेश्राम ने राजनांदगांव जिले में संगठन विस्तार की दृष्टिकोण से सबकी सहमति से निम्नानुसार पदाधिकारियों की घोषणा की जिसमें अध्यक्ष पद पर सर्वसम्मति से सुनील बाजपेई को, महासचिव पद पर आशीष बजाज को, कोषाध्यक्ष पद हेतु चन्द्रकान्त रायचा को तथा उपाध्यक्ष पद पर श्रीमती किरण पवार को मनोनीत किया गया, जिसका उपस्थित साथियों के द्वारा करतल ध्वनि से अनुमोदन किया गया। जिले की कार्यकारिणी का विस्तार अतिशीघ्र करने हेतु जिले के नव मनोनीत पदाधिकारियों को अधिकृत किया गया है। बैठक का संचालन पंडित सुनील बाजपेई के द्वारा तथा आभार प्रदर्शन अशोक गुप्ता के द्वारा किया गया।

# केंद्रीय विद्यालय राजनांदगांव में तरुणोत्सव कार्यक्रम प्रारंभ



राजनांदगांव (दावा)। केन्द्रीय विद्यालय राजनांदगांव में 9 अप्रैल को तरुणोत्सव कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ केंद्रीय विद्यालय के प्राचार्य मनोज कुमार ने मां सरस्वती के तैल चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलन कर किया। यह कार्यक्रम 30 अप्रैल तक प्रतिदिन चलेगा।

इस कार्यक्रम में विद्यालय के प्राचार्य मनोज कुमार, वरिष्ठतम शिक्षिका श्रीमती सुरीता सैनी, विद्यालय के विभिन्न विषयों के अध्यापकगण व राजनांदगांव शहर के विभिन्न महाविद्यालयों व संस्थानों के अलग-अलग क्षेत्रों के विषय विशेषज्ञ अपना व्याख्यान देंगे वे कक्षा 10 वीं बोर्ड की परीक्षा देने वाले विद्यार्थियों को सफलता के लिए उपयोगी विभिन्न जीवन कौशलों के सम्बन्ध में प्रशिक्षण देंगे। इस कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों को कक्षा ग्यारहवीं के लिए विषय चयन में सहायता करना और कैरियर के संबंध में उन्हें एक सुनिश्चित मार्गदर्शन प्रदान करना भी है। कार्यक्रम के प्रारंभ में कंप्यूटर शिक्षिका श्रीमती प्रतिभा भेले ने स्वागत भाषण दिया। विद्यालय के प्राचार्य मनोज कुमार ने विद्यार्थियों से जीवन में सफलता के लिए अपने सतत अध्ययन के क्रम को निरंतर बनाए रखने का आह्वान किया। उन्होंने विषय चयन में अत्यंत सावधानी बरतने और अपनी रुचि, प्रतिभा तथा क्षमता को ध्यान में रखते हुए कक्षा 11वीं में विषय चयन पर बल दिया। विद्यालय के वाणिज्य शिक्षक महेंद्र मिश्रा ने तरुण उत्सव की संकल्पना पर प्रकाश डाला। वरिष्ठतम शिक्षिका श्रीमती सुरीता सैनी ने आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम का संचालन हिंदी शिक्षक डॉ. योगेंद्र पांडेय ने किया। केन्द्रीय विद्यालय संगठन के निर्देशानुसार कक्षा 11वी में प्रवेश के लिए प्रतीक्षारत विद्यार्थियों के कैरियर मार्गदर्शन, विषय-चयन, भाषायी कौशल विकास, सुरूचि एवं दक्षता विकसित करने के लिए यह कार्यक्रम आयोजित हो रहा है। इसमें कक्षा ग्यारहवीं के लिए आधार पाठ्यक्रम की पढ़ाई भी शामिल है।

विद्यार्थीगण इस आयोजन में सम्मिलित होकर अपने कैरियर संबंधी प्रश्नों का समाधान प्राप्त कर रहे हैं। इस अवसर पर कक्षा शिक्षक शुभम धनगर, लालेश्वर साहू, सुश्री वसुधा तिवारी समेत कक्षा दसवीं बोर्ड की परीक्षा देने वाले विद्यार्थीगण उपस्थित थे।

# रामकृष्ण वार्डवासियों ने मोदी की गारंटी पर जताया भरोसा



राजनांदगांव (दावा)। कल रामकृष्ण वार्ड क्रमांक 45 में लोकसभा चुनाव के मद्देनजर बैठक आयोजित कि गई, जिसमें मुख्य रूप से पूर्व सांसद अभिषेक सिंह एवं वार्ड पार्षद गगन आईच उपस्थित रहे वार्ड वासियों से चुनाव एवं समस्याओं दोनों मुद्दे पर गहन चर्चा किया गया आगामी लोकसभा चुनाव हेतु 26 तारीख को मतदान होना है जिस हेतु श्री सिंह द्वारा लोकसभा प्रत्याशी संतोष पाण्डेय के पक्ष में मतदान करने एवं प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को तीसरी बार एतिहासिक रूप से 400 पार कर प्रधानमंत्री बनाने की वार्डवासियों से अपील किया केन्द्र सरकार द्वारा विगत 10 वर्षों में किए गए विकास कार्यों एवं जनकल्याण कारी योजनाओं जैसे प्रधानमंत्री आवास, प्रधानमंत्री स्वास्थ्य बीमा योजना, आयुष्मान भारत योजना, अमृत मिशन योजना अंतर्गत हर घर स्वच्छ जल कोरोना महामारी के समय से जारी मुफ्त राशन योजना, मुफ्त टीकाकरण साथ ही राज्य में भाजपा की सरकार बनने से पुनः डबल इंजन की सरकार द्वारा विगत 3 माह में ही मोदी की गारंटी में शामिल योजनाओं जिनमें मुख्यतः किसान परिवारो को 2 साल का बकाया बोनस, 3100 रूपए प्रति क्विंटल की दर से 21 क्विंटल धान खरीदी एवं एकमुश्त भुगतान, राज्य के 70 लाख माताओं बहनों को प्रतिमाह 1000 रूपये महतारी वंदन के तहत राशि का भुगतान किया जा रहा है और आगामी लोकसभा चुनाव के बाद बाकी योजनाओ का क्रियान्वयन किया जाना है इस सम्बन्ध में वार्डवासियों को भरोसा दिलाया साथ ही वार्डवासियों से उनके क्षेत्र की समस्याओं को सुना और चुनाव के पश्चात त्वरित निराकरण का आश्वासन दिया इस क्षेत्र के लोगों ने लगातार अपनी मांगों को लेकर नगर निगम में बहुत से आंदोलन किया जिसमें आवास योजना अंतर्गत में महादेव यादव का किस्त नहीं मिलने के कारण उनकी मृत्यु हो गई थी उसे विषय को भी पूरे जोर-शोर से नगर निगम में उठाया गया था वार्ड वीडियो के द्वारा ऐसे विभिन्न मांगों को लेकर पार्षद गगन आईच के द्वारा लगातार अपनी भूमिका नगर निगम निभाई गई पूर्व सांसद अभिषेक सिंह ने जनता को भरोसा दिलाया आने वाले सभी काम पूर्ण होंगे जो क्षेत्र की समस्या है, वह भी दूर होगी जनता की मांगों को ध्यानपूर्वक सुनकर निराकरण करने का भरोसा दिलाया।

कार्यक्रम में जिला भाजपा मंत्री रविंद्र सिंह अतुल राय दादा मंडल अध्यक्ष शिव वर्मा विवेक साहू हर्ष रामटेके, ऋषिदेव चौधरी, सुमित भाटिया, पूनम शर्मा, पुष्प लता गंधर्व, सरस्वती यादव लोकेश साहू समीर श्रीवास्तव जीतू यादव प्रांजल गुप्ता, संजय मिश्रा, सोनू कोचर, विक्रांत कश्यप, लक्ष्य जैन, एवं समस्त वार्डवासी कार्यकर्ता गण उपस्थित थे।

# नारियों के मातृत्व में चोंट और अपराध को संरक्षण देती है भाजपा -कुसुम दुबे



राजनांदगांव (दावा)। छ.ग. प्रदेश महिला कांग्रेस कमेटी की सचिव, खैरागढ़ विधानसभा प्रभारी श्रीमती कुसुम दुबे ने 10 वर्षीय केंद्र में मोदी के नेतृत्व वाली भाजपा सरकार को नारी शक्तियों के साथ अन्याय से ओत-प्रोत कार्यकाल निरूपित करते हुए कही कि गुजरात की भाजपा सरकार द्वारा बिलकिस बानो मामले में 21 अपराधियों को छोड़ने, हाथरस में बेटी के साथ हुए अन्याय अत्याचार, देश को शर्मसार करने वाली मणिपुर में नारियों पर हुए दुर्दांत अत्याचार, पहलवान बेटियों के साथ हुए यौन शोषण के दोषी को संरक्षण, हरियाणा में 500 बेटियों के साथ हुए यौन शोषण की घटना, उन्नाव, कठुआ में मानवता को झकझोरने वाली घटना मोदी सरकार की असफलता एवं नारी शक्ति पर अन्याय का जीता जागता उदाहरण है। आयुष्मान योजना से सिजेरियन डिलिवरी की सुविधा हटा कर मातृत्व पर चोट किया है।

साथ ही साथ छत्तीसगढ़ के भाजपा सरकार के मात्र चार महीने में ही जिस प्रकार से महिलाओं व बच्चियों पर अमानवीय अत्याचार बड़े हैं, यह डबल इंजन सरकार की नाकामी ही है।

एनसीआरबी ने तो भाजपा नेतृत्व से देश में हर एक घंटे में 51 महिलाओं के साथ हो रहे अन्याय पर एफआईआर के आंकड़े तक सार्वजनिक किए हैं, वहीं अनेकों स्थानों पर तो एफआईआर लिखे ही नहीं या दबाव के चलते महिलाओं की आवाज को दबा दी जा रही है। महिला आरक्षण कब लागू होगा, यह भी बताने में सरकार असक्षम है, जो मोदी सरकार की महिलाओं के सुरक्षा व योजना की पोल खोल दी है।

# मुख्यमंत्री विष्णु देव साय पहुंचे मां बम्लेश्वरी के दरबार, चंद्रगिरी तीर्थ पहुंचकर आचार्य विद्यासागर की समाधि पर माथा टेका



डोंगरगढ़ (दावा)। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने मां बमलेश्वरी के दरबार पहुंचकर देवी मां की पूजा अर्चना की। इस दौरान श्री साय के साथ भाजपा प्रत्याशी संतोष पांडे, मंदिर समिति के अध्यक्ष मनोज अग्रवाल एवं मां बमलेश्वरी ट्रस्ट समिति के ट्रस्टीगण सहित भाजपा के वरिष्ठ नेतागण व कार्यकर्ता बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। मीडिया से चर्चा करते हुवे मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा प्रदेश की खुशहाली की मंगल कामना करने मैं माता के दरबार में पहुंचा हूं। उन्होंने माता के दर्शन पश्चात जैन तीर्थ स्थल चंद्रगिरी पहुंच कर आचार्य श्री विद्या सागर महाराज की समाधि स्थल पर माथा टेका।

## पी.पी. सिंह का निधन

डोंगरगढ़ (दावा)। स्थानीय नेहरू महाविद्यालय के व्याख्याता रहे



पृथ्वीपाल सिंह (पी.पी. सिंह) का आकस्मिक निधन 10 अप्रैल को रात्रि 10 बजे हो गया है। पारिवारिक सूत्रों से प्राप्त जानकारी के अनुसार, स्व. सिंह का अंतिम संस्कार आज सुबह 11 बजे दुर्ग स्थित शिवनाथ नदी के तट पर किया जायेगा। वे दिग्विजय कालेज के पूर्व प्राचार्य डॉ. आर.एन. सिंह के पिताश्री थे।

## डॉ. के.के. मसीह का निधन



राजनांदगांव (दावा)। शहर के गौरीनगर वार्ड नंबर 13 के वरिष्ठ नागरिक, पशु चिकित्सक डॉ. के.के. मसीह का आज शाम 5.30 बजे आकस्मिक निधन हो गया। उनकी अंतिम यात्रा 12 अप्रैल को निज निवास से 2.30 बजे प्रार्थना सभा उपरांत निकाली जाएगी और मसीही कब्रिस्तान में अंतिम संस्कार किया जाएगा। वह अपने एक पुत्री श्रीमती संध्या किरण मिंज, प्राचार्य पदुमतरा स्कूल, दो पुत्र डॉ. संजय मसीह बाल्को, प्रवीण कुमार मसीह सहित भरापूरा परिवार छोड़ गए।









# कांग्रेस ने नहीं ली गरीबों की सुध - मनोज निर्वाणी



राजनांदगांव (दावा)। भाजपा के झुग्गी झोपड़ी प्रकोष्ठ के संयोजक मनोज निर्वाणी ने कांग्रेस पर आरोप लगाते हुए कहा कि लोकसभा चुनाव की दृष्टि से कांग्रेस द्वारा जारी घोषणा पत्र में कहीं भी गरीबों का जिक्र नहीं है, और ना ही गरीबी हटाने की कोई स्पष्ट नीति या योजना इस घोषणा पत्र से नदारत है, उन्होंने कहा कि आजादी के बाद कांग्रेस का नारा था 'गरीबी हटाओ', परंतु आज कांग्रेस भ्रष्टाचार और जातिगत भेदभाव पैदा कर देश को तोड़ने में लगी हुई है, इसलिए इसकी घोषणा पत्र में कहीं भी गरीबी हटाने या गरीबों के हित में कोई योजना नहीं बनाई गई है।

निर्वाणी ने कहा कि भाजपा अंत्योदय के सिद्धांत पर अंतिम व्यक्ति के भले के लिए कार्य करती है, इसलिए प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत सभी झुग्गी झोपड़ियों को पक्के मकान में बदलने का ऐतिहासिक कार्य जारी है। जिसके तहत 4 करोड़ मकान बनाए जा चुके हैं।

इस योजना के प्रतिउत्तर में कांग्रेस ने अपने घोषणा पत्र में गरीबों के मकान बनाने के संबंध में कोई बात नहीं की है, और तो और भाजपा की महतारी वंदन योजना के तहत महिलाओं को प्रति माह 1000 की राशि दी जा रही है, परंतु कांग्रेस में कपोल कल्पित घोषणा करते हुए देश के बजट से भी ज्यादा घोषणा करके अपनी हंसी उड़ाई है। संयोजक मनोज निर्वाणी ने कहा कि कांग्रेस शुरू से गरीबी नही वरन गरीबों को ही मिटाना चाहती है, इसलिए वह कभी भी गरीबों के हित में नहीं सोचती और लगातार उनके शोषण की योजनाएं ही बनाती रही हैं, निर्वाणी ने कहा कि इस लोकसभा चुनाव में मतदाता कांग्रेस के इस कुत्सित प्रयास का करारा जवाब देगी और भाजपा के लोकसभा के प्रत्याशी संतोष पांडे को भारी मतों से जनता विजय बनाएगी।

# यामिनी कला केन्द्र के कला साधक श्रेष्ठ



राजनांदगांव (दावा)। महाराष्ट्र शासन द्वारा संचालित एलीमेन्ट्री एवं इंटरमीडियेट ड्राइंग ग्रेड परीक्षा मे नगर की बहुआयामी संस्था यामिनी क्रीड़ा एवं कला केन्द्र के छात्र-छात्राओं ने शानदार सफलता हासिल की है। यामिनी कला केन्द्र के अध्यक्ष रीतेश देवांगन ने बताया कि संस्था में एलीमेण्ट्री एवं इंटरमीडिमेट ड्राइंग ग्रेड का परीक्षा परिणाम शानदार रहा।

एलीमेण्ट्री परीक्षा में श्वेता निर्मलकर आरोही कुंजाम, गगन वैष्णव, सुमीत देवांगन, सांकेत देवांगन ए ग्रेड से उत्तीर्ण रहे है। जबकि प्रेरणा पाल, चंचल गढ़ेवाल, चांदनी मानिकपुरी, शीतल सोलंकी सभी ने बी ग्रेड एवं सांझी श्रीवास भी उत्तीर्ण होने में सफल रहें। इसी प्रकार इंटरमीडियेट परीक्षा में काव्य देवांगन, नंदिनी जाधव, नंदिता हरिवंश, मेहुल सोनवानी, पावनी जाधव, मेघज देवांगन, सभी ए ग्रेड से उत्तीर्ण रहें। जबकि हनी यदु, प्रज्ञा हरिवंश, विकास साहू, रविन्द्र बारले, तेजस देवांगन, हरीश बारले, काजल देवांगन, गौरव सिंग, सभी ने बी ग्रेड एवं कलावती देवांगन, आकांक्षा प्रधान, ताकेश्वरी यादव, श्रेया सिरके सभी उत्तीर्ण होने में सफल रहे। इस सफलता पर, सुनील भागवत, रीतेश देवांगन, सचिव पूनाराम यादव, राकेश यादव, गजानन पाटिल, जयेश मुदलियार, आशीष यादव, अजय चौरसिया, सेविता देवांगन, पारूल डुंभरे, प्राची जामुरकर, आशीष श्रीवास्तव, आकांक्षा बघेल, दीपिका ध्रुवे, चित्रा महिलांगे, प्रज्ञा पाल, उदेराम देवांगन, विमल शर्मा, महेश देवांगन, भीष्म देवांगन, उमाशंकर साहू, आदर्श गुप्ता, तरूण भास्कर गुप्ता, पोषण यादव, निश्चय बुराड़े, राहुल जैन, जय यदु, गोपी देवांगन, सुनील चन्द्राकर, मनीष यादव, ओम कश्यप, राहुल मिश्रा, गुणवंत सिंह आदि ने शुभकामनाएं दी।

### शुभांक

अनुमानित

बी. के
1-2-4
170-8 229-3

राजधानी
3-5-9
136-0 345-2

चेतावनी:-इस पत्र में प्रकाशित सर्वत्र शुभ राशियां ज्योतिष एवं ग्रह नक्षत्र के आधार पर धारणा मात्र है। इसका सट्टे आदि से कोई संबंध नहीं है, दुरूपयोग न करें। दुरूपयोग करने पर प्रकाशक की कोई जवाबदारी नहीं होगी। -सम्पादक

# हार की हताशा से मोदी को गालियां दे रहे कांग्रेसी - मधुसूदन यादव

राजनांदगांव (दावा)। छ.ग. के पूर्व मंत्री कवासी लखमा द्वारा बस्तर में चुनाव प्रचार के दौरान देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के खिलाफ अनर्गल बयानबाजी करते हुए लखमा जीतेगा और मोदी को मरेगा जैसी अशोभनीय बात कहे जाने पर भाजपा द्वारा घोर आपत्ति व्यक्त किया गया है।

इस संबंध में महाजन बाड़ी में एक प्रेस वार्ता आयोजित कर प्रदेश भाजपा उपाध्यक्ष व पूर्व सांसद मधुसूदन यादव ने कहा कि प्रदेश में कांग्रेसी लोकसभा चुनाव में हार की डर से बौखला कर तथा हताशा से भरकर देश के लोकप्रिय प्रधानमंत्री के खिलाफ अंट-शंट बयानबाजी कर रहे हैं। श्री यादव ने कहा कि इससे पहले कांग्रेस प्रत्याशी के नामांकन के समय राजनांदगांव की सभा में कांग्रेस के चरणदास महंत ने मोदी को लट्ठ मारकर सिर फोड़ने की बात कही थी और उन्हें परेशान कर चीन भेजने के लिए कहा है। श्री यादव ने कहा कि कांग्रेसियों ने अपने मूल्य और सिद्धांतों को त्याग दिया है। उन्होंने कहा कि मोदी जी को मरेगा जैसी बात कहने वाले कांग्रेस के उक्त पूर्व मंत्री कवासी लखमा जीरम घाटी नक्सली हत्या कांड के संदिग्ध है। इस पर कांग्रेस के तत्कालीन मुख्यमंत्री भूपेश बघेल कहते रहे कि जीरम घाटी का सबूत उसके जेब में है। जबकि आज तक उन्होंने साक्ष्य नहीं दिए।




**कांग्रेसी बोल रहे पाकिस्तानी खालिस्तानियों की भाषा, चुनाव में मजा चखाएगी जनता**

### नक्सलियों से मिलकर षड्यंत्र

श्री यादव ने कहा कि अब लखमा के बयान से ऐसा लग रहा है कि कहीं वे मोदी के खिलाफ नक्सली से मिलकर षड्यंत्र तो नहीं रच रहे है? श्री यादव ने मानपुर-मोहला के नक्सली सरजू टेकाम जो गत दिनों गिरफ्तार हुआ है, का जिक्र करते हुए कहा कि उन्होंने गत चुनाव के दौरान कांग्रेस विधायक के मंच पर रहते हुए आह्वान किया था कि जो भाजपा के लिए वोट मांगने आएगा, उसका सिर काट दिया जाएगा। बाद में एक भाजपा कार्यकर्ता की वहां हत्या हुई थी। यह सभी कांग्रेस प्रायोजित है।

श्री यादव ने जिला भाजपा अध्यक्ष रमेश पटेल, मीडिया प्रभारी अमर ललवानी, योगेश दत्त मिश्रा आदि की उपस्थिति में कांग्रेसियों के इस तरह के हताशा वाली बयान के संदर्भ में कहा कि पिछले कुछ दिनों से कांग्रेस की तरफ से जो इस तरह के बयान आ रहे हैं, जो किसी गंभीर साज़िश की तरफ इशारा कर रहे हैं। इससे ऐसा लग रहा है जैसे कांग्रेस द्वारा हो रही साज़िश के बारे में इनके नेताओं की जुबान पर आ जाती है।

श्री यादव ने कहा कि इससे पहले राजनांदगाव में भूपेश बघेल की नामांकन रैली को संबोधित करते हुए नेता प्रतिपक्ष चरणदास महंत ने कहा था कि लाठी से मोदी का सर फोड़ दे, ऐसा सांसद चाहिए, शिव (डहरिया) केवल गाली दे सकते हैं मोदी को, जबकि भूपेश बघेल सर फोड़ सकते हैं। मोदी को परेशान कर करके चीन भेज देना चाहिए। यह कांग्रेसियों की हताशा को दर्शाता है।

श्री यादव ने भाजपा के तीन महीने के कार्यकाल में गरीब, मजदूर, महिला व किसान के हित में किए गए कार्यों को गिनाया और कहा कि जनता का विश्वास हमें मिल रहा है। उन्होंने कांग्रेस के घोषणा पत्र को झूठ का पुलिंदा बताया और कहा कि पिछले 5 साल वाले घोषणा पत्र में महिलाओं को 500 रुपए प्रतिमाह देने की घोषणा की थी वो एक पैसे नहीं दे पाए, अब एक लाख देने की बात कर रहे हैं। श्री यादव ने कहा कि कांग्रेसियों को जब आना ही नहीं है तो लोगों को लुभाने के लिए बोलने में क्या जाता है। श्री यादव ने पत्रकारों को संबोधित करते हुए कहा कि आप लोगों को याद होगा कि पंजाब में मोदीजी के प्रवास के दौरान उन्हें घेर कर मार डालने की साज़िश रची गयी थी। प्रधानमंत्री जी बाल-बाल बचे थे। ख़ालिस्तानियों की रैली में भी 'मर जा मोदी, मर जा मोदी' के नारे लगते रहे हैं। हाल ही में एक अख़बार ने यह रिपोर्ट की है कि नक्सली बाक़ायदा कांग्रेस को वोट देने के लिए लोगों को डरा धमका रहे हैं। नहीं मानने पर हत्या आदि की धमकी दे रहे हैं। उन्होंने कहा कि आखिर क्या मामला है कि कांग्रेस के बयान न केवल पाकिस्तान, ख़ालिस्तानी बल्कि नक्सलियों के जैसे हो रहे हैं। ये सभी एक ही भाषा बोल रहे हैं। श्री यादव ने कहा कि लोकतांत्रिक तरीक़े से बुरी तरह परास्त हुई कांग्रेस अब बौखलाहट में किसी भी हद तक जा सकती है। हमें सावधान रहना होगा।

# कांग्रेस की 5 न्याय 25 गारंटी देश को बर्बादी के गर्त से निकालने में सहायक- शाहिद भाई

## 70 साल में 55 लाख तो मोदी के 10 साल में 215 लाख करोड़ के कर्ज में डूबी जनता



राजनांदगांव (दावा)। छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के महामंत्री राजनांदगांव लोकसभा प्रभारी शाहिद भाई ने राजनांदगांव लोकसभा से कांग्रेस प्रत्याशी भूपेश बघेल के पक्ष में माहौल का दावा करते हुए भाजपा द्वारा लगातार जुमले और झूठ को जनता के बीच चुनावी समर में परोस रहे हैं उसे पर तीव्र प्रहार करते हुए कहा कि 10 वर्षों में भाजपा ने देश को महंगाई बेरोजगारी के साथ-साथ धार्मिक वैमनस्यता के साथ 215 लाख करोड़ के कर्ज लाकर खड़ा कर दिया है इससे देश को बचाने के लिए कांग्रेस सहित इंडिया गठबंधन प्रयासरत हैं और कांग्रेस ने लोकसभा चुनाव में पांच और 25 गारंटी की जो बात की है उससे देश का हर वर्ग खुशहाल होगा जैसे किसान न्याय योजना से किसानों को उनके फसल का वाजिब हक एवं एमएसपी की गारंटी, कर्ज माफ और कृषि यंत्रों पर लगी जीएसटी को हटाने बात की है वही नारी न्याय के लिए महालक्ष्मी योजना के अंतर्गत प्रत्येक गरीब परिवार के एक महिला को 1लाख सालाना देने की बात कांग्रेस ने की है महिलाओं को सरकारी नौकरियों में 50 प्रतिशत आरक्षण की बात के साथ-साथ कामकाजी महिलाओं की सुरक्षा के लिए हॉस्टल सुविधा देने की बात की है इसी प्रकार युवा न्याय से युवाओं के लिए वर्तमान समय में 30 लाख से अधिक सरकारी विभागों में पद रिक्त होने के बाद भी भाजपा ने भर्ती नहीं की है अतः कांग्रेस सरकार 30 लाख युवाओं को सरकारी नौकरी तत्काल देने एवं 4 साल में अग्नि वीर बनाकर उन्हें रिटायर करने के भाजपा की योजना को निरस्त कर पुरानी भर्ती प्रक्रिया अपनाने की बात के साथ-साथ युवाओं को सक्षम बनाने के लिए अप्रेंटिसशिप एक्ट के तहत 25 वर्ष से कम आयु वाले स्नातक एवं डिप्लोमा धारी युवकों को 1लाख देने के साथ-साथ पेपर लीक जैसे मामले में कठोर कानून बनाने की बात कांग्रेस ने की है श्रमिक न्याय योजना में मनरेगा श्रमिकों को 400 रु प्रतिदिन मजदूरी देने के साथ-साथ जिगि वर्कर्स को कानूनी सुरक्षा प्रदान करने की बात की है हिस्सेदारी न्याय योजना में जल जंगल जमीन का कानूनी हक एवं वन अधिकार अधिनियम के तहत आदिवासियों के हितों के साथ-साथ सामाजिक आर्थिक जातिगत जनगणना की बात भी कांग्रेस ने की है जिससे भाजपा अंधेरे की कोप भवन में चली गई है।

# युवाओं ने विशाल आकर्षक रंगोली एवं दीप जलाकर शत-प्रतिशत मतदान करने की अपील की



राजनांदगांव (दावा)। मतदाता जागरूकता स्वीप कार्यक्रम के अंतर्गत बड़ी संख्या में युवाओं ने लोकसभा निर्वाचन 2024 में विशाल आकर्षक रंगोली एवं दीप जलाकर शत प्रतिशत मतदान करने की अपील की। जिले में शत प्रतिशत मतदान सुनिश्चित करने आरोहण बीपीओ सेंटर टेड़ेसरा के युवाओं द्वारा मतदाता जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान युवाओं ने मानव श्रृंखला बनाकर नागरिकों को मतदान के लिए प्रेरित किया। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी संजय अग्रवाल के मार्गदर्शन में लोकसभा निर्वाचन 2024 में मतदाताओं को मतदान के लिए प्रेरित करने विभिन्न कार्यक्रम एवं प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जा रहा है। जिला पंचायत सीईओ एवं नोडल अधिकारी स्वीप सुश्री सुरूचि सिंह के निर्देश पर जिले में स्वीप अंतर्गत मतदाता जागरूकता के लिए व्यापक तौर पर कार्य किए जा रहे हैं।

सीईओ जिला पंचायत एवं स्वीप नोडल अधिकारी सुश्री सुरूचि सिंह ने युवाओं को लोकसभा निर्वाचन 2024 में शत प्रतिशत मतदान सुनिश्चित करने की शपथ दिलाई। उन्होंने युवाओं को लोकतंत्र में मतदान के महत्व के संबंध में जानकारी दी गई। युवा वर्ग को मतदान के प्रति जागरूक करने के लिए यह स्वीप कार्यक्रम आयोजित किया गया। युवाओं को मतदान प्रक्रिया में भाग लेने के साथ ही नागरिकों को मतदान के लिए जागरूक करने को कहा गया। युवाओं ने एक स्वर में इस लोकतंत्र के महापर्व पर अपना योगदान शत-प्रतिशत मतदान करने की सहमति दी।

युवाओं ने लोकसभा सामान्य निर्वाचन में 26 अप्रैल को स्वतंत्र, निष्पक्ष, शांतिपूर्ण, निर्भीक और अन्य किसी भी प्रकार के प्रलोभन से प्रभावित हुए बिना जिले में शत प्रतिशत मतदान करने का संकल्प लिया। स्वीप कार्यक्रम में युवाओं ने मतदाता जागरूकता के नारे लोकतंत्र के लिए मतदान राजनांदगांव का अभिमान, मोर वोट-मोर अधिकार, लोकतंत्र का करें सम्मान 26 अप्रैल को करें मतदान, जागरूक मतदाता ही लोकतंत्र की असली पहचान जैसे नारों से अपने मताधिकार का उपयोग करने का आव्हान किया गया।

# भाजपा प्रत्याशी संतोष पांडे आज डोंगरगाँव विधानसभा क्षेत्र में



राजनांदगांव (दावा)। भाजपा के प्रत्याशी संतोष पांडे प्रतिदिन विभिन्न विधानसभा क्षेत्रों का दौरा मतदाताओं से रुबारू हो रहें हैं। कल 12 अप्रैल शुक्रवार को श्री पांडे डोंगरगाँव विधानसभा क्षेत्र के लालबहादुर नगर मण्डल के दो दर्जन ग्रामों में जनसम्पर्क करते हुए कमल फूल निशान के लिए समर्थन मांगेगे।

भाजपा मीडिया सेल द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार श्री पांडे अपने जनसम्पर्क अभियान का शुभारंभ सुबह 09:-30 बजे ग्राम मुँदगाँव से करेंगे।

इसके पश्चात वे रेंगाकठेरा, डुंडेरा, खल्लारी, बड़े मुड़पार, जामरी, छोटे मुड़पार, मुरमुन्दा, राका, चिददो, कल्याणपुर, गाजमर्रा, भोथली, बिच्छीटोला, सेंदरी, ठाकुरटोला, मड़ियान, झिंझारी, खुबाटोला, मक्काटोला, गोविन्दपुर व झंडातालाब पहुचकर मतदाताओं को केंद्र सरकार की योजनाओं से अवगत कराएंगे। इस दौरान डोंगरगाँव विधानसभा क्षेत्र के नेता एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहेंगे।

# डॉ. बाबा साहब भीमराव आंबेडकर की जयन्ती पर 13 को निकलेंगी मोटर साइकिल रैली



राजनांदगांव (दावा)। डॉ. बाबा साहब भीमराव आंबेडकर जयंती पर नगर अंचल भर में धूमधाम से मनाई जाएगी 14 अप्रैल के एक दिन पूर्व शहर में मोटर साइकिल रैली निकाली जाएगी जो जिसकी शुरुवात आम्बेडकर चौक(स्टेडियम) से निकल कर विभिन्न मार्गो से होते हुए कलेक्टर परिसर में समाप्त होगी। ज्ञात हो कि प्रतिवर्ष 4 दिवसीय आयोजन बौद्ध कल्याण समिति के माध्यम से नगर स्तरीय बाबा साहब की जयंती कार्यक्रम का आयोजन किया जाता है, इजो कि 11 अप्रैल महामानव ज्योतिबाफुले जयंती से प्रारम्भ किया जाता है इस वर्ष भी समस्त वार्ड स्तर से लेकर नगर स्तरीय आयोजन किया जाना है, 13 को बाबा साहब की 133 वी जयंती पर नगर में भव्य मोटरसाइकिल रैली निकाली जाएगी, डॉ. आम्बेडकर चौक राजनांदगांव से तुलसीपुर, मोतीपुर, नवागांव गौतम नगर, मोतीपुर, रामनगर, शंकरपुर, शांतिनगर, पुराना ढाबा, चिखली, स्टेशनपारा, रामनगर, राहुलनगर, लखोली, भरकापारा, गुड़ाखु लाइन, जयस्तंभ चौक, मानवमंदिर चौक, इंदिरा नगर, बसन्तपुर होते हुए आम्बेडकर चौक कलेक्टर परिसर में समापन किया जाएगा, इस दौरान काफी संख्या में बौद्ध अनुयायी उपस्थित रहेंगे। 14 अप्रैल को विभिन्न वार्डो से झांकियों के साथ रैली निकालने की तैयारी की गई है, जो आकर्षक का केंद्र बनेगी यह रैली महारानी स्कूल के पास एकत्रित होकर गुड़ाखु लाईन, सिनेमा लाइन, मानव मन्दिरचौक, गुरुद्वारा चौक, आम्बेडकर चौक होकर सिविल लाइन स्थित डॉ. बाबा साहब भीमराव आंबेडकर भवन में समाप्त होगी, जहां पर संगीतमय आयोजन के साथ वक्ताओं द्वारा वक्तव्य सुनने का लाभ प्राप्त होगा, भोजन की व्यवस्था भी समिति के द्वारा की गई हैं। बौद्ध कल्याण समिति के संरक्षकगण दीपक कोटांगले, मानिकचंद घोडेसवार, सेवकराम मेश्राम, कांति कुमार फुले, विनोद श्रीरंगें अन्य पदाधिकारीयो ने इसके लिए तैयारियां पूर्ण कर ली है। 4 दिवसीय कार्यक्रम के प्रभारी राजू बारमाटे, संतोष बौद्ध, संदीप कोल्हाटकर, विनोद श्रीरंगें होंगे। समाज के प्रवक्ता विनोद श्रीरंगें ने सभी कार्यक्रमों में सभी समाजजनों को अधिक से अधिक संख्या में शामिल होने की अपील की है। यह जानकारी समाज के प्रवक्ता विनोद श्रीरंगें द्वारा दी गई।

# किसानों की उन्नति के लिए भाजपा शासनकाल में ऐतिहासिक निर्णय हुए-सचिन बघेल



राजनांदगाँव (दावा)। भाजपा के प्रत्याशी संतोष पांडे के ऐतिहासिक विजय अभियान को आगे बढ़ाने जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक के अध्यक्ष सचिन बघेल पूरे संसदीय क्षेत्र के दौरे पर हैं। अपने दौरे में श्री बघेल जहां किसानों की चौपाल लगा रहे हैं,सभाए कर रहें है वही सहकारिता से जुड़े एक बड़े वर्ग का समर्थन प्राप्त करने के लिए ऐड़ी चोंटी का जोर लगा रहें हैं।

भाजपा मीडिया सेल द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार श्री बघेल सुदूर पंडरिया क्षेत्र से अपने अभियान की शुरुवात करते हुए ग्राम कुंडा, रूसे, कालेगाँव, कुम्ही, पेंडरीकसा, बोड़तराखुर्द, दामापुर, सुकलीगोविंद, पंडरिया, मालीबछरा, पौनी, खैरझीटी, नवाकिसुनगढ़, रमतला, बाघामुड़ा, दुल्लापुर, कुकदूर, कामठी, चांटा, कोड़वागोडान, मड़मड़ा, मलपहेरी, तरेगाँव जंगल, इत्यादि ग्रामों में कृषि शाख सहकारी समिति के संचालक मण्डल के सदस्यों व किसान भाइयों से मुलाकात कर कहा की मोदी जी के शासनकाल में कृषि के बजट 05 गुना की ऐतिहासिक वृद्धि की गई जिससे कृषि क्षेत्रों का व्यापक विकास हुआ, प्रधानमंत्री किसान बीमा योजना किसानों के लिए जीवनदायनी साबित हो रही हैं, इसके तहत बीमा दावों का 1.5 लाख करोड़ रुपए से अधिक का भुगतान किया गया। जिससे किसानों की मालीदशा में व्यापक सुधार आया।

प्रधानमंत्री किसान सम्माननिधि में देश के लगभग 12 करोड़ किसानों को 20 लाख करोड़ रुपए से अधिक का भुगतान किया गया। वर्तमान आर्थिक वर्ष में किसानों को 20 लाख करोड़ रुपए का कृषि ऋण प्रदान किए जाने का लक्ष्य है। श्री बघेल ने आगे कहा कि इसी तरह किसान क्रेडिट कार्ड के अंतर्गत 7.45 करोड़ कार्ड किसानों को दिये गए। बिजली, पानी, कृषि पंपों की व्यवस्था सुनिश्चित कर किसानों की आय दुगुनी करने का प्रयास हुआ है। आज कांग्रेस जोर-शोर से किसानों की पूरी फसलों को एमएसपी में खरीदने का झूठा वादा कर रही हैं, जबकी एमएसपी पर किसानों की फसले खरीदने का प्रस्ताव स्वामीनाथन आयोग ने अपनी रिपोर्ट में पेश किया था जब यह रिपोर्ट आयी तब देश में कांग्रेस की सरकार थी।

आयोग की रिपोर्ट आने के बाद कांग्रेस 10 वर्षों तक देश की सत्ता में काबिज रही उस समय कांग्रेस के लोगों को स्वामीनाथन आयोग की रिपोर्ट लागू करने की फुरसत नहीं थी। अब सत्ता गवाने के बाद उन्हें स्वामीनाथन आयोग की रिपोर्ट याद आ रही हैं। क्षेत्र के किसान कांग्रेस के इस छलावे में आने वाले नहीं हैं, और भाजपा के पक्ष में मतदान करने के मन बना चुके हैं।

इस दौरे में श्री बघेल के साथ सहकारिता प्रकोष्ठ के जिला संयोजक भरत शर्मा व ईश्वरी साहू, मुकेश ठाकुर, दिनेश मिश्रा, ध्वजा चंद्राकर, रामस्वरुप साहू, रामकुमार चंद्राकर, कृष्णा चंद्राकर, गतिराम साहू, रामप्रताप श्रीवास, सुरेश साहू, मुरली चंद्रकर, श्रवण साहू, शंकर लाल चंद्रवंशी, योगेंद्र चंद्रवंशी, सुदर्शन चंद्रवंशी, कुमार चंद्रवंशी, विध्यानन्द चंद्रवंशी, पुरुषोत्तम ध्रुवे, बालाराम चंद्रवंशी, सेवकराम चंद्रवंशी, जलेश चंद्रवंशी, तुलसी मल्लाह, गोवर्धन चंद्रवंशी, रामकुमार बंजारे, बलराम पाठक, बहोरा यादव, संतोष जायसवाल, रामेश्वर ध्रुवे, अमोली मरावी, बुधराम मंडावी, रूपसिंह मरकाम, सुखसिंह मरकाम, बंशी ध्रुवे, रमेश केसवानी, अलख चंद्रवंशी, नंदेलाल, सरोज, दयालु साहू सहित सहकारिता से जुड़े अनेक लोग उपस्थित थे।


फार्मेट सी–1
(समाचार पत्र,टीवी में प्रकाशन हेतु अभ्यर्थियों के लिए)

**अपराधिक मामलों के बारे में घोषणा**

(वर्ष 2011 की रिट याचिका (सिविल) सं. 536 में माननीय उच्चतम न्यायालय के दिनांक 25 सिंतबर 2018 के निर्णय के अनुसार) (पब्लिक इंट्रेस्ट फाउंडेशन और अन्य बनाम भारत संघ और अन्य)

अभ्यर्थी का नाम व पता : भूपेश कुमार बघेल, मानसरोवर आवासीय परिसर, भिलाई–03 जिला–दुर्ग (छ.ग.)
राजनैतिक दल का नाम : इण्डियन नेशनल कांग्रेस
(निर्दलीय अभ्यर्थी यहां "निर्दलीय" लिखें)
निर्वाचन का नाम : लोकसभा
*निर्वाचन क्षेत्र का नाम : 06/राजनांदगांव

मैं **भूपेश कुमार बघेल** (अभ्यर्थी का नाम),उपर्युक्त निर्वाचन के लिए अभ्यर्थी, सार्वजनिक सूचना हेतु अपने अपराधिक पूर्ववृत्त के बारे में निम्नलिखित विवरणों की घोषणा करता/~~करती~~ हूं :

(क) लंबित अपराधिक मामले (03 प्रकरण)

| क.सं. | न्यायालय का नाम | मामले की सं. एवं तारीख | मामले (मामलों) की स्थिति | संबंधित अधिनियमों की धारा (धाराए) एवं अपराध (अपराधों) का संक्षिप्त विवरण |
|---|---|---|---|---|
| प्र.क्र. 01 | न्यायालय का नाम वर्तमान में निरंक (पुलिस थाना– ई.ओ.डब्ल्यू. रायपुर छ.ग.) | प्रकरण क्र. वर्तमान में निरंक (FIR No.- 06/2024 Date-04-03-2024) | लंबित | धारा– 120बी, 34, 406, 420, 467, 468, 471, भा.द.वि.एवं धारा 7,11, भ्र.नि.अधिनियम (संशोधन) 2018 संक्षिप्त विवरण :– |

**मामलें का संक्षिप्त विवरण** :– प्रवर्तन निदेशालय के उपरोक्त प्रतिवेदन एवं साथ में संलग्न दस्तावेज, पूर्व में प्रेषित प्रतिवेदन क्र. ECIR/RPZO/10/2020/AD(MK) दि. 08.01.2024 व साथ में संलग्न दस्तावेज तथा प्रतिवेदन क्र. ECIR/RPZO/10/2022/AD(MK) दि. 30.01.2024 साथ में संलग्न प्रेविजनल अटैचमेंट आर्डर एवं अन्य दस्तावेजों के अध्ययन व परिशीलन के आधार पर पाया गया कि महादेव बुक ऐप के प्रमोटर श्री रवि उप्पल, श्री शुभम सोनी, श्री सौरभ चंद्राकर, श्री अनिल कुमार अग्रवाल के द्वारा विभिन्न लाईव गेम्स में अवैध शापिंग की गई । ऑनलाईन प्लेटफार्म के विकल्प के रूप में ऑनलाईन प्लेटफार्म का निर्माण कर वाट्सएप, फेसबुक, टेलीग्राम जैसे माध्यमों से विभिन्न वेबसाईटों के जरिये सट्टा खिलाए जाने लगा । इन प्रमोटर्स द्वारा ऑनलाईन बैटिंग के लिए विभिन्न प्लेटफार्म तैयार कर पैनल ऑपरेटरों / ब्रांच संचालको के मध्यम से ऑनलाईन बेटिंग के आपराधिक कृत्य का संचालन किया गया । इस अवैध कमाई से लगभग 70 से 80 प्रतिशत राशि स्वयं रखकर शेश राशि पैलन ऑपरेटरों को प्रदान की गई । ऑनलाईन बैटिंग ऐप के संचालन से प्रमोटर्स एवं ऑनलाईन बैटिंग ऐप से जुडे पैनल ऑपरेटर्स चेकर्स एवं उनके साथियों द्वारा वर्श 2020 में लॉकडाउन के बाद से ऑन लाईन सट्टा खिलाकर 450 करोड़ रू. मासिक की अवैध आय अर्जित की जा रही है ।

महादेव बुक एप के प्रमोटर्स एवं पैनल ऑपरेटर्स के द्वारा इस अवैध अर्जित आय के ट्रांजेक्शन के लिए फर्जी दस्तावेजों के आधार पर बैंक अकाउंट्स खोले गए तथा सैंकड़ों बैंक अकाउंट्स कमीशन के आधार पर लेकर सट्टा से प्राप्त राशि का संचालन किया गया महादेव बुक एप के प्रमोटर्स को पैनल ऑपरेटर्स द्वारा सट्टा की अवैध राशि विभिन्न बैंक अकाउन्ट के माध्यम से ट्रांसफर किया जाकर संयुक्त अरब अमीरात तक पहुंचाया गया है ।

महादेव बुक एप के प्रमोटर्स द्वारा ऑनलाईन सट्टा से प्राप्त अवैध राशि से ऑनलाईन सट्टा के प्रमोशन के लिए सट्टे बाजी वेबसाईटों का विज्ञापन हेतु भारी मात्रा में नगद रकम खर्च की गयी। इस हेतु वार्शिक स्टार स्टैंडेड कार्यक्रम आयोजित किये जाते थे जिसमें शामिल मशहूर हस्तियों को सट्टेबाजी से प्राप्त अवैध राशि से भुगतान किया जाता था ।

महादेव बुक एप के प्रमोटर्स द्वारा ऑनलाईन बैटिंग से प्राप्त अवैध राशि को भारी मात्रा में कई कंपनियों, शैल कंपनियों एवम शेयर मार्केट में निवेश किया गया है । इसी तरह इन प्रमोटर्स के द्वारा क्रिप्टो करेंसी में भी निवेश किया गया है । प्रवर्तन निदेशालय द्वारा महादेव ऑनलाईन बुक के साथ जुडे हरिशंकर तिबरेवाल के द्वारा इसी तरह का स्काई एक्सचेंज नामक बैटिंग प्लेटफार्म चालया जा रहा था जिसके पास से अवैध कमाई द्वारा अर्जित लगभग 580 करोड़ रू. की संपत्ति प्रवर्तन निदेशालय द्वारा अटैच की गयी है।

महादेव बुक एप के प्रमोटर्स द्वारा ऑनलाईन बैटिंग एप के इस आपराधिक कृत्य के विरूद्ध वैधानिक कार्यवाही को रोकने के लिए विभिन्न पुलिस व प्रशासनिक अधिकारीगण तथा प्रभावशाली राजनीतिक व्यक्तियों का संरक्षण प्राप्त किया गया , जिसके एवज में उन्हे नियमित तौर पर प्रोटेक्शन मनी के रूप में भारी राशि दी गयी । उक्त अवैध राशि की व्यवस्था एवं वितरण हेतु हवाला ऑपरेटरों का इस्तेमाल किया गया साथ ही पुलिस एवं प्रशासनिक अधिकारियों को अवैध प्रोटेक्शन मनी वितरण हेतु पुलिस अधिकारियों / कर्मचारियों का भी उपयोग किया गया । यह प्रोटेक्शन मनी की राशि हवाला ऑपरेटरों के माध्यम से राशि वितरण करने वाले पुलिस अधिकारी एवं कर्मचारी तक पहुंचती थी जिसे उनके द्वारा संबंधित पुलिस / प्रशासनिक अधिकारियों तथा प्रभावशाली राजनीतिक व्यक्तियों को वितरित की जाती थी । विभिन्न पुलिस, प्रशासनिक अधिकारी एवं प्रभावशाली राजनीतिक व्यक्तियों द्वारा अपने पद का दुरूपयोंग करते हुए प्रोटेक्शन मनी के रूप में अवैध आर्थिक लाभ प्राप्त करते हुए अवैध संपत्ति अर्जित की गयी है । प्रवर्तन निदेशालय द्वारा कई अचल संपत्तियों का प्रोविजनल अटैचमेंट किया गया है ।

इस प्रकार महादेव बुक एप के प्रमोटर्स द्वारा अपने सहयोगी पैनल ऑपरेटर्स चेकर्स, पार्टनर्स, लोकसेवकों और अन्य लोगों के साथ मिलकर अपराधिक शडयंत्र करते हुए ऑनलाईन सट्टा एप के जरिए भारी मात्रा में अवैध आय अर्जित की गई । इस संपूर्ण आपराधिक कृत्य में शमिल लोगो के विरूद्ध प्रथम दृश्टया धारा 120बी, 34, 406, 420, 467, 468, 471 भा.द.वि. तथा धारा 7, 11 भ्रश्टाचार निवारण अधिनियम 1988 यथा संशोधित भ्र.नि. (संशोधन) अधिनियम 2018 प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया तथा .................. (वर्तमान में लागू नही) को विवचना हेतु सौंपा गया या क्षेत्राधिकार में दृश्टिगत थाना.............. (वर्तमान में लागू नही) जिला .........(वर्तमान में लागू नही) को स्थानांतरित किया गया, या दं.प्र.सं.की धारा "ब" के अंतर्गत की गई। अभियोगी / सूचनाकर्ता को प्र.सू.पढ़वाकर / पढ़कर सुनाया गया जिन्होने सही – सही अभिलिखित होना स्वीकार किया । इसकी एक प्रति सूचनाकर्ता को निः शुल्क प्रदाय की गयी।

| क.सं. | न्यायालय का नाम | मामले की सं. एवं तारीख | मामले (मामलों) की स्थिति | संबंधित अधिनियमों की धारा (धाराए) एवं अपराध (अपराधों) का संक्षिप्त विवरण |
|---|---|---|---|---|
| प्र.क्र. 02 | न्यायालय का नाम–अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट, तृतीय / एम.पी. /एम.एल.ए. कोर्ट गौतम बुद्ध नगर। ( पुलिस थाना – नोएडा, सेक्टर–49, कमिश्नरेट गौतम बुद्ध नगर) | वर्तमान सम्मन दिनांक 06/12/2023 में वर्णित अनुसार वाद संख्या 16422/23, CCNo.-29/22 दर्शाया गया है । (FIR No.- 29 / 2022 DATE – 16-01-2022) | लंबित | धारा– 188, 269, 270 भा.द.वि. एवं धारा – 03 महामारी अधिनियम 1897 संक्षिप्त विवरण :– |

मामलें का संक्षिप्त विवरण :– कार्यालय रिटर्निंग आफिसर / उप जिलाधिकारी 61 गौतम बुद्ध नगर पत्रोंक 37/एसटी–एसडीएम विधान सभा निर्वाचन 2022 दिनांक 16.01.2022 प्रभारी निरीक्षक थाना सेक्टर 113 नोएडा आप को अवगत ही है कि, मा. भारत निर्वाचन आयोग द्वारा अधिसूचना जारी की चुकी है जिसके अनुसार जनपद गौतम बुद्ध नगर में आदर्श आचार संहिता लागू है । आज दिनांक–16.01.2022 को मा. मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल जी द्वारा 61 नोएडा विधान सभा क्षेत्र के अंतर्गत कई स्थनों पर 05 व्यक्तियों से अधिक व्यक्तियों को साथ लेकर लोगो के घर–घर जाकर कांग्रेस का प्रचार किया जा रहा है एवं कोविड नियमों का उल्लंघन किया जा रहा है जो आदर्श आचार संहिता का उल्लंघन है । अतः आपको निर्देशित किया जाता है कि आप तत्काल मा. भारत निर्वाचन आयोंग के अंतर्गत दिये गये निर्देशों के क्रम में आदर्श आचार संहिता एवं कोविड नियामों का उल्लंघन किये जाने के कारण संबंधित के विरूद्ध प्रथामिकी दर्ज कराते हुए अवगत कराना सुनिश्चित करे । संलग्न उपरोक्तानुसार रिटर्निंग आफिसर / उप जिलाधिकारी 61 नोएडा विधान सभा क्षेत्र । प्रतिलिपि 1–जिलाधिकारी निर्वाचन अधिकारी/ जिलाधिकारी महोदय गौतम बुद्ध नगर की सूचनार्थ प्रेशित, 2 – उप जिलाधिकारी निर्वाचन / उप जिलाधिकारी दादरी 61 नोएडा विधान सभा क्षेत्र नोट में है । कांस्टेबल क्र 921 ओंकार सिंह प्रमाणित करता हूँ कि नकल तहरीर कर कायमी मेरे द्वारा बोल–बोल कर कांस्टेबल क्र 384 आकाश कुमार से टाईप करायी गयी है।

| क.सं. | न्यायालय का नाम | मामले की सं. एवं तारीख | मामले (मामलों) की स्थिति | संबंधित अधिनियमों की धारा (धाराए) एवं अपराध (अपराधों) का संक्षिप्त विवरण |
|---|---|---|---|---|
| प्र.क्र. 03 | विशेष न्यायिक मजिस्ट्रेट सी.बी.आई. रायपुर (पुलिस थाना–सी.बी.आई. /एस.सी.–।।, नई दिल्ली) | प्र.क्र.–5465/18 FIR No.- RC 12 & 13 (S) / 2017-SCUV / SC-II / CBI NEW DELHI DATE –12-12-2017 | लंबित | धारा– 120 बी/सह पठित 469, 471, भा.द.वि. एवं धारा–67 ए सूचना प्रौद्योगिकी अधिनियम **संक्षिप्त विवरण :–** |

मामलें का संक्षिप्त विवरण :–एफ.आई.आर नं– आर.सी.नं.– 12 (एस) 2017 एस.सी.यू./एस.सी.–II, सी.बी.आई. न्यू दिल्ली का पंजीयन थाना पंडरी रायपुर में श्री प्रकाश बजाज के द्वारा लिखाई गई एफ.आई.आर. के आधार पर पंजीबद्ध किया गया है जिसमें किसी अज्ञात व्यक्ति के द्वारा उन्हे किसी अश्लील व्हिडियो उसके आधिपत्य में होने के आधार पर किसी आका को बदनाम करने, उनके एवज में राशि मांगने की धमकी देकर ब्लेकमेल करने की शिकायत की गई है, इस शिकायत पर धारा 384 एवं 506 भा.द.वि. का अपराध पंजीबद्ध किया था । तथा एफ.आई.आर नं– आर.सी. नं.–13 (एस) 2017 एस.सी.यू./एस.सी.–II, सी.बी.आई. न्यू दिल्ली का पंजीयन सिविल लाईन थाना रायपुर में श्री राजेश मूणत के द्वारा दर्ज प्रथम सुचना पत्र क्रमांक–665/2017 दिनांक– 27/10/2017, धारा 67 ए, आई.टी.एक्ट के आधार पर पंजीबद्ध किया गया हैं, जिसमें श्री राजेश मूणत ने किसी अश्लील व्हिडियों का प्रसारण मोबाईल एवं सोशल मिडिया के माध्यम से श्री भूपेश बघेल , विनोद वर्मा, आदि के द्वारा किये जाने और उसके द्वारा श्री राजेश मूणत की राजनैतिक छबि को धुमिल किये जाने की शिकायत की गई । इन दोनो प्रकरण की जांच सी.बी.आई. ने एक साथ करके उपरोक्त आरोप पत्र प्रस्तुत किया है ।

(ख) अपराधिक मामलों के लिए दोषसिद्धि के मामलों के संबंध में विवरण

| क.सं. | न्यायालय का नाम एवं आदेश (शों) की तारीख (खें) | अपराध (अपराधों) की स्थिति | | अधिकतम अधिरोपित दंड |
|---|---|---|---|---|
| निरंक | निरंक (लागू नही होता है) | निरंक (लागू नहीं होता है) | निरंक (लागू नहीं होता है) | निरंक (लागू नहीं होता है) |

## अनमोल दावा

**सही कर्म वह नहीं है जिसके परिणाम हमेशा सही हो बल्कि सही कर्म वह है, जिसका उद्देश्य कभी भी गलत ना हो।**

## सम्पादकीय

# वचनेषु किम दरीद्रता झूठे वायदे राजनैतिक दलों की फितरत में हैं

न केवल भारत अपितु विश्व की राजनीति और आर्थिक तंत्र में वचनों और प्रस्तुतीकरण के बीच की खाई बढ़ती जा रही है। शायद, मानव जात की शुरूवात से ही सत्ताधिशों याने राजनैतिक दलों, राजनेताओं, व्यापारियों, औद्योगिक गृहों, राजाओं, सामंतों (शासकों) इत्यादि, वे जो छल-ठगी के मानस लिए जनता से जो वायदों-वचनों को देकर अपने सत्ता अधीन की व्यक्तियों को या सम्पूर्ण जनता को ठगने का ही काम किया है। मानव समाज आज भी इस पीड़ा को झेल रहा है।

अब जब चुनाव को थोड़े ही दिन शेष बचे हैं, तब अलग-अलग राजनैतिक दल मतदाताओं को रिझाने इतने सारे लोक लुभावने वचनों की वर्षा बारिश कर रहे हैं कि मतदाता किंकर्तव्यविमुढ़ है। आम आदमी तो वैसे ही मंहगाई, बेरोजगारी और कर्जो के बोझ से पीड़ित है, उसकी बुद्धि ने तो काम करना ही छोड़ दिया है। निःसंदेह मतदाता जागरूक हुआ है। वह नेताओं की चुनावी रणनीति को समझने लगा है। किंतु, लाचारी व बेबसी के आगे वह नतमस्तक है। जमीनी हकीकत यह है कि कोई भी राजनैतिक दल या नेता तहेदिल से गरीबी दूर करना नहीं चाहता। वह यह भी नहीं चाहता कि आम मतदाता शिक्षित हो, समस्या विहीन हो।


चुनाव निपटते ही सारे वचन हवाहवाई हो जाते हैं। मंहगाई आसमान छूने लगती है। शिक्षा, स्वास्थ्य व मौलिक सुविधाएं अस्तित्व में तो है, किन्तु आम आदमी को उचित लाभ नहीं मिल रहा है। कथनी और करनी में अन्तर प्रायः सभी राजनीतिज्ञों में मिलेगा। इन दोनों में हिमालय की खाई जैसा गहरा अन्तर हर कोई देख रहा है। चुनाव में खड़े होने वाले तमाम उम्मीदवार इसे जानते हैं कि-''वचनेषु किम दरिद्रता''?

आज के समय में लोगों को ठगने का राजनीतिज्ञों का मुख्य व्यवसाय बन गया है। कार्ल मार्क्स और उनके अनुयायियों ने ''प्रोलेटरीअन्त रीवोलुशन याने श्रमिकों की क्रान्ति अधीन समानता और भाईचारा लिए समाज स्थापित करने के लिए 1917 के अक्टूबर क्रान्ति। जिसे विश्व में फैल जाएगा और पूंजीवाद तथा साम्राज्यवाद का नाश होगा और श्रमिकों के हाथों में सत्ता होगी, ऐसा मानव समाज स्थापित होगा, ऐसा कहा था। वह तो कब का जमींदोज हो चुका है। इन सारी उम्मीदों पर पानी फिर गया।

लोकतंत्र ने नागरिकों को मतदान का अधिकार दिया है। परन्तु, समाज में गरीबों और धनिकों के बीच हिमालय की ऊंची चोटी जैसे मदभेद हैं। भारत में गांधीवाद असफल सिद्ध हुआ है। गांधीवाद की सादगी और मितव्ययिता के विचार तो लुप्त हो गए हैं। हिन्दु धर्म प्रधान जीवन आज के समाज के लिए नितान्त अस्वीकार्य है। अब धर्म के नाम पर राजनीति करना ही लोगों को ठगने जैसा है। यही हाल आध्यात्मिक का भी है। विनोबा भावे की क्लास को लेबोरेशन की फीलासफी वर्तमान के जीवन में कालग्रस्त है।

स्पष्ट है कि सादी जीवनशैली या धार्मिक जीवन को सामाजिक या राजकीय क्रान्ति से कोई लेना देना नहीं है। अति धार्मिकता एन्टी रिवोल्युशनरी फोर्स है। इस्लामिक जगत में जैसा हो रहा है, वैसा ही अब हमें रेशनालीस्ट तथा सायन्टीफीक कल्चर विकसित करना है।

तमाम राजनैतिक दलों के राजनीतिज्ञों के द्वारा झुठे दावा करके चुनाव जीते जाते हैं। जीत हासिल करके वे इस तरह जनता को ठगने का ही काम करते हैं। कथनी-करनी, वचनों -प्रस्तुतिकरण में जमीन आसमान का अन्तर होता है। यही अन्तर राजनीतिज्ञों को डीसक्रेडिट याने उन्हें अविश्वसनीय बनाता है दूषित करता है। देश के तमाम कम-ज्यादा प्रमाण में यही काम कर रहे है। इस कारण, किसी एक राजनीतिक दल को दोषी ठहराना उचित नहीं है।



# आप के आदर्श शिक्षा मॉडल की स्थिति चिन्तनीय

**ललित गर्ग**



देश ही नहीं, दुनिया के अनेक देशों में दिल्ली की अरविंद केजरीवाल सरकार ने अपने शिक्षा मॉडल को अनुकरणीय बताया एवं अपनी सरकार की बड़ी उपलब्धि के रूप में बहुप्रचारित किया लेकिन दिल्ली उच्च न्यायालय में इसकी पोल खुल गयी। न्यायालय ने दिल्ली की स्कूलों की स्थिति अत्यंत चिन्तनीय, दुखद एवं अपर्याप्त बताते हुए दिल्ली के शिक्षा सचिव को फटकार लगायी है। कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश मनमोहन और न्यायमूर्ति मनमीत प्रीतम सिंह अरोड़ा की खंडपीठ ने याचिकाकर्ता एनजीओ 'सोशल ज्यूरिस्ट, ए सिविल राइट्स ग्रुप' का प्रतिनिधित्व कर रहे वकील अशोक अग्रवाल द्वारा प्रस्तुत इस विषयक एक तीखी रिपोर्ट पर संज्ञान, सुनवाई एवं जांच में पाया कि इन स्कूलों में कई विसंगतियों हैं जैसे टूटी हुई डेस्क, कक्षाओं की गंभीर कमी, पीने के स्वच्छ पानी का अभाव, अपर्याप्त किताबें और लेखन सामग्री। कई स्कूलें टिन बिल्डिंग में चल रही है एक स्कूल में 1,800 लड़कियां और 1,800 लड़के डबल शिफ्ट में पड़ते हैं। कुछ कक्षाओं में दो-दो कक्षाओं के छात्र एक साथ बैठकर पढ़ते हैं। जब शिक्षा सचिव ने बदहाली की पुष्टि की तो जस्टिस मनमोहन ने कहा कि आपकी इसी लापरवाही की वजह से तिहाड़ जेल में समस्या और भीड़ दोनों बड़ी है। तिहाड़ जेल में दस हजार कैदियों की क्षमता है, लेकिन वहां 23 हजार हैं। वजह अशिक्षा एवं दूषित शिक्षा है जिससे युवा पीढ़ी का भविष्य को बर्बाद हो रहा है। केजरीवाल सरकार ने शराब घोटाला ही नहीं, शिक्षा घोटाला भी किया है।

केजरीवाल सरकार ने अपनी उपलब्धियों के नाम पर दो उपक्रम प्रमुखता से गिनाये हैं एक शिक्षा एवं दूसरा मौहल्ला क्लीनिक। दिल्ली के सरकारी स्कूलों की दशा एवं दिशा न केवल बिगड़ी है, बल्कि रसातन में चली गयी है। मौहल्ला क्लीनिकों की स्थिति भी दयनीय है। दिल्ली से शुरु हुई उन्नत शिक्षा की पहल को देश के अन्य प्रांतों ही नहीं, बल्कि दुनिया के अनुकरणीय बताने वाले केजरीवाल ने शिक्षा के बुनियाद क्षेत्र को भी भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ा दिया। शिक्षा जैसे मूलभूत क्षेत्र को राजनीतिक नजरिये से देखना एवं उन्नत इंसानों को गढ़ने की इस प्रयोगशाला से खिलवाड़ करना, शर्मनाक घटनाक्रम है। आप की सरकार ने साल 2015 से साल 2024 के बीच 'शिक्षा सबसे पहले या एजूकेशन फर्स्ट' जैसा आकर्षक नारा देकर दिल्ली सरकार द्वारा संचालित स्कूलों में नई जान फूंकने के नाम पर दिखावा किया। कुछ स्कूलों को अत्याधुनिक बनाकर दिल्ली की समस्त स्कूलों का कायाकल्प करने की बात करने वाली केजरीवाल सरकार ने करोड़ों रूपये विज्ञापनों पर खर्च किये।



आप सरकार ने शिक्षा मंत्रालय संभाले उनके नायब/उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया के नेतृत्व में शिक्षा के लिए अधिकतम राशि का आवंटन किया, शिक्षकों के लिए प्रशिक्षण की नई तकनीक और विद्यार्थियों के वास्ते नए पाठ्यक्रम लागू किए तथा स्कूलों का दम तोड़ता बुनियादी ढांचा सुधारने के लिए जी खोल कर धन मुहैया कराया। लेकिन दिल्ली उच्च न्यायालय में प्रस्तुत हुई दिल्ली की स्कूलों की दर्दनाक स्थितियां बताती है कि वह सरकारी खजाना अगर स्कूलों में खर्च होता तो स्कूलों की यह दुर्दशा देखने को नहीं मिलती। स्पष्ट है स्कूलों के नाम पर आवंटित बजट में बड़ा घोटाला हुआ है, उसकी स्वतंत्र जांच होनी ही चाहिए। दिल्ली उच्च न्यायालय में ही एक अन्य याचिका में यह तथ्य भी सामने आया कि दिल्ली सरकार और दिल्ली नगर निगम के स्कूलों में पढ़ने वाले छह लाख से ज्यादा बच्चों को शिक्षा के अधिकार कानून के तहत मिलने वाली सुविधाएं जैसे यूनिफॉर्म, शिक्षण सामग्री इत्यादि नहीं मिल पा रही हैं। याचिका में कहा गया है कि राइट ऑफ चिल्ड्रन टू फ्री एंड कंपल्सरी एजुकेशन एक्ट, दिल्ली राइट ऑफ चिल्ड्रन टू फ्री एंड कंपल्सरी रुल्स और दिल्ली स्कूल एजुकेशन एक्ट के नियमों के मुताबिक बच्चों को शिक्षण सत्र के शुरू में ही उन्हें स्कूल यूनिफॉर्म, शिक्षण सामग्री इत्यादि सुविधाएं मिलनी चाहिए। याचिका में कहा गया है दिल्ली सरकार के स्कूलों में पढ़ने वाले 2,69,488 छात्र और दिल्ली नगर निगम में पढ़ने वाले 3,83,203 छात्र शिक्षा के अधिकार कानून के तहत मिलने वाले वैधानिक सुविधाओं से वंचित हैं। याचिका में 14 नवंबर 2023 के ऑडिट मेमो का जिक्र किया गया है जिसमें कहा गया है कि 2016-17 से शिक्षण सत्र से दिल्ली नगर निगम के छात्रों को वैधानिक वित्तीय सुविधा नहीं दी जाती हैं। विडम्बना देखिये दुनिया के लिये आदर्श मॉडल के रूप में दिल्ली की सरकारी स्कूलों को प्रचारित करने वाली स्कूलों की स्थिति कितनी खतरनाक हैं। स्कूल में एक ही कमरे को साइंस लैब, आर्ट रूम और लाइब्रेरी के तौर पर प्रयोग किया जा रहा है। एक कक्षा में 70 से 80 बच्चे हैं। दोनों पालियों में लगभग 4 हजार छात्र-छात्राएं यहां पढ़ते हैं। स्कूल में कुल 15 कमरे हैं, लेकिन अधिकारिक तौर पर 7 साल पहले इस स्कूल को असुरक्षित घोषित किया गया है।

दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के उस शिक्षा मॉडल की जिसका डंका वे दिन रात बजाते हैं। यहां तक कि न्यूयार्क टाइम्स में भी दिल्ली के शिक्षा मॉडल की तारीफों के पुल बांधते हुए लेख लिखे जाते हैं। उस शिक्षा मॉडल का यथार्थ बहुत भद्दा एवं खौफनाक है। शिक्षा के नाम पर एक बदनुमा दाग है। जिसकी झलक प्रजा फाउंडेशन एनजीओ की व्हाइट पेपर रिपोर्ट में मिलती है। यह रिपोर्ट केजरीवाल के दावे को मुंह चिड़ा रही है। इस रिपोर्ट के मुताबिक अरविंद केजरीवाल के सत्ता में आने के बाद से दिल्ली के सरकारी स्कूल में ड्रॉप आउट रेट बढ़ गया। साल 2014-15 में सरकारी स्कूल में ड्रॉप आउट रेट जहां 2.9 प्रतिशत था, दो साल के भीतर 2016-17 तक आते आते ड्रॉप आउट रेट 3.4 प्रतिशत हो गया। दिल्ली ईकोनॉमिक सर्वे 2021-22 में दिए गए आकड़े मुख्यमंत्री के प्रचारतंत्र से वादा खिलाफी कर रहे हैं। ये आंकड़े सरकार पर सवाल उठाते हुए बता रहे हैं कि अगर शिक्षा व्यवस्था सुधर रही है तो साल दर साल सरकारी स्कूल में पढ़ने वाले बच्चों की संख्या घट क्यों रही है। ईकोनॉमिक सर्वे के मुताबिक 2014-15 में सरकारी स्कूल में पढ़ने वाले बच्चों की संख्या 15.42 लाख थी जो घटते-घटते 2017-18 में 14.81 लाख रह गई।

नेशनल कमीशन फॉर प्रोटेक्शन ऑफ चाइल्ड ने दिल्ली की शिक्षा व्यवस्था को लेकर जो रिपोर्ट जारी किया उसमें स्कूलों में प्रिंसिपल की कमी, ड्रॉप आउट, छात्र-शिक्षक अनुपात जैसी समस्या सामने उभर कर आई। इस रिपोर्ट के मुताबिक दिल्ली के छात्रों में सीखने की क्षमता राष्ट्रीय औसत से कम है। सरकारी स्कूल में दाखिले के विपरीत प्राइवेट स्कूल में दाखिला लेने वाले छात्रों की संख्या में लगातार वृद्धि आई है। साल 2014-15 में दिल्ली के प्राइवेट स्कूल में पढ़ने वाले बच्चों की संख्या 13.47 लाख थी जो 2020-21 में बढ़ कर 17.82 लाख हो गई। यानी 2014-15 से लेकर 2020-21 तक 6 साल के अंतराल में दिल्ली के प्राइवेट स्कूल में दाखिला लेने वाले बच्चों की संख्या में जहां 4 लाख 85 की वृद्धि हुई, वहीं सरकारी स्कूल में दाखिला लेने वाले बच्चों की संख्या में महज 78 हजार की वृद्धि हुई। आप की 2020 के विधानसभा चुनाव में फिर से लगातार जबरदस्त जीत में सरकारी विद्यालय प्रणाली में सुधार के झूठे एवं भ्रामक दावों का जबरदस्त हाथ है, लेकिन अब इसकी सच्चाई धीरे-धीरे परत-दर-परत खुलने लगी है। आजादी का अमृत काल में दिल्ली की सरकारी स्कूलों का गिरता शिक्षा स्तर एवं बुनियादी सुविधाओं का अभाव आप सरकार पर एक बदनुमा दाग है, एक बड़ी नाकामी का द्योतक है। प्रश्न है कि किसे फिक्र है हमारी शिक्षा की प्रश्न यह भी है कि झूठे प्रचार एवं दावों के बल पर आप सरकार कब तक दिल्ली की भोली-भाली जनता को गुमराह करती रहेगी, स्कूली शिक्षा में 'क्रांति' लाने के आप के दावे बच्चों के भविष्य से कब तक खिलवाड करते रहेंगे।

ई-253, सरस्वती कुंज अपार्टमेंट
25 आई.पी. एक्सटेंशन, पटपड़गंज, दिल्ली-92
फोनः 22727486, 9811051133

## विचार सरिता

# मन में बसे हैं राम 117 मुनि परशुराम का प्रस्थान, श्री राम व सीता जी पर पुष्प वर्षा

**डॉ. योगेंद्र कुमार पांडेय**



परशुराम जी ने श्री राम का अभिनंदन किया। महाराज जनक परशुराम जी के पास पहुंचे और उनके चरणों की वंदना की।

''हे मुनिवर! आपको तपस्यारत जानकर मैंने सीता के स्वयंवर के संबंध में आपको सूचित नहीं किया था। मैं स्वयंवर के बाद इस संबंध में आपको सूचित करने के लिए एक विशेष दूत आपकी सेवा में भेजने वाला था।यह मेरा सौभाग्य है कि आप यहां स्वयं पधारे हैं। मेरी सुपुत्री सीता को इस शुभ अवसर पर आशीर्वाद प्रदान कीजिए।''

राजकुमारी सीता परशुराम जी के आगमन के बाद जितनी चिंतित थीं, अब वे उतनी ही प्रसन्न हैं। वे अपने स्थान से आगे बढ़ीं और उन्होंने परशुराम जी के चरण स्पर्श किए। परशुराम जी ने उन्हें आशीर्वाद दिया, ''अखंड सौभाग्यवती भव! तुम्हारा जीवन सदैव सुख, शांति, आरोग्य और समृद्धि से संपूरित हो। तुम संपूर्ण आर्यावर्त की नारियों के लिए आदर्श सिद्ध होगी।''

परशुराम जी ने श्री राम से कहा, ''प्रणाम प्रभु! आपने मुझ पर मन की गति से मेरे आवागमन की क्षमता से वंचित न करके बहुत बड़ी कृपा की है। अब मैं अनुमति चाहता हूं। इस पृथ्वी का भविष्य अब आपके भावी कर्मों की श्रृंखला पर निर्भर होंगे। मुझे इस बात की हार्दिक प्रसन्नता है कि मैं यहां मिथिला में आपके दर्शन कर पाया और अब अत्यंत संतुष्ट मन लेकर वापस महेंद्र गिरि को प्रस्थान कर रहा हूं।''

श्री राम ने हाथ जोड़कर परशुराम जी का अभिवादन किया। प्रजा ने अपने स्थान पर खड़े होकर रामद्वय का अभिनंदन किया। प्रजा गगनभेदी जयकार करने लगी।

''जमदग्नि पुत्र महामुनि परशुराम की जय हो।''

''दशरथ पुत्र राजकुमार राम की जय हो।''

''महाराज जनक की जय हो।''

''राजकुमारी सीता की जय हो।''

परशुराम जी ने महर्षि विश्वामित्र का अभिवादन किया। उन्होंने प्रजा की ओर आशीर्वाद मुद्रा में अपने दोनों हाथ उठाए और सभा से प्रस्थान किया।स्वयंवर सभा के प्रवेश द्वार के पास पहुंचते-पहुंचते उनकी आकृति धुंधली हो गई और वे देखते ही देखते अदृश्य हो गए।

स्वयंवर सभा के मध्य भाग में खड़े हुए श्री राम और सीता जी की युगल जोड़ी पर प्रजा की जय जयकार के बीच पुष्प पंखुड़ियों की अनवरत वर्षा होने लगी। माता सुनयना, राजकुमारी उर्मिला समेत राज परिवार के अन्य सदस्य भी सभा के मध्य भाग में पहुंचे। श्री राम और सीता जी की इस अद्भुत युगल छवि को वहां उपस्थित प्रत्येक व्यक्ति अपने नेत्रों और हृदय में सदैव के लिए अंकित कर लेना चाहता है। महाराज जनक अपने दोनों हाथ जोड़कर प्रजा का अभिवादन कर रहे हैं और उपस्थित सभी राजाओं को धन्यवाद दे रहे हैं। पुरोहित शतानंद जी ने स्वयंवर सभा के समापन की घोषणा कर दी लेकिन उनकी घोषणा के पश्चात भी जनसमुदाय से हर्षध्वनि क्षीण नहीं हो रही है।समय मानो ठहर गया है।

(भगवान श्री विष्णु के मनुज अवतार भगवान श्री राम और माता सीता की कथा हजारों वर्षों से भारतीय जनमानस में प्रचलित है।संस्कृत और हिंदी साहित्य से लेकर विश्व की अनेक भाषाओं में अब तक सैकड़ों रामायण लिखी गई हैं।लेखक ने इस रचना में श्री राम की महागाथा के विविध प्रसंगों से कथा प्रवाह की प्रेरणा प्राप्त की है।उन्होंने उन रचनाकारों के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करते हुए एक साधारण भक्त की अपनी कल्पनादृष्टि से रामकथा की मौलिक साहित्यिक प्रस्तुति का प्रयत्न किया है।)

## शब्द सामर्थ्य -024


(भागवत साहू)

**बाएं से दाएं**

1. घुमाव-फिराव वाला, आड़ा-तिरछा, जो कठिन हो 3. कुशलता, दक्षता, विशेषज्ञता 6. लोग, प्रजा 7. सीता, जनकनंदनी 9. सुंदर, कामना करने योग्य 10. क्रोधपूर्वक बोलने को उद्यत होना, जोश में आना, क्रोधातिरेक में चेहरे का लाल होना 13. अधीनता, मातहती, वश 14. दबाव, भार, वजन 16. हद, मर्यादा 18. प्रमाण-पत्र, प्रमाणिक कथन या बात 19. पछताना (मुहा.) 21. अनुचित मिश्रण, मिलावट 22. विफल, बेहोश, बौखलाया हुआ।

**ऊपर से नीचे**

1. सहारा, आश्रय, प्रतिज्ञा, संकल्प 2. परिश्रम 4. रात, रात्रि, निशा 5. पुत्र, बेटा 8. मूल्य, दाम 9. कपड़े का मोटा परदा 11. संदेश भेजना, उच्चारण कराना, कहलवाना 12. मृतकों को जीवित और रोगियों को स्वस्थ कर देने वाला व्यक्ति, प्रेमपात्र की संज्ञा 14. देने की क्रिया, खैरात 5. कुमार्गी, दुराचारी 17. मस्तक, माथा, ललाट 18. प्रश्न, समस्या 20. सहायता, सहारा 21. पशुओं को खिलाने वाली हरी पत्तियां, तृण, तिनका।



शब्द सामर्थ्य क्रमांक 023 का हल



## सामयिक चर्चा

### जो जिसकी बुराई करता है वह, उसकी भलाई करता है

अखबार पढ़कर, बानी बोले-''गजाधर!
ये चुनाव क्या आ गया कि नेता लोग
उल-जलूल कुछ भी बोलने लगे है।
उनका विवेक, लगता है, खो गया है,
और उनमें दुर्भावनायुक्त अहंकार के
भाव जगने लगे हैं।
अब आज की ही खबर सुनो-
बस्तर लोकसभा सीट के
कांग्रेस प्रत्याशी कवासी लखमा के
अकड़ू कथन को सुनो -
उन्होंने क्या शान से कह दिया-
''लखमा जीतेगा, नरेन्द्र मोदी मरेगा।
मुझको तो, इसको सुनने में,
पढ़ने में खराब लगता है।
मैं जानना चाहता हूँ कि
आपका मन क्या कहता है?
गजाधर इस बार नहीं मुस्कराए,
बल्कि एकदम गुस्साए,
बोले- ''ऐसई बोले
कांग्रेसियों के कारण
पार्टी का वोट बहुत घटेगा।
और मोदी, मतलब भाजपा का
वोट बहुत बढ़ेगा।''



गिरीश बख्शी

## कविता

### //यह कैसी राजनीति//

वादे करते कितने सारे, आश्वासन भरपूर।
मोह पाश बंध जाती जनता, कैसे होंगे दूर।।
स्पर्श चरण कर माथ लगाते, करते मिथ्या बात।
शब्द शहद सा निकले मुख से, मन में रखते घात।।
मुफ्त मिलेगा बिजली राशन, निर्धन को आवास।
चाल लोमड़ी की चलते फिर, बन जाते हैं खास।।
कर्ज मुक्ति की लोक लुभावन, खींचे सारा वोट।
महिलाओं को बांटें रुपया, भरे तिजौरी नोट।।
कार्य पूर्णता बात दूर की, होती है घुसपैठ।
भ्रष्टाचार बढ़ावा देते, चुप कुर्सी में बैठ।।
होड़ मची है राजनीति की, खेले नेता खेल।
लगे दांव धन यश वैभव का, लोग रहे हैं झेल।।
चिकनी चुपड़ी में ना आना, मत रहना खामोश।
भटक गए हैं राजनीति दल, लाना उनको होश।।
साक्षर भारत का अब देना,
जनता तुम पैगाम।
काम करें सब जनहितकारी,
बने नया आयाम।।



प्रिया देवांगन ''प्रियू'' राजिम
जिला - गरियाबंद छत्तीसगढ़

## राशिफल

**मेष**: आज आपका दिन अच्छा रहेगा। आज जो भी काम शुरु करेंगे वो समय पर पूरा हो जाएगा। आज नई योजनाएं बनाने के लिए समय अनुकूल है। आपको अपनी मेहनत और प्रयास के सार्थक परिणाम मिलेंगे। राजनीति से जुड़े लोगों को कोई विशेष उपलब्धि मिलने की उम्मीद है।

**वृषभ**: आज आपका दिन बेहतरीन रहने वाला है। आज व्यवसाय के वर्तमान गतिविधियों में सुधार आएगा। कोई नया अनुबंध मिलने की भी संभावना है। निवेश करने की सोच रहे हैं तो तुरंत अमल करें। परिवार के साथ किसी धार्मिक कार्य में शामिल हो सकते हैं, जिससे आपको अच्छा फील होगा।

**मिथुन**: आज आपका मन नई उमंगों से भरा रहेगा। आपको ईमानदार लोगों के साथ मेलजोल बढ़ाने की जरूरत है। आज कार्य क्षेत्र में अपना और कर्मचारियों के बीच तालमेल बनाकर रखेंगे। व्यवसाय से संबंधित कार्यों के लिए समय अनुकूल है। आज आपका दाम्पत्य जीवन खुशहाल रहने वाला है।

**कर्क**: आज का दिन मिलीजुली प्रतिक्रिया देने वाला रहेगा। अगर आप लेखक है तो आज के दिन आप किसी नई रचना की शुरुआत करेंगे। आज अपनी उर्जा को एकत्रित करके दोबारा से नई नीतियां बनाने की जरूरत है। अपनी योजनाओं को कार्य रूप देने के लिए भी उचित दिन है।

**सिंह**: आज आर्थिक तौर पर आपकी स्थिति मजबूत रहेगी। आज सभी काम सुचारू रूप से चलते जाएंगे। परंतु सहयोगियों को उनके काम में ज्यादा टोकाटाकी करना और अनुशासन बनाए रखना उनकी कार्य क्षमता को प्रभावित कर सकता है। आज ऑफिस के कार्यभार से कुछ राहत मिलेगी।

**कन्या**: आज आपका दिन खुशियां लेकर आया है। आज व्यक्तिगत व्यस्तताओं की वजह से कार्यक्षेत्र पर आपकी उपस्थिति बहुत ही कम रहेगी, परंतु सभी कार्य सुचारू रूप से बनते जाएंगे। आज नौकरी कर रहे लोगों को प्रमोशन संबंधी कोई खुशखबरी मिल सकती है। स्टूडेंट्स का आज पढ़ाई में मन लगेगा।

**तुला**: आज आपका दिन आपके अनुकूल रहेगा। आज घर में त्यौहार संबंधी गतिविधियों की योजनाएं बनेंगी। अगर किसी महत्वपूर्ण कार्य पर पैसा लगाने की सोच रहे हैं, तो तुरंत निर्णय ले। घर में भी साज सज्जा संबंधी किसी बदलाव पर योजना बन सकती है। कोई धार्मिक कार्य भी संपन्न होगा।

**वृश्चिक**: आज आपका दिन अच्छा रहेगा। आज आय की स्थिति मध्यम रहने की वजह से बजट का ध्यान जरूर रखेंगे। अनावश्यक खर्चों पर रोक लगाएं। भाइयों के साथ रिश्ते मधुर बनाकर रखने के लिए आपको प्रयास करना होगा। आज किसी दोस्त के साथ कहीं घूमने जाने का प्लान बनायेंगे।

**धनु**: आज आपका दिन पहले से ज्यादा फायदा दिलाने वाला रहेगा। आज कार्य प्रणाली को बेहतर बनाने का अनुकूल समय है। साथ ही परिजनों का सहयोग आपके निर्णय लेने में मदद कर सकता है। सराहनीय कार्य की वजह से आपको विशेष सम्मान भी मिल सकता है। इस राशि के युवा अपने भविष्य को लेकर सजग रहेंगे।

**मकर**: आज आपका दिन बेहतर रहेगा। आज आपकी मेहनत और योग्यता के अनुकूल परिणाम सामने आने वाले हैं। पिछले समय से चल रही किसी समस्या का निवारण होने से आप खुद को रिलेक्स महसूस करेंगे। इस समय कई प्रकार की लाभदायक और सुकून भरी परिस्थितियां बन रही हैं।

**कुंभ**: आज पूरा दिन खुद को तरोताजा महसूस करेंगे। आज परिवार संबंधी किसी समस्या का समाधान मिलने से सुकून और शांति का वातावरण बनेगा। सुख समृद्धि में बढ़ोतरी होने के आसार नजर आ रहे हैं। परिवार के साथ किसी धार्मिक गतिविधि में भी शांति पूर्ण समय बीतेगा।

**मीन**: आज अकारण शुरू हुई समस्यायें माता की कृपा से पूरी तरह समाप्त हो जाएंगी। आज सूझबूझ और विवेक से काम करने से हर बाजी आपके पक्ष में ही रहेगी। परिवारजनों और मित्रों के साथ भी बेहतरीन समय बिताने का मौका मिलेगा। व्यायाम करने से, स्वास्थ्य संबंधित परेशानी खत्म होंगी।

# लोकसभा चुनाव देश की दशा व दिशा तय करेगा-मंत्री लखनलाल देवांगन

**0 प्रभारी मंत्री लखन लाल देवांगन ने किया धुंआधार जनसम्पर्क**

**0 कांग्रेसियों का काम सिर्फ झूठ बोलना - मंत्री लखन लाल**



खैरागढ़ (दावा)। छत्तीसगढ़ शासन के वाणिज्य उद्योग और श्रम मंत्री व खैरागढ़-छुईखदान-गंडई जिले के प्रभारी मंत्री लखन लाल देवांगन अपने एकदिवसीय दौरे पर खैरागढ़ ग्रामीण मण्डल भाजपा के अंतर्गत ग्राम भोथी, करमतरा, रेंगाकठेरा, सलौनी, सोनभट्ठा एवं मदराकुही पहुंचे जहां भाजपाइयों ने प्रभारी मंत्री के प्रथम आगमन पर जोरदार स्वागत किया। बता दें कि जिले के प्रभारी मंत्री लखन लाल देवांगन ने उक्त ग्रामों में पहुंचकर राजनांदगांव लोकसभा क्षेत्र से सांसद प्रत्याशी संतोष पांडे के पक्ष में मतदान करने के लिए मतदाताओ से निवेदन किया। साथ ही छत्तीसगढ़ के पूर्व मुख्यमंत्री व राजनांदगांव लोकसभा चुनाव में कांग्रेस प्रत्याशी भूपेश बघेल पर जमकर निशाना साधते हुए कहा कि कांग्रेस प्रत्याशी भूपेश बघेल झूठ बोलकर छत्तीसगढ़ में पिछले 5 साल के कार्यकाल में जनता को सिर्फ ठगने का काम किया है व प्रदेश में महादेव एप्प घोटाला, कोयला घोटाला, शराब घोटाला यहां तक कि गौमाता के चारे पैरा में भी घोटाला करने में भी पीछे नही रहे जिसके चलते इनके कार्यकाल के कई अधिकारी आज जेल में बंद है। तथा इन्होंने युवाओ व होनहार छात्रों के साथ भी पीएससी में घोटाला करके यह बता दिया है कि इनसे बड़ा घोटाले बाज कोई नही है। छत्तीसगढ़ राज्य में घोटाले की लम्बी फेहरिस्त के चलते जनता ने 2023 में हुए विधानसभा चुनाव में इन्हें सत्ता से बाहर कर दिया व केंद्र में बैठी मोदी सरकार के गारंटी को पूरा करने के उद्देश्य से भाजपा सरकार को छत्तीसगढ़ की कमान सौपी है जिसमें छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की सरकार ने सबसे पहले गरीबों के प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के तहत 18 लाख आवास निर्माण की स्वीकृति पर मुहर लगाई तत्पश्चात किसानों को 2 वर्ष के बकाया बोनस का भुगतान किया साथ ही किसानों को एकमुश्त धान की अंतर की राशि देकर बता दिया है कि मोदी की गारंटी को पूरा करने के लिए यह भाजपा सरकार प्रतिबद्ध है साथ ही विवाहित महिलाओं को महतारी वन्दन योजना के अंतर्गत हर महीने एक हजार रुपये सीधे उनके खाते में भेज रहे है जिनसे महिलाएं आत्मनिर्भर बन रही है। मंत्री लखनलाल ने आगे कहा कि लोकसभा चुनाव देश का सबसे बड़ा चुनाव है जिससे देश की दशा व दिशा तय होना है व मोदी के पिछले 10 वर्षो के कार्यकाल में अनेक कार्य हुए है साथ ही देश की आर्थिक स्थिति भी मजबूत हुई है व देश की जनता तीसरी बार भी मोदी जी को प्रधानमंत्री बनाने के लिए आतुर है। संबोधन की कड़ी में खैरागढ़ विधानसभा के छाया विधायक विक्रांत सिंह ने कहा कि केंद्र की मोदी सरकार ने 10 वर्षो में विकास के नए कीर्तिमान स्थापित किये है जिसमे प्रधानमंत्री जल जीवन मिशन के अंतर्गत हर घर तक शुद्ध पेयजल की योजना हो या प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि के तहत किसानों को सालाना छः हजार रुपये देकर किसानों का सम्मान किया है इसी तरह आयुष्मान भारत, उज्ज्वला योजना के तहत देश की महिलाओं को गैस सिलेंडर का वितरण किया है।साथ ही कोरोनाकाल में जब पूरी दुनिया वेक्सीन के लिए भटक रही थी तब देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कोरोना के विरुद्ध निःशुल्क टीकाकरण की व्यवस्था कराया इसी प्रकार छत्तीसगढ़ में भाजपा सरकार बनते ही मोदी की गारंटियों पर मुहर लगना शुरू हो गया है तथा सभी वर्ग भाजपा सरकार के कार्यो से खुश है। साथ ही राजनांदगांव लोकसभा क्षेत्र के सांसद संतोष पांडे ने पिछले पांच साल जनता की सेवा किया है व उन्हें भाजपा ने पुनः कार्य करने के लिए प्रत्याशी बनाया है। इसी कड़ी में दौरान पूर्व विधायक कोमल जंघेल ने कहा कि भाजपा सरकार सदैव देश हित में कार्य करती है तथा पिछले 10 सालों में केंद्र की मोदी सरकार ने देश हित में अनेक काम किये है जिसमे अयोध्या के भव्य राममंदिर बनाकर देशवासियों को रामलला का दर्शन भी कराया जा रहा है व लोकसभा चुनाव में भाजपा पुनः केन्द्र की सत्ता में आएगी व देशवासियो के हित के लिए काम करेगी। इस दौरान जिला भाजपा अध्यक्ष घम्मन साहू, विधानसभा सहप्रभारी खम्मन ताम्रकार, टीके चन्देल, विकेश गुप्ता, प्रकाश सिंह, हरप्रसाद वर्मा, केशव चन्देल, अनिल अग्रवाल, कृष्णा वर्मा, नरेंद्र श्रीवास, देवकुमार सेन, भरत वर्मा, दीनदयाल सिन्हा, दिलेश्वर यदु, जयप्रकाश वर्मा, हर्षवर्धन वर्मा, उत्तम सिन्हा, रविन्द्र वर्मा, हेमचन्द वर्मा, मिनेश साहू, तेजेश्वर साहू, त्रिभुवन साहू, प्रद्युमन साहू, गणेश वर्मा, प्रताप वर्मा, परस वर्मा, चतुर वर्मा, मन्थीर वर्मा, ज्ञानेंद्र वर्मा, अवध वर्मा, मुकेश वर्मा सहित भाजपाई बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

## पहला कॉलम...

### भाजपा का करियाटोला में घर-घर जनसम्पर्क



डोंगरगांव (दावा)। नगर पंचायत क्षेत्र के करियाटोला से घर-घर जनसम्पर्क कर भाजपा प्रत्याशी संतोष पांडेय दूसरी बार पुनः सांसद बना कर लोकसभा भेजने व प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को तीसरी बार भाजपा सरकार बनाने हेतु समर्थन मांगा, जिसमें मंडल अध्यक्ष राम कुमार गुप्ता, महामंत्री संतोष यादव, प्रफुल्ल जैन, लक्ष्मी नारायण सेन, राजीव वैष्णव, हरिशंकर साहू, रविन्द्र मंडलोई उपस्थित थे।

### भारत स्काउट एंड गाइड्स का प्याऊ घर सेवा का हुआ शुभारंभ



राजनांदगांव (दावा)। भारत स्काउट्स एवं गाइड्स छत्तीसगढ़ के डॉ. सोमनाथ यादव, राज्य मुख्य आयुक्त कैलाश कुमार सोनी, राज्य सचिव अभय जायसवाल, जिला शिक्षा अधिकारी पदेन जिला आयुक्त स्काउट जिला राजनांदगांव के दिशा निर्देश एवं मार्गदर्शन में ग्रीष्म कालीन पियाऊ घर सेवा 9 अप्रेल से 9 मई तक जिला मुख्यालय एवं विकासखण्ड डोंगरगढ़ में आरंभ की गई। जिसमें रौनक कैटर्स एण्ड टेन्ट हाउस जिला सतनामी सेवा समिति त्रिशंख मण्डल कायस्थ सभा कायस्थ समाज राजनांदगांव तथा गट्टानी परिवार डोंगरगढ़ के सहयोग से आरंभ की गई। प्रथम दिवस जिला मुख्यालय में जिला एवं विकासखण्ड राजनांदगांव की शालाओं शा.उ.मा.वि.सुरगी शा. उ.मा.वि. भानपुरी महंत राजा बलरामदास, शा.उ.मा.वि.स्टेट स्कूल बलदेव प्रसाद मिश्र, शा.उ.मा.वि. बसंतपुर, आम्बेडकर ओपन रोवर क्रु डोंगरगढ़ के स्काउट रोवर ने सेवा कार्य किया। इस कार्य में श्रीमती उषा चटर्जी नोडल स्काउट गाइड जिला मुख्यालय आयुक्त गाइड, देवेंद्र अम्बादे जिला सचिव, मयूख श्रीवास्तव जिला संगठन आयुक्त स्काउट, रमेश दास साहू विकास खण्ड सचिव राजनांदगांव, राजाराम देवांगन, हेमन्त देशमुख, श्रीमती सुशीला नेताम, नीरेन्द्र नीलम साहू श्रीमती भारती रजक, राकेश भावते की सक्रिय सहभागिता रही।

### महिलाओं के साथ छल और ठग कर रहे है कांग्रेस- दीपक वर्मा, अनिल सिंह

घुमका (दावा)। लोकसभा चुनाव के आने के बाद कांग्रेस के लोगों द्वारा सलाना 1 लाख रूपए एवं महिलाओं की जो महिला समूह से है उनका कर्ज माफी भी किया जायेगा बोला था और 500 रूपए हर माह देने का वादा भी किया था जिसे अभी तक दे नहीं पाये तो अब की बार कैसे विश्वास किया जाये वही महिलाओं की रेडी टू इट का भी काम अपने लांभश एजेंसी को दे दिया गया था। लेकिन मोदी की पूरा पूरा गारंटी है। लोकसभा चुनाव में ऐंसी मिठ लबरा और वादा खिलाफी सरकार कांग्रेस को मुंहतोड़ जवाब आवश्य मिलेंगे। नवा गरूवा घुरवा बाड़ी में भी हजारों करोड़ की लाभांस में खुद अपने लोगों के साथ वारा-न्यारा हो गया फिर भी नरूवा वही गरूवा वही बाकी वो घुरूवा हो गया।

### छुरिया व फाफामार में भाजपा महिला मोर्चा महतारी वंदन सम्मेलन



छुरिया (दावा)। छुरिया ब्लॉक के ग्राम फाफामार व नगर पंचायत छुरिया में महतारी वंदन योजना का सम्मेलन आयोजन किया गया जिसमें मुख्य रूप से महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष श्रीमती किरण साहू शामिल हुई व संबोधित करते हुए कहा कि हमको नरेन्द्र मोदी को फिर से प्रधानमंत्री बनाना है, इसके लिए आप सब का भरपूर आशीर्वाद भाजपा प्रत्याशी संतोष पांडे को मिलना चाहिए आप सब लोगों के आशीर्वाद से भाजपा छत्तीसगढ़ में सरकार बनने के बाद सारे वादें पूरे किए जा रहे है। कार्यक्रम को जनपद पंचायत छुरिया अध्यक्ष श्रीमती जनपद अध्यक्ष श्रीमती किरण वैष्णव संबोधित करते हुए कहा कि विष्णु देव साय की सरकार ने महतारी वंदन योजना की दूसरी किश्त जारी कर दी गई, सरकार अपने वादों सत्ता आने के साथ 100 दिन के अन्दर पूरा किया, विष्णु देव साय की सरकार में सभी काम साय साय हो रहा है प्रधानमंत्री आवास का काम चालू हो गया है गरीबों के आवास को छीनने वालों को भूपेश बघेल को इस बार जनता सबक सिखायेगी। इस अवसर में सीमा सिन्हा नगर पंचायत छुरिया अध्यक्ष, मालती उईके महिला मोर्चा अध्यक्ष, संगीता यादव, द्रौपदी मांडवी, भारती रजक, त्रिवेणी कुंभकार, लक्ष्मी यादवसहित भाजपा कार्यकर्ता महिला उपस्थित हुए।

# मुल्क के अमन चैन और खुशहाली की दुआ के साथ हर्षोल्लासपूर्वक मनाई गई ईद



खैरागढ़ (दावा)। हर वर्ष की तरह परम्परानुसार मुस्लिम समाज ने जश्रे ईद-ऊल-फितर का मुबारक त्यौहार हर्षोल्लास के साथ मनाया। स्थानीय दाऊचौरा स्थित ईदगाह की पाक सरजमीं पर गुरुवार 11 अप्रैल को सुबह 9 बजे मुस्लिम भाईयों को जामा मस्जिद के पेश ईमाम हाफिज फखरुद्दीन ने परंम्परानुसार ईद की पाक नमाज अता करवाई। बुधवार 10 अप्रैल की रात चांद की तस्दीक के बाद गुरुवार 11 अप्रैल को ईद का मुबारक त्यौहार जोशोजश्न के साथ मनाया गया। ईदगाह में पेश इमाम साहब ने तकरीर की उसके बाद नमाजे ईदुलफितर मुस्लिम रवायत के मुताबिक अता की गई जिसके बाद ईद-ऊल-फितर का विशेष खुदबा पढ़ा गया व आखिर में सलातो-सलाम पढ़कर वतन के अमन, चैन व खुशहाली के साथ सभी की सलामती की दुआ मांगी गई। एक दूसरे से गले मिलकर दी ईद की बधाई दुआ के बाद मुसलमान भाईयों ने एक दूसरे को गले लगाकर ईद की मुबारक दी और कब्रिस्तान पहुंचकर अपने मरहुमों के ईसाले सवाब के लिये फातिहा पढ़ी वही इसके बाद नगर में दिनभर मुसलमान भाई एक दूसरे के घर जाकर ईद की मुबारकबाद देते रहे और सेवई-खीर तस्कीम का सिलसिला चलता रहा।

ईस्लाम धर्म की मान्यता अनुसार मुसलमानों के लिये बेहद खास एवं पाक महीने रमजान में मुसलमानों पर एक माह तक रोजे रखने, कुरान की तिलावत करने, तरावीह सुनने और कसरत से खुदा की इबादत करना व जफात निकालना फर्ज और सुन्नत माना गया हैं और आखिरी रोजे के मुकम्मल होने के बाद चांद का दीदार कर जश्रे ईद मनाई जाती हैं। माना जाता हैं कि खुदा ने मुसलमानोंध पर खुद (स्वयं) का फितरा निकालना वाजिब फरमाया हैं, इसलिये ईद को ईदुलफितर कहा जाता हैं। ईदगाह में नगर के साथ ही आसपास व दूरदराज के वनांचल क्षेत्र से आये मुसलमान भाईयों ने शिरकत की और त्यौहार को लेकर इस दौरान नौनिहालों से लेकर बड़े बुजुर्गो में खासा उत्साह नज़र आया। नमाज के दौरान ईदगाह परिसर के नज़दीक व्यवस्था बनाये रखने में पुलिस प्रशासन का सहयोग भी सराहनीय रहा। इस अवसर पर नगर पालिका उपाध्यक्ष व मुस्लिम जमात जामा मस्जिद के पूर्व सदर अब्दुल रज्जाक खान, हाफिज मोहिब्बुल हक़, हाफिज जियाउल हक़, जामा मस्जिद सदर अरशद हुसैन, नायब सदर ज़फ़र हुसैन खान, हाजी नासिर मेमन, हाज़ी रिज़्वान मेमन, हाजी ईमरान मेमन, हाजी मोहसिन अली, हाजी जाहिद अली, हाजी मुर्तजा खान, जामा मस्जिद के कोषाध्यक्ष मो. इदरीस खान, कासिम खान, इकरा फाउंडेशन के अध्यक्ष खलील कुरैशी, जिला मुस्लिम समाज के सचिव मो. याहिया नियाज़ी, जामा मस्जिद के सचिव सैय्यद अल्ताफ अली, शमसुल होदा खान, जफर उल्लाह खान, जहीन खान, फारुख मेमन, सलाम खान, जाकिर अली, जमीर कुरैशी, कदीर कुरैशी, डॉ. मकसूद अहमद, मतीन अशरफ, अय्यूब सोलंकी, जाकिर हुसैन, कय्यूम कुरैशी, जमीर अहमद खान, रियाजुद्दीन कादरी, जमील मेमन, सहित खैरागढ़ थाना से एसआई कोमल मिंज व आरक्षक देशराज पटेल सहित बड़ी संख्या में मुस्लिम जमात के लोग उपस्थित थे।

# डोंगरगढ़ के नवरात्रि मेले में चाकूबाज गिरफ्तार

**पुलिस की चोर, पॉकेटमार, चाकुबाज एवं असमाजिक तत्वों पर बनी कड़ी नजर**




डोंगरगढ़ (दावा)। नवरात्रि मेले में पुलिस की चोर बदमाशों सहित असमाजिक तत्वों पर कड़ी नजर बनी हुई है। पुलिस ने गुरुवार को एक चाकू बाज को धरदबोचा है। नीचे मंदिर मेला ग्राउण्ड के पास चाकू के साथ एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है और उसके खिलाफ़ 25 आर्म्स एक्ट के तहत कार्यवाही की गई है।

बता दें कि चैत्र नवरात्रि पर्व के अवसर पर में पुलिस विभाग द्वारा दर्शनार्थियों के सुरक्षा व्यवस्था/शांति व्यवस्था/कानून व्यवस्था/यातायात, पार्किंग व मेला व्यवस्था हेतु अधिक से अधिक पुलिस बल तैनात कर चोर, पॉकेटमार, चाकूबाज एवं अन्य असमाजिक तत्वों पर पुलिस कड़ी निगरानी रखी है। इसी तारतम्य मे गुरुवार 11अप्रेल को डोंगरगढ़ पुलिस द्वारा नीचे मंदिर मेला ग्राउण्ड डोंगरगढ़ के पास चाकु लेकर घुम रहे दीपेश दीप उर्फ आयुष पिता सुशील दीप उम्र- 18 साल 02 माह निवासी गंजपारा उत्कल कॉलोनी वार्ड नंबर 37 में दुर्ग थाना कोतवाली दुर्ग को घेराबंदी कर चाकू के साथ रंगेहाथ पकड़ा गया और उसके विरूद्ध 25 आर्म्स एक्ट के तहत कार्यवाही किया गया है।

# भाजपा कार्यालय का उद्घाटन खूबचंद पारख ने किया



छुरिया(दावा)। नगर में भाजपा चुनावी कार्यालय का उद्घाटन लोकसभा चुनाव सयोजक खूबचंद पारख लोकसभा सह प्रभारी दिनेश गांधी की मौजूदगी में भाजपा कार्यालय का विधि विधान से पूजा अर्चना के पश्चात भाजपा के पुरोधा पंडित दीनदयाल उपाध्याय एवं श्याम प्रसाद मुखर्जी के तैलचित्र में माल्यार्पण कर भाजपा के वरिष्ठ नेता खूबचंद पारख ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि भाजपा कार्यकर्ता बुथों में जाकर पूरी ईमानदारी निष्ठा के साथ काम करे, भाजपा कार्यकर्ताओं के परिश्रम के कारण प्रदेश में सत्ता में काबिज हुए इस बार पूरा प्रदेश की ग्यारह लोकसभा सीट जीत कर देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 400 पार के लक्ष्य को साकार करना है।

सहप्रभारी दिनेश गांधी ने कहा बुथों में हमारा पूरा फोकस होना चाहिए इस बार एक-एक बुथों में 370 वोट की बढोतरी होनी चाहिए इसके लिए गभीरता से बुथों मतदाताओं के बीच जाना होगा, भाजपा सरकार द्वारा मोदी गारंटी के तहत अपने वादे पूरा किया महतारी वंदन योजना की दूसरी किश्त भी जारी कर दी गई किसानों को धान की अन्तर राशि सीधे किसानों खाते डाली गई प्रधानमंत्री आवास सहित अनेक गांरटी पर वादे पूरा हो गया है इस अवसर में खुज्जी विधानसभा प्रभारी रविन्द्र वैष्णव सह प्रभारी जगजीत सिंह भाटिया, मंडल भाजपा अध्यक्ष अजय पटेल जनपद अध्यक्ष श्रीमती किरण वैष्णव रोमी भाटिया, संजय सिन्हा, मनीष त्रिपाठी आलोक मिश्रा, घासी साहू शेखर भारतद्वाज, जनपद पंचायत, न.प. अध्यक्ष श्रीमती सीमा सिन्हा, माया राम साहू अशोक मरकाम बोनी पटेल संगीता यादव मालती ऊइके धन्ना यादव, देवदास साहू शिशूपाल साहू रेखालाल सोनकर विक्रांत श्रीवास्तव सोहन साहू, मनीष जैन कांति लाल साहू हेतराम साहू अशोक मालेकर रोहित सिन्हा प्रिंस भाटिया कुश कुंभ्मकार, नीरज यादव, नैन सिंह पटेल, शानू यादव, रोहित सिन्हा, तीरथ साहू, श्रीमती द्रोपती मंडावी, भूखन धनकर कुंदन बदोले, कांता साहू, हितेश गुप्ता, पप्पू रामटेके, सहित बडी संख्या भाजपा कार्यकर्ता शामिल हुए उक्त जानकारी लोकसभा मीडिया प्रभारी राधेश्याम शर्मा द्वारा दी गई।

# मुस्लिम समाज के लोगों ने मनाई ईद : नमाज के बाद एक दूसरे से गले लगाकर दी बधाई



बालोद (दावा)। रमजान के रोजे के बाद खुशी का इजहार करने ईद का त्योहार मुस्लिम समुदाय के द्वारा मनाया गया। ईदगाह में जामा मस्जिद के पेश ईमाम मोहम्मद शकील चिस्ती ने कहा कि यह गरीब, यतीम सारे लोगों की ईद होती है, आज अल्लाह की बारगाह में मांगने का दिन है, आज शुकराना अदा करने और खुशी मनाने का दिन है, कोई गरीब इंसान है उसकी मदद करने का दिन है, कोई गरीब हो और उसके तन में कपड़ा ना हो तो अमीरों को चाहिए कि उसकी खुशी के लिए कपड़े का इंतजाम करें।

**अल्लाह की बारगाह में मांगने का दिन**

हाजी शकील चिस्ती ने कहा की रमजान का रोजा ईद का तोहफा है, उसके रोजे बारगाहे इलाही में मकबूल होते हैं, उसके लिए ईद है। ईद की नमाज के बाद उन्होंने प्रदेश व हिंदुस्तान की तरक्की, अमन, भाईचारा के लिए दुआएं की। ईद उल फितर पर छोटे बड़े बुजुर्ग सभी नए वस्त्र पहन कर ईदगाह पहुंचे नमाज अदा कर एक दूसरे से गले मिलकर बधाई दी, नमाज अदा करने के बाद कब्रिस्तान जाकर अपने मरहूम के लिए परवर दिगार से मग फेरत के लिए दुआएं की, यह त्योहार मीठी ईद के नाम से भी जानी जाती है।

**0 फाउंडेशन ने बच्चों को दी ईदी कलम**

ईद की नमाज के बाद आल मुस्लिम वेलफेयर फाउंडेशन बालोद की ओर से बच्चों को शिक्षा के प्रति जागरूकता पैदा करने के लिए ईदी कलम बाटी गई,फाउंडेशन के दुर्ग संभाग अध्यक्ष जाहिद अहमद खान ने इस मौके पर बच्चों के हौसला अच्छाई करते हुए उन्हें मुबारकबाद दी।

**0 कमाई का ढाई प्रतिशत हिस्सा गरीबों को देना जरूरी**

इस त्यौहार में मुस्लिम समुदाय के द्वारा अपनी कमाई का ढाई प्रतिशत हिस्सा गरीबों के लिए देना अनिवार्य है, जिसे जकात कहते हैं, इसका मकसद यह है कि गरीब बच्चे सभी इस पैसे से अपने बच्चों के साथ ईद मना सके। ईद के इस मौके पर इंतजामियां कमेटी के शाहिद खान ने मुसलमानों को ईद की बधाई दी, व कमेटी के विकास कार्य की जानकारी देते हुए पुलिस प्रशास न, नगरपालिका का आभार व्यक्त किया।

# गृह मंत्री अमित शाह की सभा को लेकर खैरागढ़ में जोरदार तैयारियां




राजनांदगाँव(दावा)। भाजपा के प्रत्याशी संतोष पांडे को भारी मतों से विजयी बनाने के अभियान में अब पार्टी के राष्ट्रीय नेताओं का दौरा प्रारंभ हो गया हैं। वैसे तो प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय का संसदीय क्षेत्र में निरंतर प्रवास हो रहा हैं, पार्टी के प्रत्याशी संतोष पांडे स्वयं प्रतिदिन दो दर्जन से भी अधिक ग्रामों में जनसम्पर्क कर रहें हैं। संसदीय क्षेत्र के संयोजक मधुसूदन यादव, सहसंयोजक नीलू शर्मा व दिनेश गांधी भी लगातार प्रवास कर मतदाताओं को भाजपा की रीति नीति से अवगत करा रहे हैं साथ ही आदिवासियों के लोकप्रिय नेता एमडी ठाकुर भी प्रचार अभियान की कमान संभाले हुए हैं। बावजूद इसके चुनाव अभियान को और अधिक धारदार और मारक बनाने के लिए पार्टी के राष्ट्रीय नेता केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह की महती जनसभा 14 अप्रैल को खैरागढ़ में आयोजित की जा रही हैं। जिसकी तैयारी पार्टी द्वारा जोरशोर से प्रारंभ कर दी गई हैं।

भाजपा मीडिया सेल द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार तैयारियों को लेकर आज पार्टी के बड़े नेताओं संभाग प्रभारी भूपेन्द्र सवन्नी, नीलू शर्मा, जिला भाजपाध्यक्ष रमेश पटेल, खैरागढ़ भाजपाध्यक्ष खम्मन ताम्रकार, पूर्व विधायक कोमल जंघेल, जिला पंचायत उपाध्यक्ष विक्रांत सिंह, सहकारी बैंक के अध्यक्ष सचिन बघेल, व गिरिराज सिंह की उपस्थिति में बड़ी बैठक सम्पन्न हुई।

बैठक को संबोधित करते हुए नीलू शर्मा ने कहा कि संसदीय क्षेत्र में चुनाव अभियान पार्टी की रणनीति के तहत पूरी गति के साथ सुचारु रूप से आगे बढ़ रहा हैं पार्टी के सभी विंग महिला मोर्चा, युवा मोर्चा व अन्य मोर्चा प्रकोष्ठों के कार्यकर्ता पूरी गति से अबकी बार 400 पर के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए दिन रात परिश्रम कर रहें हैं। इसी लक्ष्य की प्राप्ति के लिए देश के गृह मंत्री अमित शाह की सभा खैरागढ़ में होने जा रही हैं। यह सभा सफल हो, इसका लाभ क्षेत्र की जनता व पार्टी को मिले, अधिकाधिक लोगसभा में पहुंचे इसके लिए कार्यकर्ता जनता के बीच जाकर सभा के लिए समर्थन मांगे। विज्ञप्ति के अनुसार बैठक में सभा को लेकर व्यापक रणनीति बनाई गई व कार्यकर्ताओं को आवश्यक दिउषा निर्देश देकर जिम्मेदारीयाँ सौपी गई।

# श्रद्धालुओं द्वारा बम्लेश्वरी मंदिर में मनोकामना ज्योति प्रज्जवलित






डोंगरगढ़ (दावा)। श्री बम्लेश्वरी मंदिर ट्रस्ट समिति, डोंगरगढ़ द्वारा आयोजित मां बम्लेश्वरी देवी का चैत्र नवरात्रि पर्व में दिनांक 09 अप्रैल को ऊपर मंदिर, नीचे मंदिर, व शीतला मंदिर में श्रद्धालुओं द्वारा मनोकामना ज्योति कलश प्रज्जवलित किया गया। चैत्र नवरात्र ऊपर मंदिर में 7151 नीचे मंदिर में 901 शीतला माता मंदिर में 61 अंखड ज्योति कलश प्रज्जवलित किया गया है। श्री बम्लेश्वरी मंदिर ट्रस्ट समिति, डोंगरगढ़ द्वारा संचालित सभी मंदिरों में ट्रस्ट द्वारा नियुक्त आचार्य पंडितों के द्वारा शतचंडी पाठ, देवी भागवत, तथा विशिष्ट पूजा हवन कर देवी के नौ अवतारों की पूजा अराधना की गई।

पंचमी 13 अप्रैल को, दिनांक 15 अप्रैल को सप्तमी में ऊपर मंदिर एवं नीचे मंदिर में विशेष काल रात्रि अभिषेक मध्य रात्रि 11 बजे से 12.30 बजे के मध्य, अष्टमी हवन दिनांक 16 अप्रैल को ऊपर मंदिर में प्रातः 8 बजे एवं नीचे मंदिर व शीतला माता मंदिर में रात्रि 7.30 बजे से प्रारम्भ होगी, नवमी ज्योति विसर्जन दिनांक 17 अप्रैल को ऊपर मंदिर में प्रातः 4 बजे एवं नीचे मंदिर व शीतला मंदिर में रात्रि 8 बजे से प्रारम्भ होगी, नीचे मंदिर एवं शीतला मंदिर के ज्योति हेतु टोकन दिनांक 16 अप्रैल को शाम 5:00 बजे तक वितरित किया जायेगा। ज्योति कलश प्रज्जवलित करने वाले श्रद्धालुओं से निवेदन है कि अपना ज्योति टोकन निर्धारित तिथि दिनांक 16 अप्रैल तक अवश्य प्राप्त कर लेवें। उक्ताशय की जानकारी ट्रस्ट के मंत्री महेन्द्र परिहार ने दी।

# मुंबई ने दर्ज की आईपीएल की दूसरी जीत, बेंगलुरु को सात विकेट से हराया

मुंबई। आईपीएल 2024 के 25वें मैच में मुंबई इंडियंस ने सात विकेट से आरसीबी के खिलाफ जीत दर्ज की। एमआई अपनी दूसरी जीत के साथ अंक तालिका में सातवें स्थान पर पहुंच गई है। वहीं, आरसीबी नौवें पायदान पर बनी है। टॉस हारकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी बेंगलुरु ने 20 ओवर में आठ विकेट खोकर 196 रन बनाए। इसके जवाब में मुंबई ने 15.3 ओवर में तीन विकेट खोकर 199 रन बनाए।

### ईशान-रोहित के बीच हुई दमदार साझेदारी

197 रन के लक्ष्य का पीछा करने उतरी मुंबई को ईशान किशन और रोहित शर्मा ने दमदार शुरुआत दिलाई। दोनों के बीच पहले विकेट के लिए 101 रन की साझेदारी हुई। ईशान किशन ने इस मैच में 202.94 के स्ट्राइक रेट से सात चौके और पांच छक्के लगाए। वह 69 रन बनाकर आउट हुए। वहीं, हिटमैन 38 रन बनाकर पवेलियन लौटे। उन्हें विल जैक्स ने 12वें ओवर में रीस टॉप्ली के हाथों कैच कराया। मुंबई के लिए तीसरे नंबर पर बल्लेबाजी के लिए आए सूर्यकुमार यादव ने विस्फोटक प्रदर्शन किया। उन्होंने महज 17 गेंदों में पचासा ठोका। स्टार बल्लेबाज ने 273.68 के स्ट्राइक रेट से 52 रनों की दमदार पारी खेली। इस दौरान उनके बल्ले से पांच चौके और चार छक्के निकले। उन्हें विजयकुमार विशक ने लोमरोर के हाथों कैच कराया। इसके बाद हार्दिक पांड्या और तिलक वर्मा ने पारी को संभाला और टीम को जीत दिलाई। दोनों के बीच चौथे विकेट के लिए 23 रन की नाबाद साझेदारी हुई। कप्तान ने छह गेंदों में तीन छक्कों की मदद से 21 रन बनाए। वहीं, तिलक वर्मा ने 10 गेंदों में 16 रन बनाए। आरसीबी के लिए आकाश दीप, विजयकुमार विशक और विल जैक्स ने एक-एक विकेट हासिल किया।



पहले बल्लेबाजी करने उतरी बेंगलुरु के लिए फाफ डुप्लेसिस ने सर्वाधिक रन बनाए। उन्होंने 61 रनों की दमदार पारी खेली। वहीं, रजत पाटीदार ने अर्धशतक लगाया। इस मैच में विराट कोहली सिर्फ तीन रन बना सके। उन्हें बुमराह ने 14 रन के स्कोर पर अपना शिकार बनाया। तेज गेंदबाज ने आईपीएल में पांचवीं बार कोहली को आउट किया।

टीम को दूसरा विकेट विल जैक्स के रूप में लगा। अपने डेब्यू मैच में जैक्स सिर्फ आठ रन बना सके। उन्हें आकाश माधवाल ने 23 रन के स्कोर पर आउट किया। इसके बाद फाफ डुप्लेसिस और रजत पाटीदार के बीच तीसरे विकेट के लिए 82 रन की विशाल साझेदारी हुई, जिसे गेराल्ड कोएत्जी ने तोड़ा। उन्होंने इम्पैक्ट खिलाड़ी के तौर पर आए पाटीदार को विकेटकीपर के हाथों कैच आउट कराया। वह अर्धशतकीय पारी खेलकर आउट हुए। इस दौरान उन्होंने 192.30 के स्ट्राइक रेट से तीन चौके और चार छक्के लगाए। इसके तुरंत बाद ग्लेन मैक्सवेल का विकेट गिरा जो शून्य पर आउट हुए। इस सीजन में उनका बल्ला बिल्कुल भी प्रभावशाली नहीं रहा।

### बुमराह ने लिया फाइव विकेट हॉल

आरसीबी के लिए बुमराह काल साबित हुए। उन्होंने अपने तीसरे ओवर की चौथी गेंद पर कप्तान फाफ डुप्लेसिस को टिम डेविड के हाथों कैच कराया। बुमराह ने इस ओवर की पांचवीं गेंद पर महिपाल लोमरोर को एलबीडब्ल्यू आउट किया। वह बिना खाता खोले पवेलियन लौटे। इसके बाद तेज गेंदबाज ने 19वें ओवर में लगातार दो गेंदों पर दो विकेट चटकाए। उन्होंने सौरव चौहान और विजयकुमार विशक को आउट किया। इसी के साथ उन्होंने पांच विकेट हॉल हासिल किया। वहीं, दिनेश कार्तिक ने दमदार प्रदर्शन किया। उन्होंने 22 गेंदों में अपना 21वां पचासा पूरा किया। वह 23 गेंदों में 53 रन बनाकर नाबाद रहे। इस दौरान दिग्गज बल्लेबाज ने 230.43 के स्ट्राइक रेट से पांच चौके और चार छक्के लगाए। वहीं, आकाश दीप दो रन बनाकर नाबाद रहे। मुंबई के लिए बुमराह ने पांच विकेट चटकाए जबकि गेराल्ड कोएत्जी, आकाश मधवाल और श्रेयस गोपाल ने एक-एक विकेट हासिल किया।

## पहला कॉलम...

### संजू सैमसन पर लगा 12 लाख रुपए का जुर्माना



जयपुर। राजस्थान रॉयल्स के कप्तान संजू सैमसन पर 12 लाख रुपये का जुर्माना लगाया गया है। ये राजस्थान के लिए सीजन में पहली हार के बाद दूसरा झटका है। सैमसन पर यह जुर्माना बुधवार को जयपुर में गुजरात टाइटंस के खिलाफ खेले गए मुकाबले के बाद लगाया गया। संजू को स्लो ओवर रेट का दोषी पाया गया है।

आईपीएल ने मीडिया रिलीज में कहा,आईपीएल कोड ऑफ कंडक्ट के अनुसार यह राजस्थान के कप्तान की इस सीजन की पहली गलती है इसलिए उन्हें सबसे न्यूनतम दंड दिया गया है। सैमसन पर 12 लाख रुपये का जुर्माना लगाया गया। संजू सैमसन ने 38 गेंदों में नाबाद 68 रन बनाए और रियान पराग (78) के साथ 130 रनों की अहम साझेदारी की, जिससे राजस्थान ने 20 ओवरों में 196/3 का शानदार स्कोर बनाया। जवाब में इस लक्ष्य का पीछा करने उतरी गुजरात ने 20 ओवर में 7 विकेट पर इसे हासिल कर लिया। हार के बावजूद, आरआर अभी भी अंक तालिका में शीर्ष स्थान पर है। अब शनिवार को पंजाब किंग्स के खिलाफ खेलने के लिए टीम मुल्लांपुर जाएगी।

### सस्ता होने वाला है सोना

मुंबई। पीली धातु सोने की कीमतें हाई लेवल पर हैं। हर कोई यही अनुमान लगा रहा है कि सोने और चांदी की कीमतों में तेजी जारी रहेगी। वैसे हाल ही में कुछ मीडिया रिपोर्टस में दावा किया जा रहा है कि जून में सोने के दाम में 6 से 7 हजार रुपए की गिरावट आ सकती है? जून महीने में फेड रिजर्व की बैठक होने जा रही है। इस मीटिंग में फेड के फैसले से गोल्ड की कीमतों में गिरावट आएगी या फिर तेजी आएगी। इसका फैसला भी जल्द ही पता लग जाएगा। इस समय गोल्ड की कीमतें लगातार बढ़ रही है तो ऐसे में गोल्ड की कीमतों में करेक्शन देखने को मिल सकता है। कुछ महीनों में सोने की कीमतों में करीब 27 फीसदी की तेजी देखने को मिली है, लेकिन अब सोने में करेक्शन भी आएगी।


### भारतीय एआई स्टार्टअप नेयसा ने जुटाए 20 मिलियन डॉलर

मुंबई। एआई क्लाउड और प्लेटफॉर्म-ए-ए-सर्विस (पीएएएस) स्टार्टअप नेयसा ने कहा कि उसने मैट्रिक्स पार्टनर्स इंडिया, नेक्सस वेंचर पार्टनर्स और एनटीटीवीसी निवेश फर्मों से 20 मिलियन डॉलर (लगभग 166 करोड़ रुपये) जुटाए हैं। शरद सांघी (सीईओ) और अनिंद्या दास (सीटीओ) द्वारा स्थापित स्टार्टअप ने कहा कि फंडिंग भारत और वैश्विक बाजारों में कंपनियों के लिए जनरेटिव एआई क्लाउड प्लेटफॉर्म को एक सेवा और अवलोकन के रूप में चलाने में मदद करेगी। सांघी ने कहा, हमारा लक्ष्य नवाचार की सीमाओं को आगे बढ़ाने के लिए इस फंडिंग का लाभ उठाना है, हमारे ग्राहकों को हमारे एंड-टू-एंड जेनरेटिव एआई पास इकोसिस्टम और हमारे एआई-इंजीनियर्ड ऑब्जर्वेबिलिटी प्लेटफॉर्म की शक्ति से सहायता करना है। नेयसा इस साल तीसरी तिमाही में अपनी सेवाएं जारी करने की योजना बना रही है। दास ने कहा, यह फंडिंग एआई को लोकतांत्रिक बनाने, सभी आकार की कंपनियों के नवाचार को बढ़ावा देने के हमारे मिशन को आगे बढ़ाएगी। नेयसा ने कहा कि इससे उद्यमों को अपने डेटा और इंटेलेक्चुअल प्रॉपर्टी पर नियंत्रण रखने में मदद मिलेगी। मैट्रिक्स पार्टनर्स के एमडी अवनीश बजाज ने कहा, वैश्विक स्तर पर उद्यम, और यहां तक कि भारत में भी, एआई देशी क्लाउड कंप्यूटिंग में बदलाव में मदद करने के लिए उत्सुक हैं और भारत में उनके साथ साझेदारी करने के लिए हमारी टीम बेहतर और अधिक अनुभवी है।

### ब्रिटेन में 12 भारतीय नागरिक गिरफ्तार

लंदन। ब्रिटिश इमिग्रेशन अधिकारियों ने वीजा शर्तों के उल्लंघन के शक में की गई छापेमारी के दौरान 12 भारतीयों को पकड़ा। इसमें एक महिला भी शामिल है। वे अवैध रूप से गद्दे और केक फैक्ट्री में कार्य कर रहे थे। ब्रिटिश अधिकारियों की ओर से बुधवार को कहा गया कि मिडलैंड इलाके में मैट्रेस कारोबार में गिरावट की सूचना के बाद कार्रवाई की गई। इस दौरान सात लोगों को गिरफ्तार किया गया। ये सभी भारतीय थे।पास स्थित एक केक फैक्ट्री में काम करने वाले चार अन्य भारतीय को गिरफ्तार किया गया। जांच के दौरान वीजा शर्तों का उल्लंघन पाया गया। इसके अलावा, एक भारतीय महिला को निजी घर से आव्रजन नियमों के उल्लंघन के लिए गिरफ्तार किया गया। अधिकारियों ने कहा कि चार अपराधियों को ब्रिटेन से बाहर करने या भारत निर्वासन पर विचार होने तक हिरासत में लिया गया है। शेष आठ को इस शर्त पर जमानत दी गई है कि वे नियमित रूप से रिपोर्ट करेंगे।

## ट्रैनिंग हेलीकॉप्टर क्रैश, दुर्घटना में नौसेना के दो पायलटों की मौत



मनीला। फिलीपींस की राजधानी मनीला में एक ट्रैनिंग हेलीकॉप्टर क्रैश हो गया। यह घटना तब हुआ जब नौसेना के दो पायलट ट्रैनिंग हेलीकॉप्टर में सवार थे। फिलीपींस नौसेना का यह ट्रैनिंग हेलीकॉप्टर गुरुवार को राजधानी के दक्षिण में एक शहर के सार्वजनिक बाजार के पास घास वाले इलाके में दुर्घटनाग्रस्त हो गया। हेलीकॉप्टर में सवार दो पायलटों की मौत हो गई। सेना और पुलिस ने इसकी जानकारी दी।

अधिकारियों ने मनीला के दक्षिण में कैविटे शहर में रॉबिन्सन क्र22 हेलीकॉप्टर की दुर्घटना में जमीन पर किसी के घायल होने की सूचना नहीं दी है।

### दोनों पायलटों की अस्पताल में हुई मौत

यह तुरंत पता नहीं चला कि दुर्घटना का कारण क्या था लेकिन सैन्य प्रवक्ता कर्नल फ्रांसेल पाडिला ने कहा कि दोनों पायलटों ने आपातकालीन प्रक्रियाओं को जब कर रहे थे तभी हेलीकॉप्टर दुर्घटनाग्रस्त हो गया। पाडिला ने कहा कि दोनों पायलट घायल हो गए लेकिन बाद में अस्पताल में उनकी मौत हो गई।

## सड़क हादसा, 17 तीर्थयात्रियों की मौत

नई दिल्ली। तीर्थयात्री बलूचिस्तान के खुजदार जिले में सुदूर मुस्लिम सूफी दरगाह शाह नूरानी जा रहे थे, हब शहर में उनकी बस खाई में गिर गई। जिस जगह पर हादसा हुआ, वह कराची से करीब 100 किलोमीटर दूर है।सभी यात्री सिंध प्रांत के थट्टा शहर के रहने वाले थे।

गृह मंत्री मोहसिन नकवी ने घटना पर संवेदना व्यक्त की और कहा कि ऐसा लगता है कि चालक ने एक मोड़ पर नियंत्रण खो दिया जिससे बस खाई में जा गिरी।

नकवी ने कहा, वाहन ईद के दिन दोपहर करीब दो बजे थट्टा से निकला और ईद के दिन (बुधवार) रात करीब आठ बजे दुर्घटना का शिकार हो गया।

## 8 पोते-पोतियों के साथ यूएई के राष्ट्रपति ने खिंचवाई तस्वीर



नई दिल्ली। देशभर में आज यानी 11 अप्रैल को ईद मनाई जा रही है। अरब देशों से लेकर पूरी दुनिया में धूमधाम से ईद मनाया जा रहा है। इस मौके पर संयुक्त अमिरात के राष्ट्रपति शेख मोहम्मद बिन जियाद ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर अपने परिवार के साथ एक तस्वीर शेयर की है, जो वायरल हो गई। उन्होंने अपने 18 पोते-पोतियों के साथ एक फोटो सोशल मीडिया पर शेयर किया है।

तस्वीर को शेयर करते हुए उन्होंने लिखा,÷ईद उल-फितर मना रहे और परिवार, दोस्तों, करीबियों के साथ कीमती वक्त बिता रहे सभी लोगों को मेरी शुभकामनाएं।%%

उन्होंने आगे लिखा, %इस तरह के अवसर अल्लाह की नेमत हैं। इसका आनंद लेना चाहिए।% शेयर की गई तस्वीर में उनकी तीन पोतियों ने हिजाब पहन रखा है और बाकी पोतियां रंग-बिरंगी अरबी परिधान में दिख रहीं हैं। उन्होंने अपने सबसे छोटी पोती को गोद में ले रखा है, जो गुलाबी रंग का ड्रेस पहनी हुई हैं।

शेख मोहम्मद बिन जायद अल-नाहयान की शादी 1981 में हुई थी। उनका निकाह शेख सलमा बिन्त हमदान बिन मोहम्मद अल-नाहयान से हुई थी। उनके 9 बच्चे हैं, जिनमें 4 बेटे और 5 बेटियां हैं।

## आईपीएल 2024 में रियान पराग का वर्जन 2.0

जयपुर। राजस्थान रॉयल्स के स्टार खिलाड़ी रियान पराग का शानदार फॉर्म जारी है। गुजरात टाइटंस के खिलाफ उन्होंने इस सीजन का अपना तीसरा अर्धशतक लगाया। घरेलू दर्शकों के सामने उन्होंने तूफानी पारी खेलते हुए चौके-छक्कों की बारिश की। आलम ये था कि पूरा सवाई मानसिंह स्टेडियम उनके नाम से गूंज उठा।

सोशल मीडिया पर अक्सर ट्रोलर्स का शिकार बनने वाले रियान पराग ने बाहरी किसी भी चीज को खुद पर हावी नहीं होने दिया। आरआर टीम मैनेजमेंट ने हमेशा इस युवा बल्लेबाज को उनके खराब दौर में सपोर्ट किया, लेकिन इस सीजन की कहानी थोड़ी अलग है। रियान को टारगेट करने वाले शायद अब समझ चुके हैं कि आखिर आरआर इस खिलाड़ी को इतना सपोर्ट क्यों करती है। आईपीएल 2024 में टीम मैनेजमेंट ने रियान पराग के बैटिंग ऑर्डर में बदलाव करते हुए उन्हें नंबर 4 पर प्रमोट किया है। शायद ये बदलाव घरेलू सर्किट में उनके दमदार प्रदर्शन को देख कर किया गया हो।



पिछले कई सीजन रियान पराग के लिए अच्छे नहीं रहे, लेकिन बुधवार को सीजन में पहली हार झेलने के बावजूद राजस्थान रॉयल्स के रियान पराग और उनकी बेखौफ बल्लेबाजी की फैंस चर्चा कर रहे हैं।

लंबे समय तक खराब फॉर्म झेल रहे पराग ने पहले घरेलू सर्किट में शानदार प्रदर्शन किया और अब उसे आईपीएल में भी जारी रखा। 43, नाबाद 84, नाबाद 54, 4 और अब 76... ये पिछले पांच मैच में रियान पराग के स्कोर हैं।

गुजरात टाइटंस के खिलाफ अपने घरेलू मैदान पर रियान ने सीजन का तीसरा अर्धशतक जड़ा। अब ऑरेंज कैप की रेस में उनसे आगे सिर्फ विराट कोहली ही चल रहे हैं। खास बात ये है कि इस सीजन में उनकी किस्मत भी उनका पूरा साथ दे रही है। गुजरात के खिलाफ 48 बॉल पर 76 की बेहतरीन पारी खेलने वाले रियान पराग को इस दौरान तीन जीवनदान मिले। आईपीएल 2024 में रियान का बल्ला पूरे कॉन्फिडेंस के साथ गेंदबाजों के लिए आग उगल रहा है। उनका ये दमदार प्रदर्शन देखकर ये कहना गलत नहीं होगा कि ये उनका यह वर्जन 2.0 है।

## हार्दिक पांड्या का सौतेला भाई गिरफ्तार

नई दिल्ली। मुंबई पुलिस ने भारतीय क्रिकेटर्स हार्दिक और कृणाल पांड्या के सौतेले भाई वैभव पांड्या को गिरफ्तार कर लिया है। वैभव पर कथित आरोप है कि उन्होंने हार्दिक-कृणाल के साथ बिजनेस पार्टनरशिप में करीब 4.3 करोड़ रुपये की धोखाधड़ी की है।टाइम्स ऑफ इंडिया की रिपोर्ट के मुताबिक 37 साल के वैभव पर एक पार्टनरशिप फर्म से लगभग 4.3 करोड़ रुपये का हेर-फेर करने का आरोप है। इसकी वजह से हार्दिक-कृणाल को काफी आर्थिक नुकसान हुआ है। कथित गलती में पैसों की हेरा-फेरी और साझेदारी की शर्तों का उल्लंघन शामिल है। रिपोर्ट के मुताबिक तीन साल पहले तीन व्यक्तियों ने संयुक्त रूप से विशिष्ट शर्तों के साथ पॉलीमर बिजनेस स्थापित किया।

## मैं मूर्ख हूं...विराट ने किया अपने सबसे बड़े डर का किया खुलासा



नई दिल्ली। आईपीएल 2024 में पांच बार की चैंपियन मुंबई इंडियंस का सामना आज रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु से है। आरसीबी के स्टार बल्लेबाज विराट कोहली गजब की फॉर्म में हैं। हालांकि, विराट कोहली ने अपने बारे में एक चौंकाने वाला खुलासा किया है। उन्होंने कहा कि जब भी मैच में बुरी स्थिति होती है तो वह सबसे कोने वाली सीट पकड़ लेते हैं।

विराट कोहली के पास इस टूर्नामेंट में यह साबित करने का मौका है कि टी20 क्रिकेट के प्रति उनकी क्या रणनीति है। इन दिनों जब कई युवा खिलाड़ी अपनी चमक बिखेर रहे हैं तब वह एंकर की भूमिका में नजर आ रहे हैं। वह पहली ही गेंद से गेंदबाज पर आक्रमण करने की कोशिश करते हुए दिखाई दिए हैं। हालांकि, इसी बीच रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (RCB) के सलामी बल्लेबाज विराट कोहली ने एक वायरल वीडियो में अपने सबसे बड़े डर के बारे में खुलासा किया।

## प्रथम पेज का शेष

***भ्रष्टाचारियों को जेल जाना ....***

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने मध्य प्रदेश के सतना में एक सार्वजनिक रैली को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि भारत में राम राज्य का आगाज होकर ही रहेगा, कोई रोक नहीं सकता। उन्होंने आगे कहा कि पीओके के लोग यही सोचते हैं कि उनका विकास पीएम मोदी के हाथों होगा न की पाकिस्तान के। उन्होंने कहा कि पीओके के लोग कह सकते हैं कि वे भारत के साथ रहना चाहते हैं। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि पीओके हमारा हिस्सा था, है और सदैव रहेगा।

***जेल का जवाब वोट से...***

इस आंदोलन का समापन भारतीय जनता पार्टी की जमानत जब्त करके होगा. लेकिन क्या आम आदमी पार्टी के इस कैंपेन और नारे के साथ गठबंधन में साथी कांग्रेस भी इस राह पर चलेगी? आज तक ने गोपाल राय से जब यह सवाल पूछा तो उन्होंने कहा कि मुद्दे पर सभी घटक दल, जिसमें कांग्रेस भी शामिल है, साथ हैं लेकिन चुनाव में उनका नारा कुछ भी हो सकता है. अरविंद केजरीवाल दिल्ली के मुख्यमंत्री हैं और सभी सीटों पर वह इंडिया ब्लॉक के लिए समर्थन मांग रहे हैं. ऐसे में कांग्रेस का प्राइमेरी या सेकेंडरी नारा कुछ भी हो सकता है. लेकिन आम आदमी पार्टी घर-घर इसी मुद्दे के साथ जाएगी.

***अरविंद केजरीवाल की याचिका....***

कि केजरीवाल पूरी साजिश में लिप्त थे और उन्होंने घूस भी मांगी थी। इसके बाद बुधवार सुबह दिल्ली की राउज एवेन्यू कोर्ट ने केजरीवाल की वकीलों से जुड़ी दूसरी याचिका को भी खारिज कर दी। इस याचिका में दिल्ली के मुख्यमंत्री केजरीवाल ने वकीलों से हफ्ते में 5 बार मुलाकात करने की मांग की थी। फिलहाल, केजरीवाल अपने वकीलों से हफ्ते में केवल दो बार ही मुलाकात कर सकते हैं।

***खैरागढ़ में बोले, सीएम साय...***

और कांग्रेस ने महिलाओं को 500 रुपये देने का वादा किया था उसे भी पूरा नही किया। फिल्म अभिनेता व विधायक अनुज शर्मा ने गीत गुनगुनाते हुए अपने उद्बोधन की शुरुआत की उन्होंने कहा कि हमने वादा किया उसे सांय सांय पूरा किया अब कांग्रेस को बाय बाय करने का समय आ गया। कार्यक्रम को रायपुर ग्रामीण के विधायक चंदूलाल साहू व लोकसभा संयोजक मधुसूदन यादव व भूपेंद्र सवन्नी सहित अन्य नेताओं ने भी संबोधित किया। इस दौरान महामंत्री रामजी भारती, भरत वर्मा, नीलू शर्मा, विनोद खांडेकर, विक्रांत सिंह, सचिन बघेल, घम्मन साहू, सुरेन्द्र बन्नोआना, भागवत शरण सिंह, जैन मेश्राम, अमित जैन, नरोत्तम सिन्हा, राजीव चंद्राकर, संतोष कर्ष, गोरेलाल वर्मा, रवि अग्रवाल, खुमान देशलहरे, शिवम योगी, खेम सिन्हा सहित काफी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## जोकोविच ने बोपन्ना की तारीफ की

नई दिल्ली। टेनिस इतिहास में पहली बार मेंस टेनिस रैंकिंग में सिंगल्स और डबल्स के टॉप पर सबसे उम्रदराज खिलाड़ियों ने एक साथ जगह बनाई। नोवाक जोकोविच रविवार (7 अप्रैल) को, आधिकारिक तौर पर 36 साल और 321 दिन की उम्र में ATP मेंस सिंगल्स रैंकिंग में सबसे उम्रदराज वर्ल्ड नंबर 1 बन गए। वहीं, भारत के रोहन बोपन्ना, इसी साल जनवरी में 43 साल और 331 दिन की उम्र में सबसे उम्रदराज टॉप रैंक वाले डबल्स खिलाड़ी बने थे। फिलहाल दोनों सिंगल्स और डबल्स रैंकिंग के टॉप पर हैं। इसी को लेकर नोवाक जोकोविच ने बुधवार को रोहन बोपन्ना की तारीफ करते हुए एक ट्वीट किया, जिसमें उन्होंने लिखा- उम्र सिर्फ एक नंबर है जो कि हमारे लिए नंबर-1 है।

ATP टूर ने हाल ही में दोनों खिलाड़ियों को बातचीत के लिए आमंत्रित किया था। इसमें नोवाक जोकोविच भारतीय टेनिस स्टार रोहन बोपन्ना की तारीफ करते हुए बोले कि कैसे दोनों खिलाड़ी ÷संयुक्त रूप से 80 साल के हैं÷। वे बोले, हम सिर्फ यह कह रहे है कि हम संयुक्त रूप से 80 साल के हैं। मुझे लगता है कि हम अभी भी बेहतर हो रहे हैं। जोकोविच बोले, मैं रोहन को हर दिन जिम में कई घंटों तक देखता हूं, साथ ही फिजियो रूम में भी अब पहले से थोड़ा ज्यादा।



इसी साल जनवरी में रोहन बोपन्ना ग्रैंड स्लैम जीतने वाले सबसे उम्रदराज खिलाड़ी बने। बोपन्ना ने ऑस्ट्रेलियाई साथी मैथ्यू एब्डन के साथ मेंस डबल में चैंपियन बने थे। इसी के साथ बोपन्ना ने पहला मेंस डबल्स ग्रैंड स्लैम टाइटल जीता है और ओपन एरा में ऐसा करने वाले सबसे उम्रदराज खिलाड़ी भी बन गए। बोपन्ना इसी साल 30 मार्च को मियामी ओपन 2024 के मेंस डबल्स का टाइटल जीतकर 44 साल की उम्र में,ऋक्क मास्टर्स 1000 खिताब जीतने वाले सबसे उम्रदराज खिलाड़ी बने। उन्होंने अपना ही रिकॉर्ड तोड़ा, जो उन्होंने पिछले साल इंडियन वेल्स का खिताब जीतकर बनाया था।

## पेरिस ओलंपिक से पहले नीरज चोपड़ा ने दिया बड़ा बयान, बोले- सब कुछ सुचारू रूप से चल रहा



नई दिल्ली। ओलंपिक स्वर्ण पदक विजेता भाला फेंक खिलाड़ी नीरज चोपड़ा का लक्ष्य पेरिस ओलंपिक से पहले 90 मीटर का आंकड़ा पार करना है और उनका कहना है कि जिस तरह से उनकी तैयारी चल रही है, यह जल्द ही कभी भी हो सकता है। प्रतियोगिता में चोपड़ा का सर्वश्रेष्ठ थ्रो 2022 स्टॉकहोम डायमंड लीग के दौरान आया, जहां उन्होंने 89.94 मीटर की दूरी तक भाला फेंका। हालाँकि उन्होंने प्रशिक्षण में 90 मीटर की दूरी पार कर ली है, लेकिन प्रतिस्पर्धा में उन्हें अभी भी इसकी बराबरी करनी है।

पेरिस में अपना ओलंपिक स्वर्ण बरकरार रखने का लक्ष्य रखने वाले 26 वर्षीय खिलाड़ी ने गुरुवार को कहा, मैं उससे (पेरिस ओलंपिक) से पहले 90 मीटर का आंकड़ा पार करने की कोशिश करूंगा। उम्मीद है, यह पेरिस से पहले होगा, सब कुछ चल रहा है। सुचारू रूप से, इसलिए (लोगों को) ओलंपिक तक इंतजार नहीं करना पड़ेगा, यह उससे पहले हो सकता है। तैयारी अच्छी है। मौजूदा विश्व चैंपियन का आत्मविश्वास इस तथ्य से उपजा है कि उनका ऑफ सीजन अच्छा रहा है, जहां उन्होंने फिटनेस और ताकत पर ध्यान केंद्रित किया, साथ ही 2020 टोक्यो में स्वर्ण जीतने के बाद जो सफलता हासिल की है। चोपड़ा ने कहा, सीजन की शुरुआत के दौरान, ध्यान फिटनेस और ताकत पर था और कोई विशेष भाला प्रशिक्षण नहीं था। मुझे लगता है कि इसकी वजह से मुझे तकनीक में काफी सुधार हुआ है। इसके अलावा, दक्षिण अफ्रीका और तुर्की में ताकत और कंडीशनिंग प्रशिक्षण भी खत्म हो गया है।

उन्होंने बताया कि टोक्यो ओलंपिक की सफलता के बाद उनका आत्मविश्वास वास्तव में बढ़ गया है, जिससे उन्हें पेरिस जाने में काफी मदद मिलेगी। चोपड़ा ने आगे कहा, टोक्यो के बाद, आत्मविश्वास निश्चित रूप से बढ़ गया है। इसके अलावा, मैंने कुछ प्रतियोगिताएं भी खेली हैं... दो विश्व चैंपियनशिप, एक रजत और एक स्वर्ण, डायमंड लीग ट्रॉफी जीती, कुछ अच्छे थ्रो किए, फिर बरकरार रखा एशियाई खेलों का स्वर्ण (हांग्जो में) भी। तो, टोक्यो और पेरिस के बीच सफलता ने मुझे काफी आत्मविश्वास दिया है कि हां, मैं मजबूत प्रतिस्पर्धियों के खिलाफ ऐसा कर सकता हूं।

# कोतवाली पुलिस ने दो फरार वारंटियों को भिलाई/दुर्ग से किया गिरफ्तार



राजनांदगांव (दावा)। कोतवाली पुलिस ने दो फरार वारंटियों को दुर्ग/ भिलाई से गिरफ्तार किया है। बताया जाता है कि एक वारंटी 8 वर्षो से फरार था एवं दूसरा वारंटी 3 वर्षो से फरार था। इन वारंटियों के नाम रोशन यादव पिता कैलाश यादव उम्र 33 वर्ष निवासी भिलाई पॉवर हाउस शारदा पारा किशन चौक दुर्गा मंदिर के पास थाना छावनी भिलाई जिला दुर्ग है वहीं दूसरे का नाम मोनेश साहू पिता मनहरण साहू उम्र 29 वर्ष निवासी इस्पात नगर रिसाली भिलाई थाना नेवई जिला दुर्ग है

बता दें कि पुलिस अधीक्षक मोहित गर्ग के निर्देश एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राहुल देव शर्मा तथा नगर पुलिस अधीक्षक पुष्पेन्द्र नायक के मार्गदर्शन एवं थाना प्रभारी निरीक्षक एमन साहू के नेतृत्व में थाना कोतवाली क्षेत्र में आगामी लोकसभा चुनाव के मददेनजर निर्विघ्न, शांतिपूर्ण सम्पन्न कराने के उद्देश्य से वारंटियों के खिलाफ चलाये जा रहे अभियान के तहत बुधवार 10 अप्रेल को माननीय जेएमएफसी के प्र.क्र. 2116/2010 अपराध क्र. 463/2010 धारा 279, 337, 338 भादवि. के स्थायी गिरफ्तारी वारंटी रोशन यादव एवं माननीय जेएमएफसी राजनांदगांव के प्रकरण क्रमांक 4298/15 अप0क्र0 623/15 धारा 379, 34 भादवि. के स्थायी गिरफ्तारी वारंटी मोनेश साहू को स्थायी गिरफ्तारी तामिल/गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय पेश किया गया। इसमें वारंटी रोशन यादव विगत 08 वर्षो से फरार था एवं मोनेश साहू विगत 3 वर्षो से फरार था जिन्हें गिरफ्तार करने मे सफलता हासिल किये है।

बताया गया है कि आगे भी स्थायी गिरफ्तारी वारंटियों के खिलाफ कार्यवाही जारी रहेगी। उपरोक्त कार्यवाही में थाना प्रभारी कोतवाली निरीक्षक एमन साहू, सहित इसराफिल खान, जी. सीरिल कुमार, आरक्षक प्रदीप जायसवाल, भेष कुमार ध्रुव, नामदेव नागवंशी एंव थाना स्टाफ की सराहनीय भूमिका रही।

# संविधान खतरे में है सिविल सोसायटी को आगे आना होगा- के आर शाह

**राजनांदगांव (दावा)। छत्तीसगढ़ आदिवासी विकास परिषद के प्रदेश अध्यक्ष के.आर. शाह ने एक पत्रकार वार्ता लेते हुए बताया कि भाजपा की सरकार देश के मौजूदा संविधान को परिवर्तित कर तानाशाही शासन व्यवस्था लागू करना चाह्ती है। उन्होंने कहा कि भारत का संविधान खतरे में है। देश का लोकतंत्र खतरे में है और इसे बचाने के लिए सभी प्रकार के सामाजिक संगठनों को मुखर होकर आगे आना होगा। वर्तमान भाजपा की मोदी सरकार वास्तव में कार्पोरेट सरकार है जो कुछ चुनिन्दा उद्योगपतियों के हाथों की कठपुतली बन गई है।**

इस सरकार से सबसे बड़ा खतरा देश के आदिवासियों और उसके जल, जंगल, जमीन को है। शाह ने कहा कि वर्ष 2023 में मोदी सरकार ने वन भूमि अधिकार अधिनियम में संशोधन कर पांचवी व छठवी अनुसूची वाले आदिवासी क्षेत्रों की भूमि को बिना ग्राम सभा अनुमति के अधिग्रहित करने का कानून संसद में पास करा लिया है। मोदी सरकार पुनः सत्ता में आयेगी तो बस्तर और सरगुजा की जमीने उद्योगपतियों को दे दी जायेगी।




**देश का लोकतंत्र खतरे में है और इसे बचाने के लिए सभी प्रकार के सामाजिक संगठनों को मुखर होकर आगे आना होगा**

शाह के अनुसार देश तेजी से अधिनायकवाद की ओर बढ़ रहा है। स्वायत्त संस्थाओं पर शासन का पूर्णतया नियंत्रण है। देश में एक प्रकार से अघोषित आपातकाल की स्थिति है। लोकतंत्र के चौथे स्तंभ मीडिया को भी स्वतंत्रतापूर्वक कार्य करने से रोका जा रहा है। सारा विपक्ष भयभीत है। मध्य भारत की इकलौती आदिवासी झारखण्डी सरकार के मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन को जमीन घोटाले में ईडी ने गिरफ्तार कर जेल में डाल रखा है। मामला राजस्व से संबंधित है लेकिन कार्यवाही ईडी कर रही है, इससे स्पष्ट पता चलता है कि केन्द्र सरकार अपने अधिकारों का दुरूपयोग कर राजनैतिक विद्वेष फैला रहा है।

### इंदिरा गांधी का आपातकाल

शाह ने बताया कि मैने इंदिरा गांधी के द्वारा लगाये गये आपातकाल को प्रत्यक्ष रूप से देखा व जाना है। कि कैसे देश के नेताओं को जेल में बंद कर दिया था, प्रेस पर सेंसरशिप लगा दी थी। उन्होंने ने कहा कि सन् 1975 के आपातकाल से लेकर अब तक के सभी प्रधानमंत्रियों को देखा है पर नरेन्द्र मोदी जैसा अति आत्ममुग्ध व हद दर्जे का जुमलेबाज नेता नही देखा। विधानसभा चुनाव के दौरान सरगुजा में प्रधानमंत्री श्री मोदी ने आदिवासियों की सभा को सम्बोधित करते हुए कहा था कि, मेरे रहते आदिवासियों के जंगल और जमीन को कोई माई का लाल आंख उठाकर नही देख सकता। आपका बेटा आपके जंगल और जमीन की रक्षा करेगा। लेकिन सत्ता में बैठते ही भाजपा की डबल इंजन सरकार ने हसदेव अरण्य की विशाल हरी भरी भूमि के लाखों वृक्षों को काटकर मरूस्थल में तब्दील कर दिया। मोदी सरकार के 10 सालों में आदिवासियों के लिए एक भी ऐसा कार्य नही किया गया, जिसे माइलस्टोन कहा जा सके। छत्तीसगढ़ में भाजपा द्वारा सत्ता सम्भालते ही नक्सलवाद के उन्मूलन के नाम पर पुनः फर्जी एनकाउण्टर प्रारंभ हो गये है।

निर्दोष आदिवासियों को जेल में डालकर प्रताड़ित करना शुरू कर दिया गया है। 01 अप्रैल को सर्व आदिवासी समाज के प्रदेश उपाध्यक्ष सुरजू नेताम जैसे सामाजिक कार्यकर्ता की गिरफ्तारी ने भाजपा के तानाशाही चेहरे को बेनकाब कर दिया है। शाह ने कहा कि वर्तमान लोकसभा चुनाव भारत के आदिवासियों के अस्तित्व को संरक्षित रखने वाला चुनाव है। आदिवासियों के जल, जंगल, जमीन को बचाने का चुनाव है। अतः सभी सिविल सोसायटी को मुखर होकर सामाजिक न्याय के लिए सामने आना होगा। मैं एक सीनियर सोशल लीडर की हैसीयत से अपने समाज को बचाने के लिए हर संभव प्रयास करता रहूंगा।

# जंग्लेसर में धूमधाम से मनाया गया संत शिरोमणी गाडगे महाराज की जयंती

राजनांदगांव(दावा)। गांव जंगलेसर में रजक समाज संत शिरोमणी गाडगे महाराज की 147 वीं जयंती उत्साह पूर्वक मनाई गयी। परिक्षेत्र रजक संघ जंगलेसर सर्वप्रथम संत शिरोमणी गाडगे बाबा ईष्ट देव शंकर भगवान की पूर्जा अर्चना की गई शंकर भगवान तत पश्चात की आरती गायन किया गया। बड़ी संख्या में महिलाओ द्वारा कलश यात्रा निकाली गई जो गांव शीतला माता से लेकर गाँव की समस्त गलियों से भ्रमण करते हुए सभा स्थल पर पहुंचे। लोगो ने एक दुसरे को जंयती की बधाई एवं शुभकामनाएं दी।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अभिषेक सिंह पूर्व सांसद राजनांदगाव ने समाज को जयंती कि बधाई दी और कहा कि रजक समाज निर्मल समाज यह समाज कोई भी समाज का हो मरनी छट्टी से लेकर अन्य कार्य मे जाकर लोगों के घर को पवित्र करने मे अहम भुमिका निभाते है। शिक्षा पर जोर देते हुए कहा कि समाज में शिक्षित होना जरूरी है।

शोभायात्रा व बच्चो ने दिए सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुती



आगे समाज को सहयोग देने की बात कही है।

अध्यक्षता कर रहे समाज के जिला अध्यक्ष डा. एल आर निर्मलकर ने कहा कि इस परिक्षेत्र के अध्यक्ष कोमल रजक के तबियत खराब होने के कारण हमारे बीच उपस्थित नही हो पाये । उनके तबियत अतिशीघ्र ठीक हो जाये की मंगल कामना करते हुए आगे संत शिरोमणी गाडगे बाबा की जयंती पर प्रकाश डालते हुए कहा कि हमे संत गाडगे बाबा के बताये मार्ग पर चलना चाहिए। डॉ निर्मलकर ने कहा कि प्रत्येक परिवार का शिक्षित होना जरूरी है।

इस अवसर पर विशेष अतिथि कोमल सिंह राजपुत प्रदेश महामंत्री किसान मोर्चा छ.ग., अमर ललवानी, जिला सचिव रोहित निर्मलकर, जिला कोषाध्यक्ष योगेश निर्मलकर, उपाध्यक्ष डॉ हेमसिंह निर्मलकर, सह सचिव रोहित निर्मलकर, संगठन मंत्री रामनाथ निर्मालकर जिला मिडिया प्रभारी लोकेश रजक, युवा प्रकोष्ट जिला अध्यक्ष मुकेश निर्मलकर, परिक्षेत्र अध्यक्ष दीलिप निर्मलकर, गैदाटोला सचिव दीपचंद ,निर्मलकर भररीटोला परिक्षेत्र अध्यक्ष जीवन निर्मलकर, मुसरा परि0 अध्यक्ष चन्द्रकुमार निर्मलकर, उपाध्यक्ष सुमन निर्मलकर पूर्व अध्यक्ष घनश्याम निर्मलकर, जिला सदस्य किशन निर्मलकर जगलेगर परिक्षेग उपाध्यय महेश, निर्मलकर सचिव दीलिप निर्मलकर कोषाध्यक्ष आत्मा राम निर्मलकर संरक्षक पथं निर्मलकर देवनाथ आशा निर्मलकर फुलेरा निर्मलकर ईश्वर निर्मलकर संजय निर्मलकर, प्रचार प्रसार मंत्री रहिपाल निर्मलकर । पंचगण नीलकंठ निर्मलकर, नारद निर्मलकर, खोमू रजक बबला निर्मलकर दुलारू निर्मलकर कोमल राम निर्मलकर घनश्याम निर्मलकर पुनराम निर्मलकर कुमुद निर्मलकर जोहनराम निर्मलकर में समाजिक बंधु उपस्थित थे। कार्यक्रम का सफल संचालन संरपंच कंवल निर्मलकर ग्राम पंचायत मुसरा ने की।

# चरणदास महंत का दोगलापन उजागर हुआ - दिनेश गुप्ता

राजनांदगांव (दावा)। भाजपा के प्रत्याशी संतोष पांडे को भारी मतों से जिताने के लिए व्यापार प्रकोष्ठ के विभिन्न मंडलों में सम्मेलनों का दौर शुरू हो चुका है। बैठकों की तैयारी में जुटे कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए व्यापार प्रकोष्ठ सह संयोजक दिनेश गुप्ता ने कहा कि मोदी जी पर आपत्तिजनक टिप्पणी करने वाले कांग्रेसी नेता चरणदास महंत ने विश्व के गणमान्य नेता मोदी जी पर कुछ कहने से पहले अपने गिरेबा में झांके, उन्होंने कहा कि उनकी इस टिप्पणी से चरणदास महंत का दोगला चरित्र उजागर हुआ है।



मीडिया सेल द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार महाजन बाड़ी में आयोजित व्यापार प्रकोष्ठ की बैठक में दिनेश गुप्ता ने कहा कि 5 वर्षो तक कांग्रेस ने छत्तीसगढ़ में अपने नैतिकता का पतन करते हुए भ्रष्टाचार की सीमाएं लांघी और अपना ऊपरी आचरण छत्तीसगढ़ संस्कृति को सहजने का दिखाया, परंतु यथार्थ के धरातल में कांग्रेस ने छत्तीसगढ़ को लूटने का कार्य किया। शराब की अत्यधिक सप्लाई कर उसे घर-घर पहुंचने का घृणित कार्य किया गया, जिसके कारण गांव की माताएं बहने प्रताड़ति हुई। महिला स्व सहायता समूह की बहनों का कर्ज माफी की घोषणा करने वाली कांग्रेस ने सत्ता में आते ही उन्हें गोठान में गोबर बनाने के कार्य में लगा दिया और उनके ऊपर राजीव मितान क्लब का गठन कर उसका लाभ कांग्रेसियों को दिया गया। दीनू गुप्ता ने कहा कि चरण दास महंत को दोगलेपन की घटिया राजनीति शोभा नहीं देती, इससे उनके प्रमाणिक राजनीति को ठेस पहुंचती है।

उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार बनते ही देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपनी कुशल क्षमता का परिचय देते हुए आदिवासी बहुल छत्तीसगढ़ में एक सरल सहज एवं बेदाग छवि के विष्णुदेव साय को मुख्यमंत्री बनाया क्योंकि विष्णुदेव साय एक आदिवासी का बेटा है, और मात्र चार माह में ही विष्णु देव साय ने भाजपा द्वारा घोषित संकल्प पत्र की बड़ी घोषणाओं को पूरा कर दिया, जिसके कारण आदिवासी स्वाभिमान को ऊंचाई मिली है। इसे कांग्रेस नहीं पचा पा रहीं है, इसलिए आदिवासी के बेटे होने के कारण एवं स्वच्छ छवि के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के विरोध में कांग्रेस के पास कोई शब्द नहीं है, इसलिए देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को अनर्गल शब्द बोलकर अपनी खीज एवं आक्रोश व्यक्त करते हुए ओंछी मानसिकता का परिचय दे रहे हैं, जिससे चरणदास महंत की भूमिका पर सवाल उठने शुरू हो चुके हैं। दिनेश गुप्ता ने कहा कि लोकसभा चुनाव परिणाम 4 जून को छत्तीसगढ़ की जनता 11 की 11 सीट पर कमल फूल खिलाकर नरेंद्र मोदी को 11 कमल भेंट कर चरणदास महंत की बकवास का जवाब देगी।

# युगांतर में नर्सरी के बच्चों ने सब्जी तथा फल खरीदना सीखा




राजनांदगाँव (दावा)। भारत में शिक्षा के क्षेत्र में अग्रणी युगांतर पब्लिक स्कूल में नर्सरी कक्षा के नन्हें विद्यार्थियों ने सब्जी तथा फल खरीदना सीखा। नन्हें बच्चों के लिए नर्सरी विभाग की शिक्षिकाओं ने गतिविधि 'सब्जी तथा फल मार्केट' आयोजित की, जिसमें वे सभी सब्जी तथा फलवाली बनकर सब्जी और फल मार्केट का स्वाभाविक दृश्य निर्मित कर दिया। नन्हें बच्चों ने तोतली भाषा में बोल बोलकर शानदार ढंग से सब्जी खरीदना सीखा।

इस गतिविधि को सफलतापूर्वक संचालित करने में प्री प्राइमरी की कार्यक्रम प्रभारी शिक्षिका ओजस्वी यादव, सेजल शर्मा, मुस्कान साधवानी,अदिति चौरड़िया, ऋद्या मेहरा, कनीज फातिमा, रजनी ने महत्त्वपूर्ण योगदान दिया। इस अवसर पर कार्यक्रम स्थल को सुसज्जित करने में कला शिक्षक अजय चौरसिया, ज्ञानेश पटेल का अमूल्य योगदान रहा। इस तरह के रचनात्मक आयोजन से विद्यार्थी लाभान्वित होते हैं। प्री प्राइमरी कक्षाओं में नित नए प्रगति परक इन कार्यक्रमों की सफलता पर संस्था के चेयरमैन विनोद सदानी, सेक्रेटरी विनय डड्ढा, कोषाध्यक्ष मिश्रीलाल गोलछा, निदेशक (अकेडमिक्स) सुशील कोठारी, वाणिज्य, सामाजिक विज्ञान, ह्यूमैनिटीज के विभागाध्यक्ष तरूण कुमार महापात्रा, पीआरओ स्पोर्ट्स ऑफिसर दिनेश प्रताप सिंह सहित युगांतर परिवार ने हर्ष प्रकट किया है।

# महेन्द्र बने जिला युकां के महासचिव

राजनांदगांव (दावा)। घुमका ब्लाक के युवा ऊर्जावान संघर्षशील युवा नेता महेन्द्र सिन्हा को राजनांदगांव युवा कांग्रेस ग्रामीण जिला महासचिव नियुक्त किया गया पिछले दस वर्ष से कांग्रेस पार्टी से जुड़कर निरंतर पार्टी के लिए कार्य कर रहा था जिसका परिणाम महेन्द्र सिन्हा को महासचिव बनाए गया इसके पहले राजनांदगांव जिला युवा कांग्रेस सचिव के पद पर रहकर काम किया जो पार्टी का आदेश था उसे बखुबी निभाया था महेन्द्र सिन्हा को जिला महासचिव बनाए जाने पर युवाओं ने बधाई दिया जिसमें जितलाल साहरे पप्पू नेताम प्रमोद वार्मा दुर्गा प्रसाद साहरे सोनु सिन्हा देवनारायण अग्रवाल, भोजेश साहु, देव सिन्हा, प्रदीप सिन्हा, छोटू साहु उत्तम सिन्हा आदि युवाओं ने बधाई दिया जिला सहकारी केंद्रीय बैंक के पूर्व अध्यक्ष नवाज भाई डोंगरगढ विधायक हर्षिता स्वामी बघेल युवा कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव छत्तीसगढ़ प्रभारी डॉ.पलक वर्मा प्रदेश युवा कांग्रेस के अध्यक्ष आकाश शर्मा लोकसभा प्रभारी सुश्री बिंदिया बेनर्जी जिला अध्यक्ष संदीप सिंह गहरवार सभी को हृदय से धन्यवाद कहा जो मुझे राजनांदगांव ग्रामीण जिला युवा कांग्रेस महासचिव के पद पर नियुक्त किया मै कांग्रेस पार्टी के कार्य को पुरी निष्ठा के साथ निभाउंगा।



# स्वच्छता दीदीयों ने मतदान करने का दिया संदेश

राजनांदगांव (दावा)। स्वच्छता दीदी डोर-टू-डोर कचरा संग्रहण के साथ ही नागरिकों को लोकतंत्र में भागीदारी सुनिश्चित कराने 26 अप्रैल को मतदान केन्द्र में पहुंचकर मतदान करने का संदेश दे रही हैं। डोंगरगांव विकासखंड की स्वच्छता दीदीयों ने कम मतदान वाले क्षेत्रों के घर-घर पहुंचकर नागरिकों को मतदान करने के लिए प्रेरित कर रही हैं। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी संजय अग्रवाल के मार्गदर्शन में लोकसभा निर्वाचन 2024 में मतदाताओं को मतदान के लिए प्रेरित करने विभिन्न कार्यक्रम एवं प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जा रहा है। जिला पंचायत सीईओ एवं नोडल अधिकारी स्वीप सुश्री सुरूचि सिंह के निर्देश पर जिले में स्वीप अंतर्गत मतदाता जागरूकता के लिए व्यापक तौर पर कार्य किए जा रहे हैं। एसडीएम डोंगरगांव श्री मनोज कुमार मरकाम ने बताया कि डोंगरगांव विकासखंड में 70 प्रतिशत से कम मतदान वाले ग्राम पंचायतों में स्वच्छता दीदी ठोस एवं तरल कचरा संग्रहण के साथ-साथ स्वीप मतदाता जागरूकता कार्यक्रम की कमान भी संभाली है। स्वच्छता दीदी द्वारा घर-घर जाकर कचरा संग्रहण के अलावा 26 अप्रैल लोकसभा चुनाव में मतदान करने के लिए नागरिकों को प्रेरित कर रही हैं।

# विधुतीकरण का कार्य के लिए गाड़ियों का परिचालन प्रभावित

रायपुर (दावा)। रेलवे प्रशासन द्वारा अधोसंरचना विकास हेतु दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के रायपुर मण्डल के सिलयारी-मांधार रेलवे स्टेशनों के बीच लेवल क्रॉसिंग पर गर्डर लॉन्चिंग एवं तीसरी लाइन पर विद्युतीकरण का कार्य सहित अनेक कार्य किया जाएगा। यह कार्य दिनांक 12 अप्रैल को ब्लॉक लेकर कार्य किया जाएगा।

लेवेल क्रोससिंग पर गर्डर लौंचिंग से आने-वाले दिनों में सड़क मार्ग उपयोगकर्ता को ट्रेन परिचालन के दौरान लेवेल क्रॉसिंग गेट पर रुकने की अवश्यकता नहीं होगी और इससे रेल परिचालन भी निर्भय एवं संरक्षित होगा। इस कार्य के फ्लस्वरुप नागपुर मंडल के अंतर्गत निम्न गाड़ियों का परिचालन प्रभावित रहेगा।



दिनांक 11 अप्रैल को बिलासपुर से चलने वाली 12855 बिलासपुर-इतवारी एक्सप्रेस रद्द रहेगी। दिनांक 11 अप्रैल को इतवारी से चलने वाली 18240 इतवारी-बिलासपुर एक्सप्रेस रद्द रहेगी। दिनांक 12 अप्रैल, को झारसुगुड़ा एवं गोंदिया से चलने वाली 08862 /08861 झारसुगड़ा-गोंदिया-झारसुगुड़ा मेमू पैसेजर स्पेशल बिलासपुर एवं गोंदिया के बीच रद्द रहेगी।

# माया जैन ने पति की तृतीय पुण्यतिथि पर अपने देहदान की घोषणा की

**दुर्ग (दावा)। सेक्टर 8 भिलाई निवासी श्रीमती माया जैन ने आज अपने पति स्वर्गीय संजय जैन की तृतीय पुण्यतिथि पर अपने देहदान की वसीयत नव दृष्टि फाउंडेशन के सदस्यों विकास जायसवाल एवं मोहित अग्रवाल को सौंपी।**



देहदान की वसीयत सौंपते समय उनकी सास चम्पाबाई जैन बेटे दर्शन जैन, आदित्य जैन, जेठ सुनील जैन, जेठानी नूतन जैन, ननंद संध्या जैन मौजूद रही। इस देहदान में विशेष सहयोग लेयासा फाउंडेशन से सुषमा जैन और खुशी जैन का रहा। माया जैन ने कहा आज उनकी वर्षों पुरानी इच्छा पूर्ण हुई और आज देहदान की घोषणा कर उन्होंने अपने पति को श्रद्धांजलि दी आज देहदान की घोषणा कर उन्हें संतुष्टि हो रही हैं कि अब उनके जाने के बाद उनकी आँखों से दो लोगों को नई रोशनी मिलेगी व भविष्य के डॉक्टरों को रिसर्च हेतु मृत देह-केडेवर मिले तो मेरा जीवन सार्थक होगा।

मोहित अग्रवाल ने कहा माया जैन के देहदान का निर्णय समाज के लिए प्रेरणा बनेगा एवं लोग देहदान हेतु जागरूक होंगे, नवदृष्टि फाउंडेशन के उज्जवल पींचा ने कहा हमारी संस्था लगातार लोगों को जागरूक करने का प्रयास कर रही है जिसके सकारात्मक परिणाम आ रहे हैं व लोगों की देहदान व नेत्रदान, त्वचादान हेतु सोच बदली है अब लोग स्वस्फूर्त ही देहदान व नेत्रदान हेतु सामने आ रहे हैं एवं यदि कोई देहदान या त्वचादान हेतु सहयोग या मार्गदर्शन चाहता है तो हमारी संस्था के सदस्यों से सहयोग ले सकता है या 9827906301/9827190500 इन नंबर पर फोन कर मार्गदर्शन ले सकता है।

नवदृष्टि फाउंडेशन की ओर से अनिल बल्लेवार, कुलवंत भाटिया, राज आढ़तिया, प्रवीण तिवारी, मुकेश आढ़तिया, हरमन दुलई, रितेश जैन, जितेंद्र हासवानी, मंगल अग्रवाल, किरण भंडारी, उज्जवल पींचा, सत्येंद्र राजपूत, सुरेश जैन, राजेश पारख, पीयूष मालवीय, दीपक बंसल, विकास जायसवाल, मुकेश राठी, प्रभु दयाल उजाला, प्रमोद बाघ, सपन जैन, यतीन्द्र चावड़ा, जितेंद्र कारिया, बंसी अग्रवाल, अभिजीत पारख, मोहित अग्रवाल,चेतन जैन, दयाराम टांक ने माया जैन के निर्णय की तारीफ की व माया जैन को साधुवाद दिया।

# भाजपा महिला मोर्चा ग्रामीण मण्डल चार सेक्टरों में सम्मेलन करेगी -देवकुमारी साहू

राजनांदगाँव (दावा)। भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी संतोष पांडे को भारी मतों से विजयी बनाने भाजपा महिला मोर्चा ग्रामीण मण्डल की एक महत्वपूर्ण बैठक महाजन बाड़ी लोकसभा चुनाव कार्यालय में पूर्व सांसद अभिषेक सिंह की उपस्थिति में सम्पन्न हुई। जिसमे महिला मोर्चा को 'ग्रासरूठ' स्तर पर जा कर प्रचार अभियान संभालने की जिम्मेदारी दी गई। जिसके तहत ग्रामीण मण्डल को चार सेक्टर में बांटा गया हैं, और प्रत्येक सेक्टर में महतारी सम्मान समारोह आयोजित करने का निर्णय लिया गया इस हेतु आवश्यक तैयारियों के लिए विभिन्न जिम्मेदारीयां दी गई।




भाजपा मीडिया सेल द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार जिला भाजपा महिला मोर्चा के महामंत्री देवकुमारी साहू ने बैठक का ब्योरा देते हुए बताया की देश की आबादी का पचास प्रतिशत से अधिक का हिस्सा महिलाओं का हैं। महिलाओं के विकास के लिए मोदी सरकार ने अनेक महत्वाकांक्षी योजनाए शुरु की है। महतारी योजना के तहत जंहा महिलाओं को मोदी जी गारंटी के अनुसार एक हजार रुपए प्रति माह दिया जा रहा हैं, वही लखपति दीदी योजना का भी शुभारंभ हो चुका हैं। महिलाओं की अस्मिता सुरक्षित रखने, उन्हे समाज जीवन के हर क्षेत्र में आगे बढ़ने के लिए मोदी सरकार कृतसंकल्पित हैं। यही कारण है की लोकसभा व विधानसभा चुनावों में महिलाओं को तैतीस फीसदी आरक्षण दिया गया हैं। महिलायें आज हर क्षेत्र में आगे बढ़ रही हैं इसका श्रेय मोदी जी को जाता हैं।

श्रीमती साहू ने काँग्रेसियों के दुष्प्रचार से महिलाओं को सावधान रहने की जरूरत बताते हुए कहा की पिछले चुनाव में कांग्रेस ने महिलाओं को पाँच सौ रुपए प्रति महीने देने का वायदा किया था, इतना ही नहीं महिला स्वसहायता समूहों के कर्ज माफी की भी बात कही थी, इनकी दोनों घोषणाए हवा हवाई साबित हुई। उसी तरह से अब फिर इस चुनाव में भी काँग्रेसियों द्वारा फर्जी फार्म भरवाये जा रहें हैं। जिस पार्टी का कोई भविष्य ही नहीं दिखाई दे रहा हैं उनके द्वारा भरवाये जा रहे फार्मों का भी क्या हश्र होगा यह मतदाता जान चुका हैं, माता बहने ऐसे फर्जीवाड़े से सतर्क रहें। बैठक में ग्राम भानपुरी, भोथीपार, सुरगी व टेड़ेसरा सेक्टर बनाकर इसमें महतारी सम्मान समारोह आयोजित करने का निर्णय लिया गया। बैठक को पूर्व सांसद अभिषेक सिंह व मधुसूदन यादव तथा नीलू शर्मा ने संबोधित किया इस दौरान प्रमुख रूप से रेखा मेश्राम, सरिता उईके, पुष्पा उईके, मंजु साहू, कनक दुबे, दीपा साहू, मधू साहू, प्रेमलता साहू, उषा साहू, प्रभा साहू, संध्या पांडे, प्रमिला देशलहरे, कुमारी महिलांगे, लता बाई, अंजनी यादव, चन्दा यादव, इंदु पटेल, कैलेन्द्री यादव, निशा साहू, रेखा पटेल, कमला, पूर्णिमा सहित ग्रामीण क्षेत्र की अनेक महिला कार्यकर्ता उपस्थित थी।

# रिमझिम बारिश के बीच ईद की खुशियां बिखरी

राजनांदगांव(दावा)। शांति, प्रेम, एकता व भाईचारे का प्रतीक ईदुल फितर का पर्व आज परंपरागत हार्षोल्लास के साथ मनाया गया। रिमझिम बारिश के बीच ईद की खुशियां बिखरी। बाशि के चलते ईदगाह के अलावा मस्जिदों में भी नमाज अता की गई। नमाज के बाद भाईचारे का संदेश दिया और अमन-चैन की दुआ मांगी गई। विभिन्न मस्जिदों में बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि भी पहुंचे और मुस्लिम बंधुओं से गले मिलकर ईद की मुबारकबाद दी।

संस्कारधानी में शांति, प्रेम, एकता एवं भाईचारे का प्रतीक इदुलफितर का पर्व परम्परागत हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। खराब मौसम के कारण ईद की नमाज मठपारा स्थित ईदगाह में न होकर राजनांदगांव की सभी मस्जिदों में अता की गई। जहां मुस्लिम भाईयों ने ईद की नमाज अदाकर कौम और मूल्क में शांति, खुशहाली और शांति के लिए दुआएं मांगी। इस पर्व को लेकर अभूतपूर्व उत्साह रहा और नमाज के बाद खुशियां बिखरी और सभी ने एक दूसरे से गले मिलकर बधाई दी।

**भाईचारे का संदेश : सामूहिक नमाज के बाद अमन-चैन की दुआ**





इस अवसर पर बच्चे, बूढ़े, जवान सभी नये-नये रंग बिरंगे पोशाक में शुक्राने ईद की नमाज अता करने आज मोहल्लो की मस्जिदों में पहुंचे जहां पेशईमामो ने इदुल फितर की विशेष नमाज अता कराई। इसके पूर्व उन्होंने इस पर्व की पृष्ठ भूमि में उद्देश्य एवं महत्व पर प्रकाश डाला। नमाज के पश्चात सामूहिक रूप से मूल्क और कौम में अमन, चैन, तरक्की के लिए दुआएं की गई। इस अवसर पर समाज से वर्तमान कार्यों से अवगत कराते हुए, इस वर्ष हज यात्रा जाने वाले बंधुओं का परिचय कराया गया।

वरिष्ठ अधिवक्ता एवं समाजसेवी हलीमबख्श गाजी ने बताया कि ईद अल्लाह का वह ईनाम है वह जो उसके बंदों को रमजान के महिने में की गई इबादतों के बदले मिलता है। ईद नये जीवन के आरंभ का दिन है। इसके पूर्व रमजान का पूरा महिना आयतों ईश्वरीय कृपा व शक्ति के साधन जुटाने का महिला है जिसे अल्लाह ने उन्हें ईद के रूप में ईनाम में दिया है। आज शहर के विभिन्न भागों में ईद मिलन के कार्यक्रम संपन्न हुए। ईदुलफिर पर्व पर हिंदु भाईयों ने भी मुस्लिम भाईयां के घर जाकर गले मिलकर ईद की बधाई दी एवं मुस्लिम भाईयों ने उनका सेवई, खीर, खुरमा, मेवा, मिष्ठान आदि खिलाकर, ईत्र लगाकर स्वागत किया। इस अवसर पर विभिन्न सामाजिक संगठन के लोग, जनप्रतिनिधि भी मस्जिद में पहुंचकर मुस्लिम भाईयों से गले मिलकर उन्हें ईद की बधाई दी।

नमाज के पश्चात समाजसेवी बहादुर अली, सुल्तान अली, रईस अहमद शकील, अंजुम अल्वी, परवेज अहमद, मो. अरफान शेख, इब्राहिम खान, अकरम कुरैशी, सैय्यद अफजल अली, फिरोज अंसारी, शाहिद भाई, इकरामुद्दीन सोलंकी, अय्युब भाई, मो. ईलियास, मंसूर अंसारी, रज्जाक बडगुजर, कादीर बडगुजर, जलालुद्दीन निर्बाण, रसीद अहमद खान, डॉ. अलीम सिद्दीकी, डॉ. आफताब आलम खान, नईम बख्श गाजी, समद खान, हफीज खान, इमरान बीबा, आसिर कुरैशी, रहिम मेमन, शकील अहमद अधिवक्ता ने भी मुस्लिम भाईयों से गले मिलकर ईद की मुबारकबाद दी।

ईद के मुबारक मौके पर आज नगर निगम द्वारा पेयजल व सभी मस्जिदों के आसपास साफ-सफाई की अच्छी व्यवस्था की गई थी। ट्रैफिक पुलिस एवं पुलिस विभाग की चुस्त व्यवस्था थी, जिससे चुस्त लोगों में सकारात्मक प्रतीक्रिया देखी गई। मुस्लिम समाज ने जिला पुलिस, निगम प्रशासन के प्रति अपना आभार प्रकट किया है।

## माओवादियों का कुरियर गिरफ्तार, नक्सलियों को एक ठिकाने से दूसरे पर करता था शिफ्ट; सामान की करता था सप्लाई



अम्बागढ़ चौकी (दावा)। मोहला जिले की मानपुर अंबागढ़ चौकी पुलिस को एक बार फिर बड़ी सफलता मिली है। पुलिस ने माओवादियों के बड़े नेताओं के कूरियर को गिरफ्तार किया है। आरोपी अश्वंत अंधिया नक्सलियों से पैसे लेकर उनको दूसरी जगह पहुंचाने का काम करता था और सामान सप्लाई चैन से भी यह जुड़ा हुआ था। पुलिस और आईटीबीपी की टीम ने सीतागांव क्षेत्र में लगाये गए एमसीपी में गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया है।

पुलिस ने आरोपी के पास से नक्सली सामाग्री, लोकसभा चुनाव के बहिष्कार संबंधी नक्सली पर्चा और पोस्टर बरामद किया है। पुलिस लगातार नक्सल विरोधी अभियान चला रही है। अश्वंत आंधिया के नक्सलियों के कूरियर के रूप में काम करने की लगातार सूचना प्राप्त हो रही थी। अश्वंत ने पूछताछ में बताया कि वह जनवरी 2022 से विजय रेड्डी, लोकेश सलामें, रिता सलामे, रूपेश, मंगेश, विनोद, राजे एवं अन्य नक्सलियों के संपर्क में है। वह उनके लिए सामान सप्लाई का काम करता है और उनके पैसे को एक जगह से दूसरी जगह पहुंचाने का काम करता है। इसके साथ ही 12 मार्च से 16 मार्च के बीच मे वह विजय रेड्डी से मिला था, जिसने उसे दो लाख रुपये, एक मेमोरी कार्ड रीडर और कुछ नक्सली पर्चे दिए थे। इस दौरान विजय रेड्डी ने कहा था कि दो लाख रुपये को रायपुर में 20 मार्च को एक व्यक्ति को दे देना। साथ ही मेमोरी कार्ड रीडर भी वापसी में खरीदकर लाने के लिए बोला। इस काम के लिए उसने उसे पांच हजार रुपये दिए। वहीं, उसके बताए अनुसार 20 मार्च को रायपुर पहुंचा, जहां उसे एक सफेद शर्ट और काली पैंट में व्यक्ति मिला। अश्वंत ने उसे दो लाख रुपेय दे दिए और उस व्यक्ति ने उसे अश्वंत को एक बंद लिफाफा दिया। लिफाफे को लाकर अश्वंत ने विजय रेड्डी को दिए। पूछताछ में अश्वंत ने बताया कि 2022 से लगातार नक्सलियों के लिए इस प्रकार सामान एवं पैसे पहुंचाने का काम करता था। वह नक्सलियों द्वारा दिये गये पर्चे एवं पोस्टर भी लगातार बांटने का काम करता था। अभी लोकसभा चुनाव के बहिष्कार को लेकर नक्सलियों द्वारा दिए गए पर्चे और पोस्टर को बांटने जा रहा था। इस दौरान पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर लिया।

पुलिस ने आरोपी अश्वंत आंधिया के कब्जे से नक्सली पोस्टर और चुनाव बहिष्कार से संबंधित पर्चे, एक मोटरसाइकिल और एक मोबाइल फोन जब्त किया गया है। इसमें भारी मात्रा में नक्सली गतिविधियों से संबंधित फोटो व अन्य दस्तावेज हैं। आरोपी को छत्तीसगढ़ विशेष जन सुरक्षा अधिनियम 2005 की धारा 8 (3) (5) के तहत कार्रवाई करते हुए गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया है।




## कांग्रेस प्रत्याशी भूपेश बघेल आज राजनांदगांव विधानसभा क्षेत्र में



राजनांदगांव (दावा)। लोकसभा चुनाव में कांग्रेस प्रत्याशी पूर्व मुख्यमंत्री छत्तीसगढ़ भूपेश बघेल राजनांदगांव विधानसभा क्षेत्र में ग्रामों में आज जनसंपर्क करेंगे।

प्रदेश कांग्रेस प्रवक्ता एवं लोकसभा मीडिया प्रभारी रूपेश दुबे ने बताया कि लोकसभा प्रत्याशी भूपेश बघेल दोपहर 1 बजे अंजोरा से जनसंपर्क प्रारंभ करते हुए कोपेडीह, देवादा, टेडेसरा, फुलझर, नवागांव, इंदावानी, सोमनी, ईरा, धीरी, सांकरा, खुटेरी, ठाकुरटोला, तोरणकट्टा, सुंदरा, पारींकला, सिंघोला में जनसंपर्क करेंगे।

# मध्यप्रदेश सीहोर की टीम गुल्लक के बच्चों ने किया लोकसभा के लोकप्रिय प्रत्याशी भूपेश बघेल का प्रचार

राजनाँदगाँव (दावा)। लोकसभा चुनाव में इस दिन टीम गुल्लक बड़ी सुर्खियों में है जो शहरी क्षेत्र में डोर टू डोर जा कर लोकसभा प्रत्याशी भूपेश बघेल को जीत दिलाने के लिए खासा प्रचार प्रसार कर रहे है इस टीम की खास बात यह है कि इस टीम के सभी युवा सदस्य भाई-बहन है और फर्स्ट टाइम वोटर भी है।

**टीम गुल्लक ने बताया भूपेश बघेल के कार्यो से है प्रभावित, सभी सदस्य एक ही परिवार से फस्ट टाइम वोटर**



ज्ञात हो कि भारत जोड़ो न्याय यात्रा के दौरान राहुल गांधी जब महाराष्ट्र होते हुए मध्यप्रदेश पहुचे थे तो इसी टीम के 10 वर्षीय सदस्य ने नेक काम के लिए अपनी गुल्लक से भरी पॉकेट मनी उन्हें भेंट की थी साथ ही भारत जोड़ो यात्रा के दौरान टीम ने मध्यप्रदेश से जम्मू काश्मीर तक भी यात्रा पूरी की थी। अब यह टीम राजनांदगांव में है और टीम का कहना है कि वे स्वयं प्राइवेट स्कूल से सीबीएसई में पढ़ाई की है परंतु जो सुविधा भूपेश बघेल अपने कार्यकाल में सरकारी स्कूल को दी है वह उनके निजी स्कूल में भी नही है। टीम गुल्लक ने अपनी 12वी की पढ़ाई पूरी कर ली है और छुट्टी के दिनों में वे काँग्रेस की विचारधारा से लोगों को जोड़ने के उद्देश्य से इस चुनाव में अपना एक बून्द-बून्द सा पानी भर कर देश के दमदार नेता भूपेश कका के पक्ष में प्रचार करने अपने व्यय से परिजनों की अनुमति से यहां आए हुए है।

टीम गुल्लक ने राजनाँदगाँव पहुच सर्वप्रथम नगर की शीतला मंदिर माता टेका भूपेश बघेल के जीत की कामना की तत्पश्यात महापौर से मुलाकात की फिर प्रदेश के अग्रणीय दिग्विजय महाविद्याय पहुच छात्रसंघ पूर्व अध्यक्ष एवं युवा पार्षद ऋषि शास्त्री, युवा प्रदेश कांग्रेस की नेत्री प्रीति वैष्णव एवं एनएसयूआई के प्रदेश महासचिव राजा यादव के सहयोग से कैपेनिंग प्रारंभ की है। इन बच्चों के द्वारा काँग्रेस और भूपेश कका के बारे में दी जा रही जानकारी, ऊर्जा और भाषा शैली से फर्स्ट टाइम वोटर्स खासा प्रभावित हो रहे है।

## नगर पालिका उपाध्यक्ष सहित महिला पार्षद व दो पूर्व पार्षदों ने मुख्यमंत्री के समक्ष भाजपा की सदस्यता ग्रहण की

डोंगरगढ़ (दाबा)। कांग्रेस को समर्थन दे रहे नगरपालिका उपाध्यक्ष उमा महेश वर्मा व गार्ड नंबर 8 की पार्षद श्रीमती अलका जयेश सहारे के भाजपा प्रमेश करते ही पालिका में सताक्षीन कांग्रेस अल्पमत में आ गई है। प्रदेश भाजपा संगठन में महामंत्री का दायिन निभा रहे, डोंगरगढ़ के पूर्व निधायक रामजी भारती के नेतृत्व में पालिका उपाध्यक्ष व पार्षद सहित पालिका के दो पूर्व पार्षदों के साथ दर्जनों लोगों ने मूढीपार में आयोजित मुख्यमंत्री की चुनावी सभा के दौरान भाजपा का दामन थामा। मुख्यमंत्री श्री साय ने प्रदेश भाजपा महामंत्री रामजी भारती की अनुशंसा पर सभी तो भाजपा प्रवेश पर बधाई देते हुए, भाजपा का गमछा भेंट कर स्वागत किया।



**भाजपा महामंत्री रामजी भारती के नेतृत्व में भाजपा प्रवेश किया पालिका उपाध्यक्ष व पार्षद ने पालिका में बहुमत के साथ सत्ता हासिल करने के लिए जोर लगाएंगी भाजपा**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की रीति नीति और प्रदेश सरकार की जनकल्याणकारी योजना से प्रभावित हो कर नगरपालिका उपाध्यक्ष उमा महेश वर्मा और वार्ड 08 की निर्दलीय पार्षद श्रीमती अलका जयेश सहारे, पूर्व पार्षद देवेन्द्र साखरे, राकेश वैष्णव ने अपने दर्जनों समर्मकों के साथ प्रदेश के मुखिया विष्णु देव साग के समक्ष मूडीपार में आयोजित चुनावी सभा में भाजपा प्रवेश कर नगर पालिका में कांग्रेस को बड़ा झटका दिया। भाजपा प्रवेश में सबसे महत्वपूर्ण भूमिका, रामजी भारती प्रदेश महामंत्री के नेतृत्व में मंडल अध्यक्ष अमित जैन, वरिष्ठ जनपद सदस्य रवि अग्रवाल और पूर्व मंडल अध्यक्ष महेंद्र भाई पटेल की रही।

### पालिका में भाजपा के अध्यक्ष बनने का मार्ग प्रशस्त होगा

दो निर्दलीय पार्षदों के भाजपा में प्रवेश करते ही पालिका में सत्ताचीन कांग्रेस अल्पमत में आ गई है। कांग्रेस शासन के दौरान दोनों निर्दलीय पार्षदों ने पालिका में कांग्रेस का अध्यक्ष बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी। भाजपा प्रवेश करने वालों ने भाजपा की सदस्यता दिलाने निर्दलीय पार्षदों द्वारा भाजमा प्रदेश महामंत्री रामजी भारती को विधिवत आवेदन दिया। श्री भारती को दिए गए आवेदन में कहा गया है कि, वे देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की नीति से प्रभावित होकर प्रदेश के मुखिया विष्णुदेव साय के नेतृत्व में भाजपा की सदस्यता निःशर्त ग्रहण करना चाहते है।

## अग्रवाल ट्रांसपोर्ट से नगदी वह कागजात की चोरी

राजनांदगांव (दावा) कोतवाली थाने से थोड़ी दूर जीई रोड में स्थित अग्रवाल ट्रांसपोर्ट में अज्ञात चोर द्वारा शटर तोड़कर गोदरेज अलमारी में रखे नगदी रकम और जरुरी कागजात लेकर चंपत हो गये। घटना बुधवार गुरुवार के दरमियान रात की बताई जाती है। बताया जा रहा है कि इसके पहले वहा पूर्व में भी चोरी हो चुकी है । बता दें कि अग्रवाल ट्रांसपोर्ट चौक में प्रायः देखने में आया है कि यहां पर स्ट्रीट लाइट प्रायः बंद रहती है । रात में यहां पर से आवाजाही करने वालों का हमेशा जान का खतरा बना रहता है। इस चौक में पूर्व में कई दुर्घटनाए भी हो चुकी है। इसके चलते रात में अंधेरे का फायदा उठाकर चोर- बदमाश अपना करामात दिखा जाते हैं। बताया जाता है कि ट्रांसपोर्ट में सीसी केमरा भी लगा हुआ है। चोर संभवतः चार बजे के बाद चोरी करने घुसा है और गोदरेज आलमारी को तोड़ कर नगदी वह कागजात ले उड़े। चोर द्वारा कागजातों का ले जाना, कुछ जाना समझा प्रतीत हो रहा है।

बताते चलें कि कल रायपुर में भी दर्जन भर दुकानों का ताला तोड़कर चोरी की गई है जिसका भी सीसी टीवी में दिखाई दे रहा है। शहर के कोतवाली थाने के पास और जीईरोड में चोरी होने से लोग पुलिस की कार्य शैली पर सवाल उठाने से नहीं चूक रहे है।

## परशुराम भवन से निकली गणगौर की शोभायात्रा





राजनांदगांव (दावा)। श्री मारवाड़ी गौड़ ब्राह्मण महिला मंडल के द्वारा राजस्थानी ओजस्विता से परिपूर्ण आस्था और प्रेम का प्रतीक गणगौर महोत्सव की शोभायात्रा परशुराम भवन मठपारा से धूमधाम से निकल गई श्री मारवाड़ी गौड़ ब्राह्मण महिला मंडल की अध्यक्ष श्रीमती माया शर्मा ने बताया यह राजस्थान का महापर्व है महिलाएं सोलह सिंगार करके राजस्थानी वेशभूषा में ईसर और गौर जी जो भगवान शिव और पार्वती के स्वरूप माने जाते हैं का मिट्टी के कलश में फूल और पत्तियों से जेड सजाकर मीठे गुणा और दूर्वा से ईश्वर की गणगौर माता की पूजा करती है सुहागन स्त्रियां अपने सुहाग की लंबी उम्र की कामना करती है और कुंवारी कन्या होली पर्व के दिन से 16 दिन तक पूजा कर अंतिम दिन आज चैत्र कृष्ण पक्ष की तीज को अपने लिए अच्छा वर की कामना करते हुए पूजन करती है तथा शाम के समय इन्हें विसर्जन किया जाता है

आज शोभायात्रा में दो बच्चों को ईसर और गोरा बनाकर उन्हें बग्गी मैं बैठ कर पूजन किया गया और धूमधाम से शोभायात्रा निकाली गई समाज की सभी महिलाएं इसमें शामिल हुई और इस महापर्व और शोभायात्रा का पूर्ण आनंद और पुण्य लाभ लिया। इस शोभायात्रा में लोकसभा प्रत्याशी भूपेश बघेल की पत्नी व महापौर हेमा देशमुख, कोषाध्यक्ष गीता शर्मा, सचिव पूजा हटिका सहित समाज की बड़ी संख्या में महिलाएं शोभायात्रा में शामिल हुई।

# आतंकवादियों व नक्सलियों के साथ कांग्रेस भी मोदी जी के जान की दुश्मन बनी - संतोष पांडे

राजनांदगांव (दावा)। भाजपा के प्रत्याशी संतोष पांडे आज दोपहर तक तथा दोपहर बाद मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की सभा से निवृत होकर देर रात तक खैरागढ़ विधानसभा क्षेत्र के ग्रामीण अंचलों का प्रवास किया। गांव-गांव में पार्टी के चुनाव चिन्ह कमल फूल को मिल रहें अपार जनसमर्थन से गदगद दिख रहे हैं, श्री पांडे ने जनसम्पर्क के दौरान सभी से आत्मीय रूप से मुलाकात की किसी के कंधे पर हाथ रखा तो किसी को गले लगाया, बुजुर्गों से झुककर आशीर्वाद लिया, माताओं से विजय श्री प्राप्त करने का समर्थन माँगा।

ढोल नगाड़ों व धुमाल की धुन पर जगह-जगह उनके स्वागत का अनवरत दौर चलता रहा जनसम्पर्क की तमाम व्यवस्तताओं के बावजूद नवरात्रि पर्व को ध्यान में रख कर मंदिरों में जाकर माता भवानी का आशीर्वाद लेना वे नहीं भूल रहे थे। भाजपा मीडिया सेल द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार इस दौरान अनेक स्थानों पर श्री पांडे ने कहा कि जब से प्रधानमंत्री मोदी जी ने देश की बागडोर संभाली हैं, तब से देश में आर्थिक विकास की बयार बह रही हैं। कभी आतंकवादी हमलों व विमान अपहरण के लिए सुर्खियों में आने वाले भारत की पहचान आतंकवादियों को घर में घुस कर मारने वाली बन गई हैं। मोदी जी के नेतृत्व में यह नया भारत हैं जो आतंकवादियों को दुनिया के चाहे जिस कोने में हो उन्हे मार गिराया जा रहा हैं। पहले कभी मुंबई में, दिल्ली में, बैंगलोर में, हैदराबाद में, कभी बसों में, कभी ट्रेनों में आये दिन आतंकवादियों के हमले हुआ करते थे जिसमें बेकसूर लोग मारे जाते थे किन्तु अब मोदी जी के नेतृत्व में देश की यह तस्वीर बदल गई है।

**ये नया भारत है जो घर में घुसकर मारता हैं**



अब आतंकवादी आम लोगों को नहीं मार पा रहें है, बल्कि खुद भारत की सेना व हमारे जवान आतंकवादियों को मार गिरा रहें हैं। अब भारतवासी चैन की नींद सो पा रहें हैं। चाहे दक्षिण भारत हो, चाहे उत्तर भारत हों आतंकवादी किसी हमले की योजना को अमलीजामा पहना पाए इसके पहले ही उन्हे धर दबोच दिया जा रहा हैं, पाकिस्तान में छुपकर भारत में आतंकवाद की साजिश रचने वाले भी अब नये भारत में सुरक्षित नहीं हैं। पाकिस्तान में छिपे भारत के आतंकवादियों को पाकिस्तान की गुप्तचर एजेंसी आईएसआई सुरक्षित ठिकानों 'सेफ हाउस' में छुपाकर रख रही हैं, भारतीय सेना का यह भय आतंकवादियों के लिए मुसीबत और भारत वासियों के लिए गर्व से सिर उठाने का समय हैं।

श्री पांडे ने आगे कहा की देश की आंतरिक सुरक्षा के लिए खतरा बन रहे आतंकवादियों के सफाये के साथ-साथ नक्सलवादियों के सफाये की भी जोरदार मुहिम चल रही हैं। छत्तीसगढ़ में जब से विष्णु देव साय की भाजपा सरकार बनी हैं तब से ढेर सारे मुठभेड़ों में कई दर्जन नक्सलियों को सांय-सांय मार गिराया जा रहा हैं। अब छत्तीसगढ़ में आलम यह हैं की नक्सलवादी भाग रहें हैं और सुरक्षाबल उन्हें घेरकर मार रहे हैं। यह क्षेत्र व राष्ट्र की सुरक्षा के प्रति भाजपा की प्रतिबद्धता हैं जिससे सुरक्षाबलों बुलंद व आतंकियों और नक्सलियों के हौसले पस्त हैं। श्री पांडे ने जोर देकर कहा की देश में लोकसभा चुनाव के दौरान कांग्रेस के लोग कभी मोदी जी को लाठी मारने, उनका सिर फोड़ने और आज तो गजब हो गया जब बस्तर के एक बड़े कांग्रेस नेता ने मोदी मरेगा की सुपारी अपनी हाथों मे ले ली।

इस तरह के बयान कांग्रेस के ऐसे बड़े नेताओं द्वारा दिये जा रहें हैं जो बरसों बरस तक सांसद, विधायक, या मंत्री रहें हैं, इन्हें संसदीय मर्यादा व लोकतंत्र का पूरा ज्ञान हैं बावजूद ऐसे कांग्रेस के लोगों का मोदी जी की जान का दुश्मन बन जाना कोई स्वाभाविक विषय नहीं लगता। ऐसा लग रहा हैं मानो आतंकियों, नक्सलियों तथा देश विरोधी तत्वों के आँखों की किरकिरी बने प्रधानमंत्री मोदी के खिलाफ कोई गहरी साजिश रची जा रही हैं, जिसमें कांग्रेस के लोगों का समर्थन साफ दिखाई पड़ रहा हैं। श्री पांडे ने कहा की मोदी जी को सत्ता से हटाने के लोकतान्त्रिक तरीके से बुरी तरह से परास्त हुई कांग्रेस और उसके नेता बौखलाहट में किसी भी हद तक जा रहें हैं, उन्होंने आम लोगों से सावधान व सजग रहकर कमल फूल छाप का बटन दबाने का आह्वान किया ताकि देश विरोधी तत्वों को मुंहतोड़ जवाब दिया जा सके।

## आराधना मंच ने की पदयात्रियों की सेवा....



**राजनांदगांव ( दावा )। आराधना मंच द्वारा नवरात्रि में बल्देवबाग रोड में यात्रियों को शर्बत पिलाया गया। इस दौरान मंच की अलका जानी, सरस्वती माहेश्वरी व अन्य समाजसेवी महिलाएं के अलावा कस्तूरबा विद्यालय के प्रवीण गुप्ता, सीताराम वैष्णव सहित अन्य जन उपस्थित थे।**







स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक व मुद्रक दीपक कुमार बुद्धदेव द्वारा स्वस्तिक ऑफसेट एण्ड स्क्रीन प्रिंटर्स, बल्देवबाग रोड, राजनांदगांव से मुद्रित कर प्रकाशित। सम्पादक दीपक कुमार बुद्धदेव।
* समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के तहत जिम्मेदार। * किसी भी विवाद की स्थिति में न्यायिक क्षेत्र राजनांदगांव रहेगा। फोन नं. – 07744-406631 e-mail : dainikdawa_rjn@yahoo.com